# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# दुर्गा पूजा में धीमे बजे साउंड, कृत्रिम तालाब में होगा विसर्जन

**पीस कमेटी की बैठक**

**बड़हलगंज/खजनी/मझगांवा (एसएनबी)।** दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को बड़हलगंज कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार पर किसी भी प्रकार का खलल डालने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही गयी। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा पूजा कमेटी के सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी राजू कुमार और सीओ गोला रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि सभी लोग शांति एवं भाईचारे के साथ पूजा में शामिल होकर आपसी सद्भावना का परिचय दें। जितनी भी प्रतिमा होंगी कमेटी के लोग कम से कम चार सीसीटीवी लगवाए ताकि कानून व्यवस्था का सही पालन हो। डीजे नहीं लगेगा केवल दो साउंड लगेंगे और आवाज बहुत तेज नहीं होनी चाहिए। थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह ने कहा कि कृत्रिम तालाब में ही विसर्जन होगा। मुख्य नदी में कहीं भी विसर्जन नहीं होगा यदि ऐसा होता है तो कानूनी कार्रवाई होगी।

- त्योहार में खलल डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा : उपजिलाधिकारी खजनी
- खजनी क्षेत्र में 197 मूर्ति होंगी स्थापित : एसओ
- हर पंडाल में लगेगा चार सीसीटीवी कैमरा

पूजा कमेटी के लोगों को सचेत करते हुए कहा कि कोई फूहड़ गाने नहीं बजेगा। हर पांडाल में सीसीटीवी लगावें जिससे की अराजक तत्व भयभीत रहें। सभी जगह एक पोस्टर लगा दें कि आप सीसीटीवी कैमरे की नजर में हैं। सभी पांडाल में विद्युत वायरिंग अच्छी तरह से करावें। हर पांडाल के पास बाल्टी में बालू रखें।

बैठक में मौजूद लोगों ने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि पूजा पर किसी भी तरह का अनैतिक रंग नहीं चढ़ने दिया जाएगा। इस अवसर पर कस्बा इन्चार्ज आदित्य उपाध्याय, एस आई संजय पाल, एसआई केके सिंह, बिजली विभाग धनंजय सिंह, नगर पंचायत से सुरेश कुमार समेत श्रवन जयसवाल विकास गुप्ता, आकाश जायसवाल, अनिकेत कसेरा, परमात्मा, गोलू सोनकर, मयंक मणि त्रिपाठी, प्रितेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



खजनी थाने में पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक।

**खजनी** में नवरात्र दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में बैठक आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह, विशिष्ट अतिथि सीओ एवं संचालन थानाध्यक्ष सदानंद सिन्हा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्राधिकारी खजनी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनायें, पुलिस 24 घंटे आपके सहयोग के लिये तैयार है। बैठक में खजनी थाने के एसएसआई बलिराम पाण्डेय, कृष्णनन्दन कुशवाहा, मूर्तिकार एवं मां दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**मझगांवा** प्रतिनिधि के अनुसार गगहा के थाना प्रभारी राजमणि शुक्ल ने कहा कि दुर्गा प्रतिमा की स्थापना मानक व नियमसंगत होनी चाहिये, बिना शासन की अनुमति लिये कहीं भी कोई नई प्रतिमा नहीं स्थापित होगी। लोग शान्तिपूर्ण तरीके से पूजा पाठ करें अगर कोई अराजकता फैलाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्योहार में नशा करके उत्पात करने वाले उपद्रवियों पर नजर रखें। सभी को मिलजुलकर त्योहार मनाना है। उक्त अवसर पर भाजपा गगहा के मण्डल अध्यक्ष संतोष चन्द,एसएसआई शमशेर सिंह,एसआई सोनेन्द्र सिंह,प्रधान संदीप मौर्य, मंटू चन्द,दीनबन्धु प्रसाद,रवि सिंह,विकास सिंह भदौरिया, आनन्द कुमार,महेश चौबे,एकांश सिंह,शुभम सिंह,प्रधान राजेन्द्र द्विवेदी, विनोद चौहान, शैलेश चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी द्वारा जिला कारागार, गोरखपुर का सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक, अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटवरिष्ठ जेल अधीक्षक, जेलर व जेल के अन्य जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश द्वारा सर्वप्रथम पाकशाला, पाठशाला, नव निर्मित महिला बैरक, पुरूष बैरक, बच्चा बैरक, चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समक्ष आयी कमियों के सुधार हेतु वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। साथ ही साथ जिला कारागार, गोरखपुर में निरूद्ध पुरूष एवं महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गयी है एवं वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह बीमार सभी बंदियों को विशेष रूप से ध्यान रखें। नियमित रूप से बैरक की साफ-सफाई करवाते रहे। जिन बंदी के पास अधिवक्ता नही है या ऐसे बंदी जो जमानतदार के अभाव में अभी तक जेल में निरूद्ध है, का प्रार्थना पत्र तैयार कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध करावे जिससे उक्त बंदी के मुकदमें में अधिवक्ता नियुक्त हो सके। यह जानकारी विकास सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर द्वारा दी गयी।




जिला कारगार से निरीक्षण कर बाहर निलते जिला जज तेज प्रताप तिवारी व जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश व अन्य अधिकारी।

# दो लाख रुपए मूल्य की दवाएं जब्त

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर मिली शिकायत को संज्ञान में लेते हुए ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार मय टीम के साथ चौरी चौरा क्षेत्र के सीएचसी अस्पताल मुंडेरा बाजार के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने शिकायत को सही पाया। छापेमारी में भारी मात्रा में बिना कागजात की दवा पकड़ी गई है। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा दुकान से करीब दो लाख रूपये की दवा जप्त किया गया है और मौके से दो दवाओं का सैंपल लिया गया है। ड्रग विभाग की छापेमारी की सूचना पर पूरे क्षेत्र में दवा की दुकानों का शटर धड़ाधड़ गिरना शुरू हो गया, और देर शाम तक दवा की दुकानों बंद रहा। इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने बताया कि पोर्टल पर एक युवक द्वारा मिली शिकायत की जांच में एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

# युवक को पीटकर किया घायल, केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम हड़ियाडीह निवासी झिनकान पुत्र सम्पत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तामा निवासी चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 352, 351(3) मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम हड़ियाडीह निवासी झिनकान पुत्र सम्पत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार को दिन में डेढ़ बजे के करीब मैं अपने गांव के बगल पुलिया पर बैठा था। पुरानी रंजिश को ले कर ग्राम पंचायत तामा निवासी राजकुमार पुत्र अज्ञात, कमलेश पुत्र भद्दर, उमेश पुत्र राजकुमार, भद्दर पुत्र अज्ञात आकर अचानक भद्दी -भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल झिनकान को अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि झिनकान की तहरीर पर ग्राम पंचायत तामा निवासी चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

# भूमि दिलाने के नाम पर दो लाख हड़पने वाले पर केस

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आलमचक गांव के राजेन्द्र यादव को भूमि दिखाकर एक लाख, 95 हजार रुपये लेने के बावजूद उन्हें 6 साल से बैनामा न कराकर हीलाहवाली करने तथा अब जानमाल की धमकी देने वाले आरोपित रामनगीना यादव के विरूद्ध कैम्पियरगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के आलमचक गांव निवासी राजेंद्र यादव ने बताया कि जनवरी 2019 में गांव के रामनगीना व उनके पिता बैजनाथ मेरे घर आये और कहे कि बेटी का गवना है। पैसे की सख्त आवश्यकता है। चकमार्ग से सटे आराजी नंबर 1134 रकबा 0281 हेक्टेयर भूमि काफी सस्ते में बेचना चाहते हैं। अगर चाहे तो उसे खरीद सकते हैं। मैं उनकी बातों में आ गया और जमीन देखकर 78 हजार रूपए डिसमिल में खरीदने को तैयार हो गया। रामनगीना के खाते में 30 जनवरी, 2019 को 80 हजार रुपये तथा 15 मार्च, 2019 को 49500 रूपए भेज दिया। तथा लड़की के शादी में 65500 नगद दिया। जमीन के नाम पर कुल 1 लाख 95 हजार ले लिया और जमीन लिखने में आनाकानी करने लगे। संदेह होने लगा तो समाज के कुछ संभ्रांत लोगों की पंचायत बुलाई। पंचायत में इकरारनामा पर हस्ताक्षर कर हामी भी भरे। लेकिन बैनामा न कर हीलाहवाली की जाती रही। लगातार कोई न कोई बहाना बनाकर

■ दिखाई भूमि को आरोपित ने साल 2008 में ही बहन का कर दिया है बैनामा

टालते रहे। वर्ष 2022 में तयशुदा जमीन पर रामनगीना की बहन अनीता देवी अपना मकान बनाने लगी। ऐतराज किया तो अनीता व उसके पति ने कहा कि जमीन भूल जाओ। रामनगीना ने लड़की की शादी में पैसा लेने के लिए तुम्हें बेवकूफ बनाया है। तयशुदा जमीन को 19 फरवरी, 2008 को अनीता को रजिस्टर्ड बैनामा कर चुके थे। खारिज दाखिल नहीं कराये था। उस जमीन को दिखाकर अन्य लोगों से पैसा हड़पे हुए हैं। जब मैंने कानूनी कार्यवाही करने की धमकी दी तो 20 फरवरी, 2024 को मेरे खाते में 1 लाख 29 हजार 500 रूपए नेफ्ट के माध्यम से भेजवा दिया। जब मैं खाते से पैसा निकालने गया तो बैंक मैनेजर ने बताया कि निकासी पर रोक लगी है। जब मैंने नगीना उर्फ रामनगीना यादव से संपर्क किया तो उसने कहा कि अगर पुलिस को सूचना दी या कानूनी कार्यवाही की तो पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे। मैंने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। 8 अप्रैल, 2024 को न्यायालय जेएम तृतीय के न्याय की गुहार लगाई। जिस पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। सोमवार को कैम्पियरगंज पुलिस ने आरोपी रामनगीना के खिलाफ धारा 419,406,430,506 का मुकदमा दर्ज किया।

# फरियादियों से किया जाए शालीन व्यवहार

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** सोमवार को एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने हरपुर-बुदहट थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद मातहतों से कहा कि थाना पर पहुंचने वाले फरियादियों से शालीन व्यवहार करें जिससे आमजन पुलिस को अपना मित्र समझें।

एसपी के थाने पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया। इसके बाद उन्होंने थाने के कंप्यूटर कक्ष, एचएम कार्यालय, हथियार माल खाना, माल खाना, पुरुष हवालात, आरक्षी बैरक तथा पुलिस थाने के मेस का भी निरीक्षण किया। हथियार माल खाने में पुराने पड़ी फाइलों के निस्तारण के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का भी अवलोकन किया। इस दौरान थाने के विभिन्न मामलों के बारे में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे से जानकारी ली। हथियार मालखाने के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर लैग गार्ड, सुरक्षा कवच व हेलमेट पड़े देख सभी जवानों से किस तरह उपयोग किया जाता है, की जानकारी ली। इस दौरान थाने में पुलिस के द्वारा महीनों से जब्त पड़े वाहनों की भी जानकारी ली। वहीं थाने में साफ सफाई के साथ स्वच्छ वातावरण की सहराना की। इस दौरान एसपी ने गांवों के क्राइम से निपटने की जानकारी ली। वहीं थाने के मुख्य द्वार पर बने

■ हरपुर-बुदहट थाने का एसपी नार्थ ने किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

स्वागत कक्ष में बैठने वाली पुलिसकर्मी से वार्ता की तथा थाने में होने वाली प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे तक की जनसुनवाई का फीड बैक भी लिया। मौजूद पुलिसकर्मियों को एसपी नार्थ ने बताया कि थाने में आने वाली सभी फरियादियों से शालीनता से उनकी समस्या सुनकर उनका सही समाधान करने की बात कही। अधीनस्थ कर्मचारियों को कानून व्यवस्था के टिप्स बताएं। इस दौरान थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे, उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, विशाल यादव, आलोक सिंह, सौरभ शर्मा, प्रवीण कश्यप, गिरीश मिश्र, राहुल दुबे,शिव चन्द पटेल, हेड मुहर्रिर अच्युतानंद राय, कांस्टेबल विरेन्द्र यादव,विजय नागवंशी,केशव प्रसाद, सुधाकर यादव, श्याम विशाल, जयप्रकाश यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## लापता किशोर का शव बरामद

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के माधोपुर ग्राम सभा के शोभइता निवासी 15 वर्षीय किशोर रामचरन पुत्र परीखन का शव कनाल नाला से पुलिस ने बरामद किया। यह युवक तीन दिन से लापता था। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पुलिस आधा दर्जन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 6.50 लाख हड़पे

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के जंगल तुलसीराम बिछिया निवासी बेरोजगार युवक को उत्तराखंड में समूह ग की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 6.42 लाख रुपये हड़प लिए। एसएसपी के निर्देश पर रविवार को शाहपुर पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के मईल इलाके के पिपरा रामधन निवासी अभिषेक तिवारी शाहपुर इलाके के जंगल तुलसीराम बिछिया स्थित अकोलवा में रहते हैं। उन्होंने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मेरे पिता के पूर्व परिचित सुधीर कुमार मिश्रा की पुत्री की शादी में जनवरी में पिता के साथ उत्तराखंड गए थे। बातचीत के दौरान सुधीर कुमार मिश्रा ने उनके पिता से कहा कि उनकी उत्तराखंड शासन में बहुत अच्छी पकड़ है। आप कहे तो उत्तराखंड में आपके बेटे को समूह ग में नौकरी लगवा दे। उसके बाद फार्म भरने के लिए जरूरी कागजात व्हाट्सएप पर लेकर 30 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित के पिता आरोपी के झांसे में आ गये और 30 हजार रुपये आरोपी के बताए गए यूपीआई नंबर में भेज दी। इसी

**■ एसएसपी के निर्देश पर शाहपुर पुलिस ने दर्ज किया 10 के विरूद्ध केस**

तरह मेडिकल कराने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक कई यूपीआई नंबर पर 642 लाख रुपये ले लिया। जून में पीड़ित ने आरोपी से नियुक्ति पत्र के बारे में पूछा तो आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर नियुक्ति पत्र भेज दी जिसमें प्रतीक्षा सूची में नाम था और डीएम उधमपुर और उत्तराखंड प्रमुख सचिव का मोहर हस्ताक्षर लगा था। 11 जुलाई को पीड़ित के पिता उत्तराखंड के डीएम उधमपुर नगर कार्यालय में गए तो वहां पता चला कि यह नियुक्ति पत्र फर्जी है फिर आरोपी के घर गए तो वह नहीं मिला। वहां पता चला कि कई लोगों से नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये ले लिया है। आरोपी के नंबर पर फोन करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद पीड़ित ने गोरखपुर एसएसपी से गुहार लगाई। उनके निर्देश पर शाहपुर पुलिस ने उत्तराखंड उधमपुर नगर के ग्राम कीरतपुर रुद्रपुर सिटी निवासी सुधीर मिश्रा, पूनम मिश्रा, अर्जुन छाबड़ा, चंद्रपाल सिंह, इमरान हुसैन,सादाबनाज, राधारानी, हरीश प्रजापति और फैजराज खान के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला पुलिस संभालेंगी सुरक्षा की कमान

**गोरखपुर(एसएनबी)।** बंगाली समिति दुर्गाबाड़ी के तत्वावधान में दुर्गाबाड़ी परिसर में दुर्गा पूजा एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था आदि को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, विद्युत विभाग की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट हिमांशु वर्मा, ने कहा बंगाली समिति द्वारा मनाऐ जाने वाला पूजा

**■ बंगाली समिति दुर्गाबाड़ी की संयुक्त बैठक संपन्न**

जनपद की सबसे प्राचीन पूजा है। इसके साथ सभी लोगों की भावना और आस्था जुड़ी है। अतः प्रशासनिक व्यवस्था में कोई कमी नहीं आएगी। समिति द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाने पर एस पी सीटी अभिनव त्यागी ने कहा कि इस वर्ष महिला पुलिस कर्मी की तैनाती अधिक की जाऐगी। उन्होंने रामलीला समिति एवं राघव शक्ति मिलन कमेटी को समय पूर्वक मिलन कराने का निवेदन भी किया एवं विद्युत विभाग व नगर निगम के उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। इस अवसर पर बैठक में सी ओ कोतवाली गौरव त्रिपाठी, एसओ राजघाट इत्यानंद पांडेय, एसओ तिवारीपुर अर्चना सिंह, चौकी इंचार्ज दया शंकर यादव, राम लीला समिति के गणेश वर्मा, हरिद्वार वर्मा, राघव शक्ति मिलन केराकेश वर्मा एवं अनूप अग्निहोत्री, बंगाली समिति के अध्यक्ष डॉ. अमर नाथ चटर्जी, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण नन्दी, सचिव अभिषेक चटर्जी, कोषाध्यक्ष सुभोजीत नियोगी, आचिंत्य लाहिड़ी व अजय चटर्जी आदि उपस्थित रहे।



दुर्गाबाड़ी में दुर्गा पूजा व विसर्जन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी।

# नियम विरुद्ध चल रहे 709 वाहनों का चालान

जासं, गोरखपुर : यातायात पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाकर 709 वाहनों का चालान किया। पुलिस ने इनसे शमन शुल्क के रूप में 57 हजार 500 रुपये की वसूले।

एसपी यातायात संजय कुमार के नेतृत्व में चले अभियान में पुलिस ने रेलवे, रोडवेज बस स्टेशन से अतिक्रमण को हटवाया। अवैध रूप से संचालित टैक्सियों की जांच कर नौ को यातायात यार्ड में भेजा। नो पार्किंग में खड़े 104 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों पर चले अभियान में 596



वाहनों को नियम विरुद्ध चलने पर पुलिस ने चालान काटा। एसपी यातायात ने बताया कि कुल 709 वाहनों का चालान कर 57 हजार 500 रुपये की वसूली की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**एसपी ने थाने का किया निरीक्षण :** हरपुर-बुदहट : एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को हरपुर-बुदहट थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने थाने के कंप्यूटर कक्ष, एचएम कार्यालय, हथियार, माल खाना, पुरुष हवालात, आरक्षी बैरक तथा मेस का निरीक्षण किया। हथियार माल खाने में पुराने पड़ी फाइलों के निस्तारण के निर्देश दिए। थाने में पड़े वाहनों की जानकारी ली, हर दिन होने वाली जनसुनवाई के बारे में पूछा।

# शीश महल मंदिर में चोरी, कई मूर्तियां खंडित

## एक गिरफ्तार, तिवारीपुर के जाफरा बाजार की है घटना, जांच में सामने आया भूमि विवाद

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: जाफरा बाजार स्थित शीश महल मंदिर में शनिवार की रात चोरी करने के बाद चोर ने कई मूर्तियों को तोड़ (खंडित कर) दिया। जानकारी होने पर पहुंचे देखरेख करने वाले परिवार ने दूसरे समुदाय पर कब्जा करने की नीयत से वारदात करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। संदेह के आधार पर मंदिर के पास घूम रहे युवक को पकड़ने के बाद पुलिस को सिपुर्द कर दिया। तिवारीपुर थाना पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। उसके साथियों की तलाश चल रही है।

जाफरा बाजार स्थित शीश महल की देखरेख मोहल्ले के अनिल गुप्ता, श्याम गुप्ता व प्रमोद गुप्ता करते हैं। जिस भूमि पर मंदिर है उस पर कब्जे



शीश महल मंदिर में खंडित हुई मूर्ति
● सौ. इंटरनेट मीडिया

को लेकर दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति से विवाद चलता है, मामला न्यायालय में लंबित है। शनिवार की

**200 वर्ष पुरानी वताई जा रही हैं मूर्तियां**

मंदिर की देखरेख करने वाले परिवार ने तहरीर में लिखा है कि मंदिर में 15 मूर्तियां थी जो 200 वर्ष पुरानी हैं। चोरी करने वाले ने सभी मूर्तियों को खंडित कर दिया है। सभी मूर्ति का पादुका, ठाकुर जी का सिंहासन, पीतल का घंटा व सभी बर्तन गायब हैं। मंदिर के गेट को अंदर से बंद करके वारदात को अंजाम दिया गया है। जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले व्यक्ति ने मंदिर का अस्तित्व मिटाने के लिए यह कृत्य किया है।

रात में पुलिस को सूचना मिली कि शीशमहल मंदिर में चोरी हो गई है। वारदात करने वाले ने कई मूर्तियों को तोड़ दिया है। घटना की जानकारी होने पर सीओ कोतवाली ओंकार दत्त,प्रभारी निरीक्षक तिवारीपुर अर्चना सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। छानबीन करने पर मंदिर की छत पर खंडित हुई मूर्तियां मिलीं। घटना की जानकारी होने पर पार्षद अभिषेक शर्मा के साथ स्थानीय लोग पहुंच गए।मंदिर पर कब्जे की नियत से यह वारदात करने का आरोप लगा अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग करने लगे। इसी बीच उन्होंने गली में घूम रहे राजघाट के खोखर टोला में रहने वाले मो. अली को पकड़ लिया। चोरी करने का आरोप लगा उसे पुलिस को सिपुर्द कर दिया। सीओ कोतवाली ओंकार दत्त ने बताया कि मंदिर में चोरी करने के एक आरोपित को गिफ्तार कर लिया गया है।

# किशोरी को भगाने के आरोप में दो पर केस

जासं, भीटी रावत : सहजनवां थाना पुलिस ने सोमवार को किशोरी को भगाने के आरोप में बिरजू और उसके अज्ञात दोस्त के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की सुबह नौ बजे वह संतकबीरनगर किसी काम से गई थी। इसी बीच आरोपित अपनी मां के साथ घर पहुंचा और झगड़ा करने लगा। सास ने छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपित धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद पुत्री का दोस्त की मदद से उसका अपहरण कर लिया।

# रास्ते में पानी गिराने को लेकर भिड़े दो पक्ष, केस

गोरखपुर : चिलुआताल के अवईपाकड़ में रविवार की शाम करीब सात बजे रास्ते में पानी गिराने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों तरफ से लोगों को चोटें आई हैं। एक पक्ष से उर्मिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

# जेल से छूटने के बाद आरोपित दे रहा धमकी

पीपीगंज : भरवल गांव के कुटी पर साधू नंगारी निषाद की तीन वर्ष पूर्व गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में भरवल निवासी संतोष यादव को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजवाया था। इस मामले में गवाही चल रही है। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद संतोष गवाहों को गवाही न देने की धमकी दे रहा है। शिकायत मिलने पर पीपीगंज पुलिस ने आरोपित संतोष यादव को शांति भंग में चालान किया है। साथ ही गवाहों को आश्वासन दिया है कि गवाही के दिन उनके साथ पुलिस भी जाएगी।

# दो दिन से गायब किशोर का शव नाले से बरामद

जासं, मछलीगांव : कैंपियरगंज के माधोपुर के टोला सोभइता निवासी परोखन का शव कैनाल नाले से बरामद हुआ। सोमवार को शाम नाले में मछली मारने के लिए ग्रामीणों ने जाल लगाया। जिसमें उसका शव फंस गया। बाहर निकालने पर शव की पहचान करते हुए ग्रामीणों ने पुलिस व स्वजन को सूचना दिए। परोखन के पिता रामचरन पुलिस को बताया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। वह शनिवार को घर से किसी कार्य से निकला था। वापस घर नहीं लौटने पर खोजबीन की जा रही थी। थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज है। पुलिस शिकायत के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

खेत जा रहे युवक की नाले में डूबने से मौत : पिपियरगंज : सोनौरा बुजुर्ग निवासी राजेश साहनी की नाले में डूबने से मौत हो गई। वह शनिवार को अपने घर से खेत जाने की बात कहकर गांव के पूरब निकले थे। वापस नहीं लौटने पर स्वजन खोजबीन में जुटे थे। इसी बीच सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने नाले में उनका शव देख स्वजन व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि जाते समय उनका पैर फिसल गया और नाले में गिर गए होंगे। कुछ माह पूर्व राजेश के पिता की भी राप्ती में डूबने से मौत हो गई थी।

# सभासद का बेटा 20 दिन से गायब, तलाश में जुटी पुलिस

## पीपीगंज के वार्ड संख्या दो के सभासद है रामानंद, पुलिस ने दर्ज किया केस

जासं, पीपीगंज : पीपीगंज कस्बे के वार्ड संख्या दो के सभासद रामानंद का बेटा रजत कुमार 20 दिनों से गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद जब उसका पता नहीं चला तो सभासद ने थाने में तहरीर दी। सोमवार को पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश में जुटी है। सभासद का आरोप है कि उनके ऊपर दबाव बनाने के लिए बेटे को गायब किया गया है। इसकी शिकायत एसएसपी से भी की थी।

रामानंद ने तहरीर में बताया कि उनका बेटा रजत कुमार दो सितंबर को जिम करने गया था। इसके बाद से घर नहीं लौटा। वह जब भी बाहर जाता था बताकर जाता था, उसका मोबाइल फोन भी खुला रहता था। लेकिन इस बार उसका फोन भी बंद बता रहा है। रिश्तेदारों व तीर्थ स्थानों पर उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। आरोप लगाया कि नगर पंचायत के विरुद्ध चल रही जांच को रोकने के लिए उन्हें धमकी मिल रही थी। अचानक बेटे के लापता होने से पूरा परिवार सदमे में है। सीओ कैंपियरगंज गौरव त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज किया। सर्विलांस की मदद से उसकी तलाश चल रही है।

# स्कूल जाने के लिए निकली महिला शिक्षक लापता

जासं., गोरखपुर : स्कूल जाने के लिए घर से निकली महिला शिक्षक लापता है। दो दिन से खोजबीन में जुटे परिवार के लोगों ने तिवारीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

दुर्गा मंदिर के पास रहने वाली नीलम दूबे निजी स्कूल में पढ़ाती हैं। 28 सितंबर की सुबह आठ बजे वह स्कूल जाने के लिए घर से निकलीं, शाम तक न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला।

# किया जेल का निरीक्षण




जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आते न्यायाधीश तेज प्रताप साथ में डीएम • जागरण

जासं.गोरखपुर : जिला जज तेज प्रताप तिवारी ने सोमवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। बैरक में जाकर बंदियों से बात करने के साथ ही अस्पताल, महिला बैरक व कीचन में जाकर वहां की व्यवस्था देखी। निरीक्षण में सब ठीक मिला।

जिला जज ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि बीमार बंदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। बैरक के साथ ही परिसर की नियमित रूप से सफाई कराएं। जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं है, जमानतदार के अभाव में अभी तक जेल में निरुद्ध है उनसे प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान एडीजी विकास सिंह, एसपी सिटी अभिनव त्यागी मौजूद रहें।

# एक घंटे में टप्पेबाजी की दो वारदात से मची सनसनी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : टाउनहाल पर सोमवार की शाम एक घंटे के भीतर दो वारदात कर टप्पेबाजों ने सनसनी फैला दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गए। संतकबीरनगर जिले के पीड़ित के साथ कैंट व देवरिया की रहने वाली महिला के साथ कोतवाली क्षेत्र में वारदात हुई है। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से पुलिस आरोपितों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल भरवलिया के ओंकार पांडेय ने बताया कि सोमवार शाम छह बजे शिवाय होटल के पास तिवारी मेडिकल स्टोर के पास गाड़ी खड़ी कर दवा लेने गया था। तभी एक गाड़ी के पास एक व्यक्ति आया उसने कार शीशा ठोक कर अंदर बैठी मेरी मां से बताया कि आपके रुपये गिर गए हैं। जैसे ही मां ने बाईं तरफ झांका, वहां खड़े दूसरे व्यक्ति ने कार से लेडीज पर्स निकाल लिया। उसमें 18 हजार नकद, एक सोने की चेन, दो सोने की बाली, चांदी का सिक्का, बिल बाउचर आदि सामान रखा था। घटना तिवारी मेडिकल स्टोर में लगे सीसी कैमरे में भी कैद हो गई है। दूसरी घटना देवरिया जिले के रुद्रपुर में रहने वाले दवा व्यापारी मनोज सिंह की पत्नी के साथ टाउनहाल गेट के पास हुई। सोमवार की शाम को मनोज भालोटिया मार्केट में दवा लेने आए थे। टाउनहाल गेट के पास खड़ी कार में उनक पत्नी नीरजा बैठी थीं। कुछ देर बाद पहुंचे एक व्यक्ति ने नीरजा को बताया कि उनके रुपये गिरे हैं। दरवाजा खोलकर जैसे ही उन्होंने बाहर देखा दूसरी तरफ का गेट खोल दूसरा व्यक्ति पर्स लेकर फरार हो गया।

- देवरिया व संतकबीर नगर की महिलाओं को रुपये गिरने का झांसा देकर की वारदात
- सीसी कैमरे में दिख रहे संदिग्ध, तलाश में जुटी कैंट व कोतवाली थाना पुलिस

टाउनहाल पर हुई दोनों घटना की छानबीन चल रही है। सीसी कैमरे के फुटेज में दिख रहे संदिग्ध की तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# फर्जी तरीके से जमीन हथियाने का आरोप

गोरखपुर। सदर तहसील के लालपीर टीकर निवासी लक्ष्मीनारायण ने मदद का भरोसा देकर जमीन को झांसे से हथियाने का आरोप लगाया। यह भी आरोप है कि धोखे से उनका 12 लाख रुपये अपने खाते में ले लिया। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की है। लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनके बेटे के ट्रैक्टर ट्राली से एक युवक की मौत हो गई थी। इसी मामले में आरोपित ने समझौता कराने के नाम पर मदद का भरोसा दिया और जालसाजी कर ली। उनका आरोप है कि जालसाजी में तहसील कार्यालय के दो कर्मी भी संलिप्त हैं।

# रिटायर पुलिस वालों को दी गई विदाई

गोरखपुर। पुलिस विभाग से रिटायर निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल अंजनी कुमार राय, लीडिंग फायरमैन गुलवास प्रसाद, स्टाफ नर्स कुसुम लता सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। एसपी सिटी ने सभी को शॉल व पुस्तक भेंटकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

# डॉक्टर की गवाही के बाद तय होगी शिखा के हत्यारोपितों की सजा

**शिखा हत्याकांड**

- 24 अक्टूबर को कोर्ट में होनी है पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की गवाही
- घटना का पर्दाफाश करने वाले डॉक्टरों की हो चुकी है गवाही, अब केस में फैसला जल्द

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शिखा दुबे हत्याकांड का मामला न्यायालय में अंतिम दौर में चल रहा है। अब 24 अक्टूबर को न्यायालय में पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर का बयान होना है। माना जा रहा है कि इसके बाद ही आरोपितों को सजा हो सकती है। इस मामले में एक युवती पूजा की हत्या कर उसे शिखा साबित करने की कोशिश की गई थी। आरोप, शिखा और उसके दीपू प्रेमी पर है। अब पूजा का परिवार, आरोपियों को सजा दिलाने के लिए केस लड़ रहा है।

हत्याकांड में पुलिस ने 10 गवाह बनाए हैं, जिसमें से 13 की गवाही पूरी हो चुकी है। जांच प्रक्रिया में शामिल रहे कुछ पुलिस कर्मी, जो अब रिटायर हो चुके हैं, 16 मई को इनकी गवाही हो गई। अब सिर्फ पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की ही गवाही बची है।

जानकारी के मुताबिक, घटना 11 जून 2011 की है। सिंघड़िया में एक युवती की लाश मिली थी। उसकी कद-काठी और उम्र से पता चला कि वह इंजीनियरिंग कॉलेज के कमलेशपुरम कॉलोनी इलाके से गायब युवती शिखा दुबे है। उसके पिता को बुलाया गया। रिश्तेदार भी जुटे, सबने माना लाश शिखा की ही है। इस दौरान पिता रामप्रकाश दुबे ने पड़ोसी दीपू पर हत्या की आशंका जताते हुए केस दर्ज करा दिया। यहां मिली महिला की लाश को अपनी बेटी का समझ कर उसके पिता ने अंतिम संस्कार भी किया। पुलिस जांच करने पहुंची तो पता चला कि दीपू भी घर से लापता है। जांच के दौरान पुलिस को खबर मिली कि आरोपी दीपू, सोनभद्र में है। सोनभद्र पहुंची पुलिस टीम तब हैरान रह गई, जब वहां केवल दीपू ही नहीं, शिखा भी मौजूद मिली। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर गोरखपुर ले आई। यहां आने के बाद शिखा ने हकीकत बताई।

**घरवाले शादी को नहीं थे तैयार, तब रची साजिश :** शिखा ने बताया कि उसे पड़ोसी दीपू यादव से प्यार हो गया था। दोनों को पता था कि उनके घरवाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं होंगे। ऐसे में दोनों ने घर से भागने और परिजनों से पीछा छुड़ाने के लिए एक खतरनाक साजिश रची। दोनों ने तय किया कि शिखा की कद काठी की किसी महिला की हत्या कर उसे शिखा की पहचान दे दी जाए।

**दोनों ने कर ली है अलग-अलग शादी :** इस हत्या का आरोपी बनाते हुए पुलिस ने शिखा और दीपू को जेल भिजवा दिया, बाद में दोनों जमानत पर रिहा हो गए। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने अलग-अलग शादी करके अपनी अलग दुनिया बसा ली। फिलहाल सिविल कोर्ट में अब केस आखिरी दौर में चल रहा है।



शिखा दुबे को छूकर पिता ने जिंदा होने की बात पर यकीन किया था (फाइल फोटो)।

### सोनभद्र की युवती को उतारा था मौत के घाट

हत्या की इस साजिश में दीपू का दोस्त सुग्रीव भी शामिल था, जो एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी था। वहां वह एक ऐसी लड़की को जानता था, जो कद-काठी में शिखा से बहुत मिलती थी। उसका नाम पूजा (25) था। पूजा तीन बच्चों की मां थी। दीपू और सुग्रीव उसे गोरखपुर में तीन हजार रुपये की नौकरी दिलाने के बहाने ले आए। सुग्रीव 10 जून की रात में पूजा को ट्रक से कुड़ाघाट लाया और उधर, शिखा दीपू के साथ घर से भागकर कुसम्ही जंगल पहुंच गई। जंगल में ट्रक में सवार पूजा को शिखा ने वह कपड़े पहना दिए, जिन्हें पहनकर वह घर से निकली थी।

# मंदिर में चोरी, मूर्तियां खंड़ित, एक गिरफ्तार

- जाफरा बाजार की घटना, जांच में सामने आया भूमि विवाद
- आरोपित के साथियों की तलाश तेज, मंदिर में बढ़ाई गई चौकसी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तिवारीपुर के जाफरा बाजार स्थित शीश महल मंदिर में शनिवार की रात चोरी करने के बाद चोर ने कई मूर्तियों को खंडित कर दिया। मंदिर की देखरेख करने वाले परिवार ने दूसरे समुदाय पर कब्जा करने की नियत से वारदात करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। संदेह के आधार पर मंदिर के पास घूम रहे एक युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। तिवारीपुर पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। उसके साथियों की तलाश चल रही है।

जाफरा बाजार स्थित शीश महल की देखरेख मोहल्ले के अनिल गुप्ता, श्याम गुप्ता व प्रमोद गुप्ता करते हैं। जिस भूमि पर मंदिर है उस पर कब्जे को लेकर दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति से विवाद चलता है, मामला न्यायालय में लंबित है। शनिवार की रात में पुलिस को सूचना मिली कि शीश महल मंदिर में चोरी हो गई है। वारदात करने वाले ने कई मूर्तियों को तोड़ दिया है। छानबीन करने पर मंदिर की छत पर खंडित हुई मूर्तियां मिलीं।



शीशमहल मंदिर में खंडित मूर्ति।

इस बीच पार्षद अभिषेक शर्मा के साथ स्थानीय लोग पहुंच गए। मंदिर पर कब्जे की नियत से यह वारदात करने का आरोप लगाया। इसी बीच उन्होंने गली में घूम रहे राजघाट के खोखर टोला में रहने वाले मो. अली को पकड़ लिया। चोरी करने का आरोप लगा, उसे पुलिस को सिपुर्द कर दिया।

### 200 वर्ष पुरानी बताई जा रहीं मंदिर की 15 मूर्तियां

मंदिर की देखरेख करने वाले परिवार ने अपने तहरीर में लिखा है कि मंदिर में 15 मूर्तियां थी जो 200 वर्ष पुरानी हैं। चोरी करने वाले ने सभी मूर्तियों को खंडित कर दिया है। सभी मूर्ति का पादुका, ठाकुर जी का सिंहासन, पीतल का घंटा व सभी बर्तन गायब हैं। मंदिर के गेट को अंदर से बंद करके वारदात को अंजाम दिया गया है। जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले व्यक्ति ने मंदिर का अस्तित्व मिटाने के लिए यह कृत्य किया है।

# यातायात पुलिस ने नौ वाहनों को किया सीज

गोरखपुर। रेलवे स्टेशन पर निजी वाहनों को टैक्सी में चलाने वाले चालकों की जांच करके पुलिस ने नौ वाहनों को सीज कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने नो पार्किंग जोन में खड़े 104 वाहनों का चालान किया। एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि निजी वाहनों को कुछ चालक टैक्सी में चलाते हैं। इसकी जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई। सोमवार को दिन भर हुई कार्रवाई में पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 709 वाहनों का चालान करके 57500 रुपये का जुर्माना वसूल किया।

# निजी स्कूल की महिला शिक्षक लापता

गोरखपुर। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर मोहल्ला की रहने वाली नीलम दुबे दो दिनों से लापता हैं। 28 सितंबर को सुबह आठ बजे वह स्कूल जाने की बात कहकर निकलीं। उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने जब स्कूल में पता किया, तो मालूम हुआ कि स्कूल बंद था। तभी से शिक्षिका की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। उनके पति आशीष दुबे ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला अपना मोबाइल फोन घर पर छोड़ गई हैं। इसलिए कोई लोकेशन नहीं मिल पा रही है। सोमवार को एसपी सिटी अभिनव त्यागी से मिलकर परिजनों ने कार्रवाई की गुहार लगाई।

# कंप्यूटर से कमाई का झांसा देकर छात्रों से ठगे 10 लाख

## जालसाजी

- पुलिस ऑफिस पहुंचकर 9, 10, 11 और 12 वीं के 40 छात्रों ने दिया प्रार्थना पत्र
- न्यू गुरुकुल इंस्टीट्यूट नाम से जालसाज ने खोला था सिकरीगंज में ऑफिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सिकरीगंज में न्यू गुरुकुल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन के नाम से ऑफिस खोलकर जालसाजों ने कक्षा नौवीं, 10, 11 और 12 वीं के छात्रों को कंप्यूटर सीखने के साथ ही पैसा कमाने का प्रलोभन दिया और 10 लाख रुपये से अधिक की जालसाजी कर फरार हो गए। सोमवार को खजनी, माल्हनपार, भैंसा बाजार, सिकरीगंज और गीडा से पुलिस ऑफिस पहुंचे करीब 40 छात्रों ने यह आरोप लगाया और कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मामले में खजनी थाने को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ऑफिस पहुंचे छात्रों ने बताया कि एक साल पहले सिकरीगंज में न्यू गुरुकुल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन का ऑफिस खोला गया। इसका डायरेक्टर सिद्धार्थनगर में रहता है। इसमे बतौर शिक्षक के रूप में तैनात लोग गांव-गांव जाकर अपनी स्कीम छात्रों और अभिभावकों को बताते थे। उन्होंने बताया था कि नौ से 12 वीं के छात्रों को ट्रिपल सी और डीसीए कोर्स कराया जाएगा। इस दौरान उन्हें प्रतिमाह तीन से चार हजार रुपये भी दिए जाएंगे। इसके लिए एक छात्र को 15 हजार 499 रुपये फीस जमा करनी होगी। कम उम्र में पढ़ाई के साथ रोजगार पाने की लालच में छात्रों ने अभिभावक से रुपये मांग कर जमा कर दिए। एक माह पहले सिकरीगंज स्थित ऑफिस में ताला बंद हो गया और उसके कर्मचारी भी लापता हो गए। इसके बाद से ही छात्र व उनके अभिभावक उनकी तलाश कर रहे थे। छात्रों का आरोप है कि थाने पर भी शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, इसलिए पुलिस ऑफिस शिकायत करने आए हैं।

# जमीन बैनामा करने के नाम पर 76.50 लाख की जालसाजी

गोरखपुर। रामगढ़ताल क्षेत्र के रुस्तमपुर प्रयागपुरम कालोनी निवासी करन लखोटिया के साथ जमीन बैनामा करने को लेकर 76 लाख 50 हजार रुपये की ठगी हो गई। एसएसपी के निर्देश पर रविवार को गीडा थाने में केस दर्ज किया गया है। करन लखोटिया ने तहरीर देकर बताया कि बेलीपार थाना क्षेत्र के जंगलरानी सुहास कुवरी निवासी अनिल, अशोक एवं उनकी माता कमलावती देवी के नाम से नौसड़ में जमीन थी। जिसमे से 45 डिसमिल जमीन को खरीदने के लिए 24 मई 2023 को इन लोगों के खाते में 76 लाख 50 हजार रुपये बैंक से जमा कराकर एक वर्ष के लिए एग्रीमेंट करा लिया था। जमीन खरीदने में खजनी थाना क्षेत्र के बरवल माफी निवासी राजदेव यादव और गीडा क्षेत्र के नौसड़ निवासी मैनेजर ने बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। इसके बाद जमीन बैनामा करने के लिए कहने पर यह लोग बार-बार समय मांगते रहे। जब बैनामा नहीं हुआ तो इनसे अपने दिए रुपये वापस मांगा। यह लोग पैसा देने से मना करते हुए जन मारने की धमकी दे रहे हैं।

# चचेरे भाइयों को विश्वविद्यालय में नौकरी के नाम पर जालसाजी

गोरखपुर। रामगढ़ताल के दो चचेरे भाइयों के साथ विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये की ठगी हो गई। मामले में रविवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। कज्जाकपुर के रवि प्रताप शुक्ला की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में कथित विवि कर्मी आजाद चौक निवासी उमाशंकर त्रिपाठी उर्फ रिंकू और संजय पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रवि ने तहरीर में लिखा है कि उनका बेटा मिहिर और भतीजा सूर्य नारायण बेरोजगार हैं। एयरपोर्ट के पास रहने वाले परिचित संजय पांडेय ने बताया कि उसके करीबी मित्र उमाशंकर त्रिपाठी डीडीयू में काम करते हैं। वह बेटे और भतीजे को विवि में नौकरी दिलवा देंगे।

# समूह ग में नौकरी दिलाने के नाम पर 6.42 लाख ठगे

पादरी बाजार, हिंदुस्तान संवाद। शाहपुर के जंगल तुलसी राम बिछिया निवासी बेरोजगार युवक को उत्तराखंड में समूह ग की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 6.42 लाख रुपये हड़प लिए। एसएसपी के निर्देश पर रविवार को शाहपुर पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

देवरिया जिले के मईल के पिपरा रामधन निवासी अभिषेक तिवारी शाहपुर के जंगल तुलसी राम बिछिया स्थित अकोलवा में रहते हैं। उन्होंने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मेरे पिता के पूर्व परिचित सुधीर कुमार मिश्रा की पुत्री की शादी में जनवरी में पिता के साथ उत्तराखंड गया था। बातचीत के दौरान सुधीर कुमार मिश्रा ने उनके पिता से कहा कि उत्तराखंड में आपके बेटे को समूह ग में नौकरी लगवा देंगे। उसके बाद फॉर्म भरने के लिए जरूरी कागजात व्हाट्सएप पर लेकर 30 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित के पिता आरोपी के झांसे में आ गए और 30 हजार रुपये बताए गए यूपीआई नंबर पर भेज दिया। इसी तरह आरोपी ने मेडिकल कराने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक कई यूपीआई नंबर पर 6.42 लाख रुपये ले लिया।

## जालसाजों ने ले लिया 5 लाख का लोन, केस

पीपीगंज/भरोहिया। पीपीगंज थाना क्षेत्र के पंचगावा निवासी नन्द कुमार जयसवाल के क्रेडिट कार्ड पर जालसाजों ने पांच लाख रुपये का लोन ले लिया। फोन कर जालसाजों ने नन्द कुमार को बताया कि बैंक से बोल रहा हूं, अपना क्रेडिट कार्ड नम्बर और ओटीपी बताइए। ओटीपी बताने के बाद जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड पर पांच लाख रुपये का लोन ले लिया। एसएसपी के आदेश पर पीपीगंज पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# साधु की हत्या में गवाह को धमकाया

पीपीगंज। पीपीगंज थाना क्षेत्र भरवल गांव के रामजानकी कुटी पर साधू नंगारी निषाद की तीन वर्ष पूर्व कुटी पर गला रेत कर हत्या कर दी गई थी, जिसमें भरवल गांव का युवक हत्या में मुल्जिम बना पीपीगंज पुलिस ने उस आरोपी युवक को जेल भेज दिया था। आरोप है कि जमानत पर छूटने के बाद आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपित पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# बैंक कर्मी बनकर खाते से उड़ा दिए पांच लाख

पीपीगंज। पंचगावां गांव निवासी नंद कुमार जायसवाल के पास जालसाज ने बैंककर्मी बनकर कॉल किया और उनसे क्रेडिट कार्ड का नंबर लेकर पांच पांच लाख रुपये उड़ा दिए। नंद कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर जांच पड़ताल कर अज्ञात जालसाज पर पीपीगंज थाने में केस दर्ज किया गया है। नंद कुमार ने बताया कि मुझे क्रेडिट कार्ड के संबंध में तीन नंबरों से कॉल आई। मुझसे बातचीत कर क्रेडिट कार्ड का नंबर और ओटीपी पूछा गया। मैंने बैंककर्मी समझकर बता दिया। इसके बाद जालसाजों ने मेरे क्रेडिट कार्ड से करीब पांच लाख रुपये लोन लेकर खाते से निकाल लिया।

# दरोगा पर भाजपा पार्षद से दुर्व्यवहार का आरोप

खोराबार। नगर निगम वार्ड नंबर चार मदन मोहन मालवीय नगर के भाजपा पार्षद राजा यादव ने खोराबार के एक दरोगा पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पार्षद ने सोमवार को सदर सांसद रवि किशन शुक्ल को पत्र देकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग की है। पार्षद ने आरोप लगाया कि वह अपने एक रिश्तेदार के मामले में खोराबार थाने में पैरवी करने के लिए थाना प्रभारी से मिलने गए थे। वहां पता चला कि जिनकी पैरवी करने गया, उनके विपक्षी का सिर फट गया है।

# दुष्कर्म की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवां।** चोरी की नियत से घर में घुसे युवक ने किशोरी का मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। जानकारी होने पर महिला के परिजन ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने हरदोई जिले के सांडी थाना के मदारा निवासी अरमान के विरुद्ध केस दर्ज कर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से भेजा गया। ब्यूरो

# युवती को भगाने के आरोप में अपहरण का केस

**झंगहा।** क्षेत्र के एक गांव की युवती को भगाने के आरोप में सोमवार को झंगहा पुलिस ने खोराबार क्षेत्र के सनोज के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया। युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 सितंबर को उसकी पुत्री को आरोपी भगा ले गया। घर से जाते समय उनकी पुत्री 11 हजार रुपये नकदी व मां के जेवर भी लेते गई। ब्यूरो

# चोरी के रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवां।** घघसरा बाजार में दुकान से चोरी करने वाले आरोपी अनिल यादव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गुलरिहा थाना के मंगलपुर तेनहिया के रहने वाले आरोपी के पास से पुलिस ने 8700 रुपये और चोरी के तीन लोहे का फार्मा बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया। वहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

**भटहट।** गुलरिहा क्षेत्र के भटहट कस्बे में दुकान के सामने खड़ी बाइक सोमवार की शाम पांच बजे गायब हो गई। दुकानदार गुलाब ने दुकान पर लगे सीसीटीवी की जांच की तो चोरी करते हुए युवक का फुटेज सामने आया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में लगी है। ब्यूरो

# डरिए मत...चुप्पी तोड़िए, दोस्त की तरह मदद करती है पुलिस

## एचपी चिल्ड्रेन एकेडमी में आयोजित पुलिस की पाठशाला में बोले एसपी क्राइम

पुलिस की पाठशाला



एचपी चिल्ड्रेन एकेडमी में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते एसपी क्राइम सुधीर कुमार जायसवाल। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डरिए मत अपनी चुप्पी तोड़िए, पुलिस दोस्त की तरह आपकी मदद करती है। आपको लगता होगा कि शिकायत करने पर आपका नाम उजागर हो जाएगा और इससे बड़ी बदनामी होगी, ऐसा नहीं है। आपकी गोपनीयता का भी पुलिस पूरा ध्यान रखती है।

बिना नाम उजागर किए आपकी समस्याओं का निपटारा किया जाता है। खास तौर से लड़कियों के लिए 1090 हेल्प लाइन नंबर है। यह हेल्पलाइन पूरे देश में काम करती है। इस पर कहीं से भी किसी भी परेशानी में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

यह जानकारी एसपी क्राइम सुधीर कुमार जायसवाल ने छात्र और छात्राओं को दी। वे सोमवार को सिविल लाइन स्थित एचपी चिल्ड्रेन एकेडमी में अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से आयोजित पुलिस की पाठशाला में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। एसपी क्राइम ने छात्रों को बताया कि कहीं दुर्घटना हो जाने पर घायल की मदद या फिर घर व आस-पास झगड़ा लड़ाई होने पर तत्काल 112 पर कॉल करनी चाहिए। समय से पुलिस पहुंचेगी तो बड़ी घटना को रोका जा सकता है। साथ ही दुर्घटना में घायल की जान भी बचाई जा सकती है।

**जागरूकता ही बचाएगा साइबर अपराध से :** एसपी क्राइम ने बताया कि वर्तमान की सबसे बड़ी समस्या साइबर अपराध है। सोशल मीडिया से लेकर ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सक्रिय हो गए हैं और डिजिटल फ्रॉड कर रहे हैं। इससे बचने का एक मात्र उपाय जागरूकता है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# विद्यालय में हुई चोरी

**बरहज (एसएनबी)।** नगर क्षेत्र के उजरा मोहांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने किचन का जंगला तोड़कर एक भगौना, स्टील की बाल्टी, एक परात, एक बोरी चावल व एक बोरी गेहूं सहित कुछ अन्य समान चुरा ले गये। सोमवार को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उषा रानी जब विद्यालय पहुंची तो किचन का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने चोरी होने की जानकारी एबीएसए सहित मुकामी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# अज्ञात शव पुलिस ने किया बरामद

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक अज्ञात शव को बरामद किया है। इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी ट्रेन की ठोकर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मौके पर जाकर पहचान की कोशिश किया लेकिन मृतक के कोई कागजात नही मिला। मृतक की उम्र 28 वर्ष के लगभग है। शव का पंचनामा बनवाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया।

# ड्रोन कैमरे से अधिकारी करेंगे दुर्गा पूजा मेले की निगरानी

## जिले में 1590 स्थानों पर रखी जाएंगी **मां जगदंबा की प्रतिमाएं,** नई जगह पर रखने के लिए आयोजकों को लेनी होगी अनुमति

जागरण संवाददाता, देवरिया: शारदीय नवरात्र दो दिन बाद शुरू हो रहा है। जिले में 1590 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं रखी जाएंगी। किसी को नई मूर्ति रखनी होगी तो प्रशासन से इसकी अनुमति लेनी होगी। उधर मेले की निगरानी ड्रोन कैमरे से होगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान अश्लील गाने व नर्तकों के नृत्य कराने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। कोई ऐसा करता है तो संबंधित कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के विरुद्ध मुकदमे भी दर्ज किए जाएंगे।

शारदीय नवरात्र में मां देवी की प्रतिमाएं रखकर पूजा किया जाता है। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है। दुर्गा पूजा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तरफ से अभी से तैयारी शुरू हो गई है। हर थानों पर शांति कमेटी की बैठक आयोजित होने लगी है और आयोजन मंडल के सदस्यों के साथ बैठक कर शासन के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए जाने लगे हैं। सबसे अधिक जोर प्रशासन की प्रतिमा की ऊंचाई को लेकर है। निर्धारित मानक के अनुरूप ही प्रतिमा की ऊंचाई रखी जाएगी, ताकि विसर्जन के दौरान किसी तरह की दिक्कत न आए।

वालंटियर का फोटो व आधार कार्ड की फोटोकापी देनी होगी: पंडाल व मेले में पुलिस की तैनाती रहेगी। पुलिस कुछ जगहों पर सादे वर्दी में भी तैनाती रहेगी और हर गतिविधि पर नजर रखेगी। इसके अलावा पंडाल के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था आयोजन समिति के लोगों के जिम्मे रहेगी। वह वालंटियर रखेंगे। वालंटियर का फोटो व आधार कार्ड की फोटो कापी पुलिस के पास होगी। ताकि किसी तरह की दिक्कत होने पर शिकंजा कसा जा सके।

अस्थायी लेना होगा बिजली का कनेक्शन: दुर्गा पंडाल में उजाला करने के लिए बिजली का अस्थायी कनेक्शन विभाग की तरफ से लेना होगा। बिजली विभाग इसके लिए बकायदा रसीद काटकर आयोजन समिति के लोगों को कनेक्शन देगा। तभी बिजली से लोग पंडाल व पथ प्रकाश व्यवस्था कर पाएंगे।

विसर्जन में नर्तकी नहीं करेंगी नृत्य: जिले के सलेमपुर में हर वर्ष विसर्जन के दौरान नर्तकी से नृत्य कराया जाता है। इसके अलावा डीजे भी बजाए जाते हैं। जिसके चलते दिक्कत होती है। इस बार यहाँ ज्यादा सख्ती रहेगी। प्रतिमा रखने वाले आयोजन समिति के लोगों को पहले ही शपथ पत्र भर कर देना होगा कि वह नर्तकी से नृत्य नहीं कराएंगे और निर्धारित डिस्मिबल पर ही डीजे या साउंड बजाएंगे।



### बिजली तार के नीचे नहीं बनाए जा सकेंगे पूजा पंडाल

प्रतिमा रखने वाले स्थान पर सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंडाल विद्युत तार के नीचे नहीं बनेंगे। प्रशासन से अनुमति लेने के दौरान इसको लेकर विशेष निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही पंडाल में बालू भरकर बाल्टी भी रखी जाएगी, ताकि आग लगे तो तत्काल काबू पाया जा सके।

> प्रतिमा की ऊंचाई निर्धारित की गई है, उस निर्धारण के तहत ही आयोजन समिति के लोग प्रतिमा रखें। इसके अलावा विसर्जन में अश्लील गाना या नृत्य नहीं होगा। इस पर सख्ती होगी। अराजक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। दीपेन्द्र नाथ चौधरी, एसपी

## नवरात्र को लेकर उत्साह, दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे कलाकार

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: नवरात्र शुरू होने में कुछ दिन शेष रह गया है। पर्व को लेकर हर किसी में उत्साह देखा जा रहा है। कलाकार भी दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। पर्व को धूमधाम से मनाने की हर किसी द्वारा तैयारी की जा रही है।

बाजारों में प्रतिमाओं को सजाने तथा आकर्षक पोशाक व पूजन से संबंधित सामग्रियों की भी दुकानें सजने लगी हैं। श्रद्धालु सामान की खरीदारी में भी लग गए हैं। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है।

घरों व देवी मंदिरों में साफ-सफाई और रंगाई-पोताई में लोग लगे हुए हैं। नौ दिनों तक चलने वाले व्रत व पूजा की तैयारी हर जगह देखने को मिल रही है। बाहर से आए कलाकार प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में पूरे मनोयोग से जुटे हैं।

- अचानक बारिश होने से प्रतिमाओं को बचाने में मची उहापोह
- सलेमपुर उपनगर में बन रही हैं 200 से अधिक प्रतिमाएं



मां दुर्गा की प्रतिमा को संवारता कलाकार • जागरण

नगर के अलावा क्षेत्र के नवलपुर चौराहा, पुरैना, सोहनाग, लार, कुण्डौली, महौलीराज, भटनी, मझौना, मईल, भागलपुर आदि जगहों पर मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। सलेमपुर के हरैया मोड़ के कलाकार भटेलू मुंशी व शुभम ने बताया कि पहली तक सभी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देकर उसे बुकिंग कराने वाले आयोजकों को सौंप देना है। सलेमपुर उप नगर में करीब 200 से अधिक प्रतिमाओं को कलाकार बनाने में जुटे हुए हैं।

कलाकारों का कहना है कि इसमें अधिकांश प्रतिमाओं की बुकिंग पहले से हो गई है। कुछ अतिरिक्त प्रतिमाएं बनाकर रख दी गई हैं कि कोई अचानक खरीदने के लिए आ जाए तो उसे भी प्रतिमा उपलब्ध करा दी जाए।

वैसे पुलिसकर्मी भी पंडालों व प्रतिमाओं को छोटा बनाने के लिए आयोजकों को सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि प्रतिमाएं छोटी होंगी तो विसर्जन के समय कोई दिक्कत नहीं आएगी।

# एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप

**सलेमपुर(एसएनबी)।** सीमा देवी पत्नी प्रेमचंद पासवान निवासी ढोका चुरावन थाना सलेमपुर ने प्रार्थना पत्र दिया और न्याय की गुहार लगाई है। विगत दिनों दो पक्षों में हुई मारपीट में एक महिला और कुछ पुरुषो को गंभीर चोट आई थी जिसमे प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर सलेमपुर पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पांच आरोपियों कृष पासवान, अनुज तिवारी, किशन पाण्डेय,गौरव तिवारी,आदि को जेल भेज दिया। लेकिन जेल भेजे गए लोगो को भी गंभीर चोट लगी थी जिसपर पुलिस ने अपना ध्यान आकर्षित करना जरूरी नहीं समझा और एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए पांच लोगो को विभिन्न गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया,जेल गए लोगो के परिजनों ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाया है जिसमे घायलों का पुलिस द्वारा इलाज न करना,किसी राजनीतिक दबाव में आकर दोनो पक्षों में हुई मार पीट में एक पक्षीय कार्यवाही करना,शामिल है। अब कृष पासवान के परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में कोतवाल टीजे सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि जांच कर उचित कार्रवाई करता हूं।

# अश्लील हरकत करने की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से शिकायत

जासं, रुद्रपुर, देवरिया: परिषदीय विद्यालय में तैनात एक महिला शिक्षा मित्र ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा से विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप लगाया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक पर छेड़खानी की शिकायत मिलने के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

रुद्रपुर विकास खंड के दोआबा क्षेत्र के एक विद्यालय में गांव की एक महिला 2004 से शिक्षामित्र के रूप में कार्य कर रही है। उसका आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक हमारे प्रति गलत नीयत रखते हैं। उनके प्रभाव में न आने पर आए दिन प्रताड़ित करते हैं। समय से विद्यालय जाने पर रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं करने देते हैं। उसे आलमारी में बंद कर देते हैं। प्रपत्र नौ को देने पर फाड़कर फेंक देते हैं, जिससे मेरा एक वर्ष से मानदेय नहीं मिल रहा है।

प्रधानाध्यापक गांव का एक दबंग व्यक्ति है। मुझे दलित होने के कारण शिक्षामित्र के कार्य से हटाने के लिए षड्यंत्र कर रहा है।

## युवक का शांतिभंग में चालान

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया मिश्र गांव में रविवार को आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। थाना क्षेत्र के परसिया मिश्र गांव निवासी मानव मिश्रा पुत्र सुभाष मिश्रा और मनोज यादव पुत्र गामा यादव के बीच रविवार को गाली-गलौज होते हुए मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि देर शाम को पुलिस ने मनोज को छोड़ दिया। जबकि मानव मिश्रा का सोमवार को भारतीय न्याय संहिता के तहत शांतिभंग में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि मान मिश्रा ने ही विवाद किया था। इसी लिए उनका चालान किया गया है।

## बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के रावतपार अमेठिया गांव निवासी धीरज कुमार पुत्र स्व. राधाकिशुन की तहरीर पर लार पुलिस ने इस संख्या बस संख्या यूपी 53 सी टी 9644 के चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत 281, 125 (ए), 125 (बी), 106 (1) के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं। लार पुलिस को दिए गए तहरीर में धीरज कुमार ने अवगत कराया था कि मेरे पिता स्व. राधा किशुन लार से टेम्पू पकड़कर सलेमपुर जा रहे थे। मधवापुर के सामने दलीपन स्कूल से 100 मीटर आगे पहुंचा था। गत 23 सितम्बर की शाम 6 बजे शाम सलेमपुर के तरफ से आ रही सरकारी रोडवेज बस संख्या यूपी 53 सी टी 9644 का चालक गाड़ी को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आया और गलत दिशा में आकर टेम्पू में ठोकर मार दिया जिससे टेम्पू में बैठे मेरे पिता के सिर व शरीर में काफी चोटे आयी और टेम्पू में बैठे अन्य सवारियों को भी चोटे आयी। घटना स्थल पर आस पास के बहुत लोग इक्कठा हो गये उन्ही लोगो के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सलेमपुर ले जाया गया। सूचना पर हम लोग भी सलेमपुर स्वास्थ केन्द्र पहुँच गये। वहां कुछ दवा इलाज होने के बाद चोटों गम्भीरता देखते देवरिया मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शव के पोस्टमार्टम के बाद 24 सितम्बर को अंतिम संस्कार किया गया था।

## छात्रा और उसकी मां को बेरहमी से पीटा

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भलुआ गांव में घर के सामने खेत में कूड़ा फेंकने से मना किया तो पड़ोसियों ने छात्रा और उसकी मां की बेरहमी से पिटाई कर दी। दोनों का नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। जहां छात्रा की हालत गंभीर देख डाक्टर ने मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी अजोरा देवी पत्नी उमेश राजभर का दरवाजे के सामने खेत है। आरोप है कि पड़ोसी उसी में कूड़ा-कचरा फेंकते है। सोमवार की सुबह अजोरा देवी खेत की सफाई कर रही थी। इसी बीच पड़ोसी ने कूड़ा फेंक दिया। अजोरा देवी ने मना किया तो पड़ोसी नाराज हो गए। कुछ ही देर में दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गया। देखते-देखते मारपीट शुरू हो गई। अजोरा देवी का आरोप है कि बेटी छात्रा निलम कुमारी को पड़ोसियों ने घसीट-घसीटकर बेरहमी से मारा-पीटा है। जब मैं बचाव करने पहुंची तो हमलावरों ने मुझे भी मारा-पीटा। पिटाई से निलम को गंभीर चोटें आई हैं। उसका देवरिया मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। अजोरा देवी ने थाने पहुंच तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। दूसरे पक्ष से किसी के चोटिल होने की सूचना नहीं मिली है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। कूड़ा-कचरा फेंकने को लेकर मारपीट हुई है। जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

# रंगदारी दिखा रहे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**देवरिया(एसएनबी)।** सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी चौराहे पर एक व्यक्ति ठेले पर खुरमा, नमकीन, बुनिया बेच रहा था। इसी दौरान झुंड में करीब दर्जन भर युवक उसके पास पहुंचे। युवक जबरन उसके ठेले पर मौजूद नमकीन व खुरमा खाने लगे। ठेले वाले ने कुछ नहीं कहा और आगे बढ़ गया। अभी वह कतरारी गांव के समीप पहुंचा ही था कि उक्त युवक वहां भी पहुंच गए। इसके बाद फिर से नमकीन व खुरमा निकाल कर खाने लगे। युवकों की इस हरकत को देख रहे स्थानीय लोगों ने दौड़ा लिया। भाग रहे युवकों में से एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। युवक ने अपनी पहचान शहर के अली नगर निवासी बताया। इसके बाद उसके साथ मौजूद अन्य युवकों के बारें में लोगों ने जानकारी ली। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस को युवक को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। अभी तक ठेले वाले की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# पति, ससुर समेत चार के खिलाफ केस

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय विवाहिता की तहरीर पर सोमवार को यहां की पुलिस ने पति, ससुर समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। विवाहिता ने पति के खिलाफ दहेज के रुप में पांच लाख की मांग करने और नहीं देने पर घर से निकाल दूसरी शादी रचाने का आरोप लगाते हुए रविवार को थाने में तहरीर दी थी। पुलिस जांच कर मुकदमा दर्ज की है।

**पत्नी को घर से निकाल दूसरी शादी रचाने का मामला**

स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरिया लाला के कुसहा टोला निवासी निकिता चौहान की बीते वर्ष 6 मई 2013 में गौरी बाजार थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव निवासी विजय चौहान से हिन्दू रिति-रिवाज से शादी हुई। पांच साल बाद सन् 2018 में गवना हुआ। उस समय पिता राम किशुन चौहान ने अपने सामर्थ्य अनुसार नकदी, जेवरात, कपड़े, इलेक्ट्रानिक उपकरण समेत अन्य सामान दहेज के रुप में देकर विदाई की। विवाहिता का आरोप था कि जबसे ससुराल गई, तबसे ही पति समेत ससुराल वाले दहेज के रुप में पांच लाख रुपये नकदी मांगने लगे। नहीं देने पर परिवार वाले मिलकर तरह-तरह की यातनाएं देने लगे। इसी बीच एक बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद भी 5 मार्च 2024 को पति, ससुर समेत अन्य ससुराल वालों ने मिलकर मेरी पिटाई कर दी और घर से निकाल दिया। तबसे बच्चे को लेकर मायके रहने लगी। इधर, पति विजय चौहान ने इसी बीच दूसरी युवती से शादी रचा लिया है।

पुलिस ने निकिता की तहरीर पर पति विजय चौहान, ससुर नरवदा चौहान, चचेरे अजिया ससुर इंद्रासन चौहान और फुआ सुरा देवी निवासीगण नारायनपुर थाना गौरी बाजार के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि जांच कर केस दर्ज कर लिया गया है।

# शिक्षक के घर को चोरों ने खंगाला

# जेवरात व नकदी लेकर हुए फरार

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के रामनाथ देवरिया शिवपुरम कालोनी स्थित एक शिक्षक के घर को चोरों ने रविवार की रात खंगाल दिया। जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया। उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

एकौना थाना क्षेत्र के नीबा गांव निवासी शुभकेश शुक्ला पुत्र स्व. नरेन्द्र शुक्ला शहर के रामनाथ देवरिया वार्ड नम्बर 2 (चटनी गड़ही) शिवपुरम कालोनी में परिवार सहित मकान बनवाकर रहते हैं। शुभकेश भटनी के परिषदीय विद्यालय में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को अवकाश होने के कारण वह प्रत्येक शनिवार को गांव चले जाते हैं और सोमवार को वापस आते हैं। हर बार की भांति इस बार भी वह घर में ताला बंद कर शनिवार को परिवार सहित गांव चले गये।

सोमवार को जब वह वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ देख कर दंग रह गए। घर के अंदर जब गये तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमीरा व बक्से का ताला टूटा हुआ था। शुभकेश ने आलमीरा खोल कर देखा तो उसमें रखा उनकी पत्नी के हाथ का कंगन, दो माला,4 अंगूठी, 1 गले का हार, 1 छोटे बच्चे का चेन, दो जोड़ा झुमका, दो जोड़ा बाली, फूल का लोटा, एक गगरी तथा ₹ 55 हजार नकदी गायब था।

पीड़ित ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित की माने तो घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गयी है।

# दबंगई दिखा रहे युवकों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**सुरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना कतरारी चौराहे पर ठेले वाले से दबंगई दिखाने के आरोप में पकड़े गए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें युवक से उसके साथ मौजूद युवकों के बारे में स्थानीय लोग जानकारी ले रहे है।

जानकारी लेने के बाद उनलोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। कतरारी चौराहे पर एक व्यक्ति ठेले पर खुरमा, नमकीन, बुनिया बेच रहा था। इसी दौरान झुंड में करीब दस से 12 युवक उसके पास पहुंचे। युवक जबरन उसके ठेले पर मौजूद नमकीन व खुरमा खाने लगे। ठेले वाले ने कुछ नहीं कहा और आगे बढ़ गया। अभी वह कतरारी गांव के समीप पहुंचा ही था कि उक्त युवक वहां भी पहुंच गए और नमकीन व खुरमा निकाल कर खाने लगे। युवकों की इस हरकत को देख रहे ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। भाग रहे युवकों में एक युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। युवक ने अपनी पहचान शहर के अली नगर निवासी बताया। इसके बाद उसके साथ मौजूद अन्य युवकों के बारे में लोगों ने जानकारी ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को युवक को सौंप दिया गया।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

लार। कस्बा के एक वार्ड में पिछले दिनों 11 सितंबर को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मठ वार्ड निवासी हीरा गोसाई पुत्र स्व रामा गोसाई ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि दानिश पुत्र शमशाद निवासी वैशकरनी वार्ड ओमप्रकाश निवासी इंदिरा नगर वार्ड लार माली टोला के फूल की दुकान पर बैठा था। इस दौरान विवाद शुरू हो गया। तभी ओमप्रकाश सैनी के कहने पर दानिश ने मुझे मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में दानिश निवासी वैशकरनी वार्ड लार के विरुद्ध केस दर्ज की।

# पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि समेत 35 पर केस



- चोर के शक में युवकों को पकड़ प्रताणित करने का लगाया आरोप
- बिहार के युवक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत भाटपाररानी के सोहनपार वार्ड में शनिवार की रात चोर के शक में बिहार के रहने वाले स्कार्पियो सवार नौ लोगों को पकड़ कर प्रताणित करने के आरोप में पुलिस ने 35 के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि व सभासद पति समेत चार नामजद और अन्य अज्ञात हैं। पुलिस ने बिहार के रहने वाले युवक की तहरीर पर कार्रवाई की है।

बिहार प्रांत के सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के ग्राम तितरा टोला विशुनपुरा निवासी अंश सिंह पुत्र राकेश सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि 28 सितंबर को अपने साथी सचिन कुमार सिंह ग्राम लक्ष्मीपुर थाना मैरवा के साथ उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी से अन्य मित्रों के साथ रात 8:00 बजे सलेमपुर जाकर गाड़ी बनवाये तथा रात के करीब 10:30 बजे बियर आदि पीने के बाद घर के लिए रवाना हुए। बीच में ग्राम सिकटिया में कुछ देर रुक गए। चित्रसेन बनकटा बिहार सीमा में दाखिल होने जा रहे थे कि बिहार की पुलिस को देख कर गाड़ी पीछे मुड़ा लिए। यह देख बिहार एक्साइज पुलिस पीछा करने लगी। भागने के दौरान सोहनपार ढाला पहुंचे जहां ढाला बंद होने के कारण दाहिने मुड़ गए आगे रास्ता बंद होने के कारण सोहनपार वार्ड के लोग पकड़ लिए तथा चोर कह कर मारने पीटने लगे। युवक का आरोप है कि उसे और उसके साथियों का हाथ बांध कर चोर कहते हुए गांव में घुमाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोहनपार निवासी पूर्व चैयरमैन प्रतिनिधि रविन्द्र कुशवाहा, संतोष पांडेय, सभासद पति संजय यादव, व सूरज जायसवाल समेत 30,35 अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिलीप पांडेय ने बताया कि चार नामजद व 35 अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 191(2) 115(2) 127(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

# औरंगाबाद गांव के प्रधान पति से की अभद्रता

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद गांव के प्रधान प्रियंका देवी के पति विनोद कुमार के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता कर दी। उनका कहना है कि गांव में उत्तर तरफ सड़क निर्माण कराने के लिए गए थे। उसी दौरान दो लोगों ने जाति सूचक गाली देते हुए धमकाया। किसी तरह मैं अपना जान बचा भागे और इसकी तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल टी जे सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# पति पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न केस दर्ज

पिण्डी। लार थाना क्षेत्र के पिण्डी गांव निवासी मरजीना खातून पत्नी कदीम अंसारी ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके पति आए दिन प्रताड़ित करते हैं। जिसको लेकर पहले भी कई बार समझाया जा चुका है। बीते 25 सितंबर को दिन में मुझे मेरे पति खाना पूछने को लेकर बुरी तरह मार पीटे व जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने इस मामले में कदीम अंसारी निवासी पिण्डी लार के विरुद्ध भारतीय भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352, 351(3) सहित 85 दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

# छात्र नेताओं की रिहाई के लिए कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण संवाददाता,सलेमपुर : दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जेल में बंद छात्र नेता उमर खालिद, गुलफिशा फातिमा व अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज कर देने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने सोमवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अलका सिंह को सौंपा।

प्रदेश सचिव बदरे आलम ने कहा कि इन छात्र नेताओं को देश की न्याय व्यवस्था में पूर्ण विश्वास है, इस तरह के कई मामलों में न्यायालय ने जमानत दी है, इस मामले में भी उसी तरह से न्याय की जरूरत है। जिलाध्यक्ष इस्लाम खान, लालसाहब यादव, प्रेमलाल भारती, डा. नरेन्द्र यादव, डा. याहिया अंजुम, डा. इम्तियाज अंसारी, शमशुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

**मेहरौनाघाट।** सितंबर महीने में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के मेहरौना गांव निवासी तनिष राजभर पुत्र सुरेश राजभर ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मैं 21 सितंबर को अपने दरवाजे के बाहर शौच के लिए निकला तभी हमारे पड़ोस के कुछ लोग मुझे चोर चोर मारने पीटने लगे। पुलिस ने इस मामले में चुन्नू ,रेहान व समीर के विरुद्ध भारतीय न्यास संहिता की धारा 115(2),352, 351(3) के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

# पंडाल में न वजाएं अश्लील गाने

बरहज : थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति कमेटी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। एसडीएम अंगद यादव ने कहा कि शांति और सौहार्द के बीच दुर्गा पूजा का त्योहार मनाएं। पंडाल में किसी भी दशा में अश्लील गाने नहीं बजने चाहिए। अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सीओ आदितय कुमार गौत ने कहा कि पंडाल में बाल्टी में पानी केसाथ बालू अवश्य रखें। महिला व पुरुष को पूजा करने के लिए अलग लाइन लगवाएं।

# मात्र एक सिपाही ने नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस, बिजली समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक को अपनी संपत्ति का ब्योरा देने है। बिजली विभाग व पुलिस विभाग, कलेक्ट्रेट के कर्मचारी इस कार्य में आगे रहे। मात्र एक सिपाही ने केवल अपना ब्योरा नहीं दिया है। जो तीन माह से गैर हाजिर चल रहा है। अब उसके निलंबन की कार्रवाई पुलिस विभाग ने शुरू कर दी है।

**जिले में 2872 पुलिस कर्मियों की है तैनाती सिपाही तीन महीने से चल रहा है गैर हाजिर**

बिजली विभाग, पुलिस विभाग समेत कई ऐसे विभाग हैं, जिनके अधिकारी से लेकर कर्मचारियों तक पर आए दिन भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं। शासन की तरफ से इन पर शिकंजा कसने की तैयारी है। इनके संपत्ति का ब्योरा अब पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। ऐसे तो 30 अगस्त तक ही इसे अपलोड कर देना था, लेकिन शासन की तरफ से इसका समय बढ़ा दिया गया था। जिले में 2872 पुलिसकर्मियों की तैनाती है। इसमें से 2871 ने अपना ब्योरा पोर्टल पर दे दिया है। निलंबित पुलिसकर्मी तक अपना ब्योरा देने में पीछे नहीं रहे हैं। पुलिस विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार सिपाही सुगंध चौहान ने केवल अपना डाटा अपलोड नहीं किया है। वह तीन माह से गैर हाजिर चल रहा है। कलेक्ट्रेट में 75 बाबू, नायब तहसीलदार व तहसीलदार की तैनाती है, सभी ने अपना ब्योरा अपलोड कर दिया है। इसी तरह बिजली विभाग में एसडीओ सलेमपुर कुल 292 कर्मचारियों की तैनाती है। अधीक्षक अभियंता वीके सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारियों का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

# आरपीएफ व जीआरपी के साथ थानों की पुलिस भी हुई सक्रिय



प्लेटफार्म पर जांच करते आरपीएफ व जीआरपी के इंस्पेक्टर व जवान • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: प्रदेश में पटरी पर पत्थर रखने के साथ ही अन्य सामान रखकर ट्रेनों को बेपटरी करने की हो रही कोशिश को देख आरपीएफ व जीआरपी ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सोमवार को आरपीएफ व जीआरपी के इंस्पेक्टर व जवानों ने प्लेटफार्म के साथ ही रेलवे ट्रैक की भी जांच की। साथ ही लोगों को जागरूक किया।

प्रदेश में आए दिन ट्रेन को डिरेल करने का प्रयास किया जा रहा है। बलिया जनपद के बकुलहा व मांझी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन को डिरेल करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जगहों पर भी यह स्थिति देखने को मिल रही है। सोमवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद, जीआरपी इंस्पेक्टर सुधाकर उपाध्याय जवानों के साथ प्लेटफार्म के साथ ही रेल पटरियों पर भी गश्त किया और लोगों को ट्रेन को लेकर जागरूक किया।

आरपीएफ बना रही मित्र: रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले लोगों को आरपीएफ मित्र बना रही है और उन्हें किसी तरह की सूचना मिलने पर तत्काल यूपी 112 या फिर आरपीएफ को इसकी जानकारी देने की बात कह रही है।

# बिहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में जड़ी सिंह को किया न्यायालय में पेश

जासं, देवरिया: शराब तस्करी में बिहार के सिवान जिले में बंद ग्राम प्रधान अजीत सिंह उर्फ जड़ी को हत्या के प्रयास के मामले में बिहार पुलिस ने देवरिया एसीजेएम के न्यायालय में पेश किया, हालांकि बनकटा पुलिस को रिमांड नहीं मिली। बिहार पुलिस उसे वापस लेकर सिवान चली गई।

बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम जंजीरहा का निवासी अजीत सिंह जड़ी शराब तस्कर है। इसके विरुद्ध बनकटा समेत बिहार के थानों में भी मुकदमा दर्ज है। गुठनी पुलिस ने 22 अगस्त को धरनी छापर चेक पोस्ट के समीप से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बिहार के सिवान जेल में बंद जड़ी सिंह पर बनकटा थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। उसमें उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। बनकटा पुलिस ने रिमांड के लिए न्यायालय में आवेदन दिया था। बिहार पुलिस ने शराब तस्कर को न्यायालय में पेश किया, लेकिन बनकटा पुलिस को रिमांड नहीं मिल पाई।

# दो वारंटियों को पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

बरहज : स्थानीय थाने की पुलिस ने दो वारंटियों को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें जयनगर निवासी घनश्याम व बिहार के गोपालगंज जनपद वृंदावन निवासी अशरफ शामिल हैं। (जासं)

# छह लोगों को बंदर ने काटा टीम ने पकड़ा

रुद्रपुर : दुग्धेश्वर नाथ मन्दिर के पीछे सहनकोट के समीप एक बंदर ने छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम के अरुण त्रिपाठी ने उसे पकड़ा। घायलों में संजय nभारती, गौरव कुमार गार्ड ,पुनीत दुबे शामिल हैं। (जासं)

# एक ही रात 10 मोबाइल फोन चोरी, लोगों ने दी तहरीर

कपरवार : बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार पश्चिम टोला निषाद बस्ती के घरों में से 10 लोगों का चोर मोबाइल फोन चुरा ले गए। इस मामले में लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है।(जासं)

# पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, खुखुंदू: दहेज के लिए प्रताड़ित कर विवाहिता को घर से निकाल देने के मामले में पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के डुमरिया लाला निकिता चौहान की शादी 2013 में गौरीबाजार के नरायनपुर गांव में विजय चौहान के साथ हुई। छह वर्ष बाद गवना हुआ। आरोप है कि जबसे वह ससुराल गई, तभी से लोग दहेज में पांच लाख रुपये नकद की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। मार्च माह में मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। साथ ही दूसरी युवती से पति ने शादी कर ली। इस मामले में खुखुंदू पुलिस ने पति विजय, ससुर नर्वदा, इंद्रासन, बुआ सुरा देवी पर मुकदमा दर्ज किया है।

## उधार देने से मना करने पर दुकानदार को पीटा

पथरदेवा: उधार देने से मना करने पर कुछ लोगों ने दुकानदार की पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र सकतुई के रहने वाले चंद्रबली सिंह की वृक्षापट्टी चौराहे पर दुकान है। आरोप है कि बघौचघाट थाना क्षेत्र के कुर्मी पट्टी बरवा टोला के रहने वाले इरफान, आबिद, अब्दुल्लाह, जाकिर 28 सितंबर की शाम दुकान पर पहुंचे और उधार देने से मना करने पर उनकी पिटाई कर दिए।

# देवरिया समेत कई जिलों के नप सकते हैं डीएम और कप्तान

## शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रुख अख्तियार किया है। यह लापरवाही मुख्य रूप से देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर जिलों में मिली है। सीएम ने ऐसे जिलों के डीएम, एसएसपी और एसपी की रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट मिलते

### मुख्य सचिव ने लापरवाह अफसरों को लगाई फटकार

इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम, एसएसपी और एसपी को फटकार लगाते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य सचिव शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे।

लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

सीएम योगी ने कुछ दिन पहले एक उच्चस्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश भी दिए थे। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल ही में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने अपनी जांच में पाया कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच आई शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है। सीएम हेल्पलाइन और सीएम डैशबोर्ड से लिए गए फीडबैक में शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया। इनमें देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर जिले शामिल हैं। इन जिलों के शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत के निस्तारण पर 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है।

### गोरखपुर समेत कई जिलों का प्रदर्शन बेहतर

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में पाया कि प्रदेश के कुछ जिलों का अगस्त और सितंबर में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इन्होंने समय से शिकायतों का समाधान कर स्पेशल क्लोज रिपोर्ट लगाई। अगस्त में औरैया, लखीमपुर खीरी व लखनऊ और सितंबर में औरैया, लखीमपुर खीरी, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर का प्रदर्शन अच्छा रहा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम, एसएसपी व एसपी की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अफसरों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिए।

# सीएमएस के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

## कुशीनगर के सीएमएस शहर की न्यू कॉलोनी में संचालित करते हैं अस्पताल

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर में शनिवार की आधी रात को एक बच्ची की मौत पर निजी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ था। न्यू कॉलोनी स्थित अस्पताल में बच्ची एक सप्ताह से भर्ती थी। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के डॉक्टर एचएस राय के खिलाफ केस दर्ज किया था। अस्पताल के डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में सीएमएस के पद पर हैं।

गोपालगंज के विजयीपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया निवासी प्रीति देवी पत्नी गिरीश शाह की 10 वर्षीय बेटी अदिति जायसवाल की तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों के अनुसार उसे 21 सितंबर को शहर

### शनिवार की रात इलाज के दौरान बच्ची की हुई थी मौत

### इलाज में लापरवाही का लगा था आरोप

के न्यू कालोनी स्थित योगेश्वर सेवा संस्थान नामक हास्पिटल में भर्ती कराया था, जहां एक सप्ताह तक इलाज करने के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ था। शनिवार की सुबह पांच बजे बच्ची अदिति की हालत गंभीर होने पर उसके नाक में नली लगाई गई थी। यह देख परिजन अस्पताल कर्मियों से दूसरी जगह इलाज कराने के लिए डिस्चार्ज करने को कहा, लेकिन उन्होंने डिस्चार्ज नहीं किया गया। आरोप था कि डॉक्टर की लापरवाही से उनकी बेटी की जान चली गई, लेकिन उनके द्वारा परिजनों को बताया नहीं गया और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एक सप्ताह तक चले इलाज की पर्ची अस्पताल प्रशासन ने फाड़कर फेंक दिया था। बच्ची को लेकर परिजन मेडिकल कॉलेज गोरखपुर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार की रात 11 बजे परिजन बच्ची का शव लेकर न्यू कालोनी स्थित हास्पिटल पर पहुंचे। वह डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने व पैसा ऐंठने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। भीड़ को देख अस्पताल कर्मी अंदर चले गए।

हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। बच्ची की मां प्रीति की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को योगेश्वर सेवा संस्थान के डॉ. एचएस राय के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बनकटा पुलिस ने रोकी प्रमुख की कार

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग पुलिस चौकी पर हो रही वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्थानीय ब्लाक प्रमुख की गाड़ी को रोक दिया व गाड़ी की डिक्की खोल चेक करने की बात की। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख गाड़ी तो चेकिंग करा दी, लेकिन पुलिस कर्मियों पर नाराज दिखीं।

गौरतलब हो कि रविवार को शाम पुलिस गाड़ी चेकिंग कर रही थी। इसके बाद सोहनपुर के तरफ से स्थानीय ब्लाक प्रमुख की कर आ रही थी। जिसे चेक पोस्ट पर तैनात दरोगा के कहने पर सिपाहियों ने गाड़ी रोक दी और गाड़ी की डिक्की खोलने की बात कही। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख अपने गाड़ी से उतर गईं और दरोगा से सवाल जवाब करने लगीं। प्रमुख अधिकारियों को फोन कीं और संबंधित दरोगा की शिकायत की। संवाद

# दुर्गा पंडालों में फूहड़ गीत बजे तो होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। दशहरा पर्व में पंडालों में स्थापित किए जाने वाली मां प्रतिमाओं को लेकर थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक की गई।

इसमें सभी समुदाय के लोगों के अलावा कमेटियों, डीजे संचालकों आदि को बुलाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि मां दुर्गा पांडालों में अश्लील गाना बजने पर कार्रवाई किया जाएगा।

बीट आरक्षियों को नजर बनाए रखने की हिदायत दी गई।सीओ आदित्य कुमार गौतम, इंस्पेक्टर राहुल सिंह, महेंद्र मोहन मिश्र, अरशद हुसैन, अंगद यादव, पद्माकर मिश्र, धीरेंद्र तिवारी, देवेश सिंह, प्रहलाद गुप्त, हरीश चंद्र यादव, अजय यादव, मन्सोक कुमार, विक्रांत सिंह, अविनाश गुप्त, राजन सिंह, आशीष यादव, अभिषेक, प्रतीक आदि मौजूद रहे।

## सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

तरकुलवा। स्थानीय थाना परिसर में रविवार की शाम को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा व दशहरा के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। सीओ संजय कुमार रेड्डी ने कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनाएं। त्योहारों पर किसी भी कीमत पर अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एसओ मृत्युंजय राय, एसआई केशव मौर्या, संतोष सिंह, हेड मुहर्रिर गणेश यादव, अखिलेश यादव, सुदर्शन मौर्या, सत्यनारायण राव, शिवम सिंह, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# दो लापता किशोर सलेमपुर में मिले, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भाटपाररानी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दो किशोर हो गए थे लापता**

**भाटपाररानी।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दो किशोर लापता हो गए थे। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत थे। वहीं पुलिस दोनों को ढूढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच सलेमपुर में सोमवार शाम पांच बजे उनके होने की सूचना मिली। पुलिस ने सकुशल बरामद उन्हें परिजनों को सौंप दिया।

शंकरपुरा के रहने वाले डब्बू मणि त्रिपाठी के पुत्र सत्यम (12) व प्रेमचंद्र चौहान के पुत्र विजय (13) 29 सितंबर की दोपहर साइकिल लेकर भाटपार रानी उपनगर पहुंचे। वहां गांव के ही परिचित के यहां साइकिल रखकर गायब हो गए थे।

जब दोनों देर शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश परिजन शुरू कर दिए । पता चला कि वह साइकिल रखकर नगर में निकले हैं। पुलिस को तहरीर देकर परिवार वाले किशोरों के साथ किसी प्रकार के आशंका की अनहोनी जताते हुए मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की थी। हरकत में आई पुलिस ने उपनगर में जगह-जगह कैमरे को खंगालना शुरू किया था।

पता चला कि दोनों किशोर रेलवे स्टेशन परिसर तक दिखाई दिए थे। सोशल मीडिया समेत अन्य के सहारे पुलिस उन्हें ढूंढ रही थी। इसी बीच परिजनों व पुलिस को पता चला कि दोनों किशोर सलेमपुर बापू रोड में दिखे हैं।

पुलिस के साथ परिजन भी मौके पर पहुंच और वह मिल गए। बच्चों के मिलने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल हो गया। इंस्पेक्टर दिलीप पांडेय ने कहा कि दोनों की तलाश में पुलिस लगी थी। दोनों को सलेमपुर से बरामद कर उनके परिवार वालों सौंप दिया गया है।

# थाने से आरोपी फरार, छह घंटे पुलिस को छकाने के बाद गांव में ही मिला

## खुखुंदू थाना क्षेत्र के मंगराईच गांव में रविवार रात पति-पत्नी के बीच हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के मंगराईच गांव में रविवार रात को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पत्नी जाकर चाची के घर में छिप गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पति को हिरासत में लेकर थाने चली गई। इसी बीच सोमवार सुबह छह बजे वह लाकअप से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस के हाथ-पांव फूलने लगे। पुलिस आरोपी को ढूंढते हुए कई बार उसके गांव और फिर उसके मामा के घर भी गई। हालांकि वह पुलिस को छह घंटे छकाने के बाद दोपहर को अपने गांव काली मां के स्थान पर मिला। उसका शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

### पुलिस ने पति को हिरासत में लिया था, आरोपी का शांतिभंग में किया चालान

ऐसा कोई मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। अभी जानकारी मिल रही है, अगर पुलिस आरोपी को थाने लाकर दाखिल की होगी और उसके बाद वह पुलिस कस्टडी से फरार हुआ होगा तो फिर जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। -सुनील कुमार सिंह
एएसपी दक्षिणी

खुखुंदू थाना क्षेत्र के मंगराईच गांव निवासी हरिनारायण तिवारी उर्फ डब्लू रविवार की रात करीब सात बजे घर पहुंचा और पत्नी मानवी देवी से विवाद करने लगा। इसी बीच पत्नी जाकर चाची रानी देवी पत्नी बंकटेश्वर तिवारी के घर छिप गई। विवाद बढ़ता देख चाची ने डॉयल-112 पर पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस वहां पहुंची तो पहले हरिनारायण तिवारी को समझा-बुझाकर शांत कराई, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में ही हरिनारायण फिर पत्नी से विवाद करने लगा। पति के पिटाई से आहत पत्नी ने पुलिस से पति को थाने ले जाने के लिए गुहार लगाई। पुलिस हरिनारायण को थाने लेकर चली गई। सोमवार सुबह करीब 6:00 बजे हरिनारायण अचानक पुलिस लाकअप से फरार हो गया। पुलिस थाना परिसर में इधर-उधर सब जगह ढूंढ ली। जब वह कहीं नहीं मिला तो पुलिस के हाथ-पांव फूलने लगे। अब पुलिस हरिनारायण को ढूंढते हुए उसके गांव जा पहुंची। कई बार गांव जाने पर जब वह नहीं मिला तो पुलिस की परेशानी बढ़ने लगी। पुलिस इसके बाद भटनी थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव हरिनारायण के मामा के घर जा पहुंची। वहां से भी वह खाली हाथ लौटी। पुलिस लगातार हरिनारायण तिवारी को ढूंढने में लगी रही। करीब छह घंटे बाद जाकर दोपहर में करीब बारह बजे वह पुलिस को अपने गांव के काली मां के स्थान पर मिला। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। एसओ दिग्विजय सिंह ने आरोपी के फरार होने से इंकार किया। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर चाची की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। उसका शांतिभंग में चालान किया गया है। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने कहा मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। एसओ से पता करता हूं।

## पति, ससुर समेत चार के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। विवाहिता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने पति, ससुर समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। विवाहिता ने पति के खिलाफ दहेज के रूप में पांच लाख की मांग करने और नहीं देने पर घर से निकाल दूसरी शादी रचाने का आरोप लगाते हुए रविवार को थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच कर केस दर्ज किया है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के डुमरिया. लाला के कुसहा टोला निवासी निकिता चौहान की छह मई 2013 में गौरी बाजार थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव निवासी विजय चौहान से हिन्दू रिति-रिवाज से शादी हुई। विवाहिता का आरोप था कि जबसे ससुराल गई, तबसे ही पति समेत ससुराल वाले दहेज के रूप में पांच लाख रुपये नकदी मांगने लगे। नहीं देने पर परिवार वाले मिलकर तरह-तरह की यातनाएं देने लगे। पांच मार्च 2024 को पति, ससुर समेत अन्य ससुराल वालों ने मिलकर मेरी पिटाई कर दी और घर से निकाल दिया। पति विजय चौहान ने इसी बीच दूसरी युवती से शादी रचा लिया है।

## भूमि विवाद में लोगों ने महिला को पीटा, चार पर मुकदमा

तरकुलवा : क्षेत्र के रतनपुरा में भूमि विवाद में महिला की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने जयनाथ, सरिता देवी, हरिकेश व बलि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई गांव की कुसमावती देवी की तहरीर पर की गई है।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024



अहिरौली बाजार थाने में पीस कमेटी की बैठक करते एसओ रवि राय। • हिन्दुस्तान

# आपसी भाईचारे से मनाएं दशहरा का त्योहार

**कुशीनगर।** दशहरा त्योहार के लेकर जिले के विभिन्न थानों में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। पटहेरवा संवाद के अनुसार आगामी त्योहार के मद्देनजर पटहेरवा थाना परिसर में दशहरा और अन्य त्योहारों में बजने वाले डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई। अहिरौली बाजार संवाद के अनुसार एसओ रवि कुमार राय ने कहा कि शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मानाएं। इस दौरान उपनिरीक्षक संजय कुमार अजित कुमार राज नारायण यादव अनिल यादव सहित थाना क्षेत्र के गणमान्य सम्भ्रांत व्यक्ति एवं दुर्गा पूजा समिति का आयोजक उपस्थित रहे।

# दो पशु तस्कर गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध

**पटहेरवा।** एसपी संतोष कुमार मिश्र के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा पुलिस ने गोरखपुर से बिहार एवं अन्य जगहों पर प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी कर आर्थिक लाभ लेने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया है। पटहेरवा एसओ दीपक सिंह ने बताया कि अभियान के क्रम में पशु तस्करी में पहले से वांछित अभियुक्त जो गोरखपुर से लेकर बिहार प्रदेश एवं अन्य जगहों तक तस्करी में लिप्त हैं।

# अनियंत्रित कार पलटी बाल-बाल बचे एसआई

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित रजवटिया गांव के सामने सोमवार के दिन कार से कसया की तरफ जा रहे तरया सुजान के एक एसआई की कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। किसी तरह बाल बाल बचे एसआई को स्थानीय पुलिस ने फाजिलनगर अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि एसआई खतरे से बाहर हैं।

तरयासुजान में तैनात एसआई मृत्युंजय किसी जरूरी काम से सोमवार के दिन लग्जरी कार से कसया की तरफ जा रहे थे। अभी जैसे ही वह पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित रजवटिया गांव के पास पहुंचे ही थे कि उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में किसी से तरह बाल बाल बचे एसआई को पटहेरवा पुलिस ने इलाज के लिये फाजिलनगर अस्पताल पहुंचाया।

# नाबालिग बच्चियों से छेड़खानी, केस

हाटा/ढाढा। हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे बीते 27 सितंबर को गांव के बाहर दो परिवार की छोटी छोटी बच्चियां खेल रही थी कि उसी गांव का एक अधेड़ व्यक्ति उन बच्चियों को किनारे ले गया। उनके साथ छेड़खानी व गलत हरकत करने लगा। बच्चियों ने घर पहुंच कर रोते हुए अपनी मां को जानकारी दी।

परिजन परेशान हो उठे। उस व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने बताया कि लड़कियों की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# एनआईए के हाथ लगे अहम सुराग

**हि फॉलोअप**

■ दीपक पांडेय

■ नेपाल के साथ ही सऊदी अरब से जोड़कर हो रही कनेक्शन की जांच
■ एक मदरसे से भी गिरोह के कनेक्शन के जुड़े होने के मिले हैं सुराग

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। जाली करेंसी कांड के बाद इस गिरोह के अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन की जांच में जुटी एनआईए टीम को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय जांच एजेंसी को इस गिरोह का कनेक्शन की जांच सऊदी अरब एवं नेपाल से जोड़ते हुए कर रही है। इस गिरोह के अंतिम एवं बड़े सिंडीकेट की तह तक पहुंचने के लिए जांच टीमें काफी बारीकी से सभी तथ्यों की सभी कड़ियों को जोड़ते हुए इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों के गिरेबान तक कानूनी शिकंजा पहुंचाने में जुटी हुई है। जांच एजेंसियों की जांच में इस गिरोह का कनेक्शन तमकुहीराज स्थित एक मदरसे से मिलने के बाद मदरसा से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति है।

तमकुहीराज कस्बे से जाली करेंसी एवं अवैध हथियार के जखीरे के साथ पकड़े गए 11 आरोपियों की अंतराष्ट्रीय कनेक्शन की तलाश में एटीएस एवं एनआईए के साथ अन्य जांच एजेंसियां जुड़ी हुई हैं। इस गिरोह के पर्दाफाश के लिए कुशीनगर पुलिस एवं एजेंसियो की जांच पड़ताल में प्रतिदिन नए नए तथ्य उजागर हो रहे हैं। हालांकि इस गिरोह के पर्दाफाश में राष्ट्रीय जांच एजेंसियो के शामिल होने के बाद सभी कार्रवाई को गोपनीय रखा जा रहा है। जाली करेंसी गिरोह के मुख्य आरोपी रफी अहमद उर्फ बबलू के भतीजे एवं उसके पुत्र के सऊदी अरब में होने की जानकारी ने जांच पड़ताल कर रही टीमों को चौका दिया है। रफी अहमद उर्फ बबलू का भतीजा साइबर अपराधी है। पिछले दिनों कर्नाटक पुलिस एवं कुशीनगर पुलिस ने उसके भतीजे को करोड़ों के साइबर फ्राड करने के मामले में हिरासत में लिया था। दूसरी तरफ जाली करेंसी कांड में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए तीन आरोपी तमकुहीराज में स्थित मदरसा गौसिया इमदादुल उलूम के प्रबंधकीय कमेटी में शामिल हैं। जांच एजेंसियों की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जाली करेंसी गिरोह के रफी अहमद, नौशाद खान एवं हासिम अंसारी मदरसा गौसिया इमदादुल उलूम के सदस्य हैं।

जाली करेंसी गिरोह के तह तक पहुंचने के लिए एनआईए की तीन टीमों के साथ एटीएस एवं कुशीनगर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस बड़े कांड में अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन की टोह में एनआईए एवं एटीएस के शामिल होने के बाद लोकल एजेंसियां भी लगातार कस्बा एवं आसपास के क्षेत्रों की निगरानी करते हुए इस गिरोह से जुड़े लोगों को रडार पर लेकर गहनता से छानबीन कर रही है। आरोपियों के सीडीआर एवं उनसे पूछताछ के क्रम में जुटी जांच टीमें उनके मददगारों एवं सहयोगियों सहित इनके बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से पूछताछ कर अपने जांच का दायरा बढ़ा रही है।

## तमकुही राज के दो शातिर पशु तस्करों की भी खुली हिस्ट्रीशीट

# गिरोह के छह बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

**जाली नोट प्रकरण**

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ बनाये जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से जिले के आठ बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोल कर विशेष निगरानी शुरू की गयी है। इनमें पिछले दिनों प्रकाश में आए जाली करेंसी गिरोह के छह बदमाश शामिल हैं। एसपी संतोष मिश्र का कहना है कि अन्य अपराधियों का भी आपराधिक इतिहास संकलित किया जा रहा है। उनके विरूद्ध भी हिस्ट्रीशीट की कार्यवाही की जायेगी

सोमवार को जिन 8 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है, वह सभी तमकुही राज, तरया सुजान व सेवरही थाने से संबंधित हैं। इन सभी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज थे। एसपी से मिली जानकारी के अनुसार जाली नोट गिरोह के शेख जमालुद्दीन पुत्र स्व सरफुद्दीन निवासी वार्ड गांधीनगर थाना तमकुहीराज, सपा नेता नौशाद खान पुत्र रियाजुल निवासी वार्ड नं 4 गांधी नगर तमकुहीराज, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी पुत्र शेख सरफुद्दीन निवासी वार्ड नं 4 थाना तमकुहीराज, मो रफी पुत्र अब्दुल करीम निवासी रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन पुत्र नूरमोहम्मद निवासी झड़वा थाना तरया सुजान व मुस्तकीम पुत्र कलाम निवासी भुलिया अगरवा थाना तरयासुजान तथा दो शातिर पशु तस्कर सलीम उर्फ कटप्पा पुत्र इद्रीश शाह साकिन लक्ष्मीपुर थाना तमकुहीराज तथा गुलाब हसन पुत्र मजीबुल्लाह उर्फ घूरा निवासी लतवा मुरलीधर थाना तमकुहीराज की सोमवार को हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

**अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन सौंप :** बार संघ तमकुही राज के अधिवक्ताओं ने जाली करेंसी कांड के आरोपी हासिम अंसारी को बेकसूर बताते हुए अध्यक्ष अशोक कुमार राय की अगुवाई में एसडीएम विकास चंद्र को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को जाली करेंसी कांड में आरोपी हासिम अंसारी के अधिवक्ता एवं बार संघ तमकुही राज के एल्डर कमेटी के सदस्य आरोपी के पिता हारून अली द्वारा बार संघ को दिए शिकायती पत्र के आधार पर आम सभा की बैठक में हुए निर्णय के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिए पत्रक में आरोप लगाया कि हासिम अंसारी निर्दोष है।

- नेपाल व बंगाल तक कनेक्शन खंगाल रही एनआईए की टीम
- मामले की जांच में अलग से जुटी हैं एटीएस व पुलिस की टीमें

## एनआईए की तीन टीमें कर रहीं मामले की जांच

**तमकुहीराज।** जाली करेंसी कांड के तह तक पहुंचने व इस घटना के अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन तलाशने के लिए एनआइए की तीन टीमें जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। हालांकि पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि एनआईए की टीम जांच कर वापस चली गई हैं। पिछले 23 सितंबर को तमकुहीराज कस्बे में भारी जाली करेंसी, नेपाली करेंसी, नेपाल के सीम कार्ड, अवैध हथियारों एवं देशी बम के जखीरा बरामद होने के मामले में एटीएस के साथ एनआईए की तीन टीमें घटना की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामला राष्ट्र के सुरक्षा से जुड़े होने के कारण गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए की तीन टीमें घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इसमें से एक टीम थाने पहुंची थी। जबकि एक टीम नेपाल तथा दूसरी टीम सिलीगुढ़ी एवं असोम पहुंचकर इस सिंडीकेट का पर्दाफाश करने के लिए जांच में जुटी हुई है। हालांकि तमकुहीराज थाने पहुंची एनआईए की टीम रविवार को थाना परिसर पहुंच कर मामले से जुड़े साक्ष्यों एवं तमाम जानकारी लेकर वापस लौट गई थी।

# फोन पर तीन तलाक देने का आरोप

**बेलवा कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद।** चौरा थाना क्षेत्र के मायके में रह रही एक विवाहिता ने पति पर आरोप लगाया है कि विदेश से पति ने उसे फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की है।

उस्मानपुर निवासी मुस्ताक अली की पुत्री हिना ने शिकायती पत्र में लिखा है कि लगभग 8 वर्ष पहले मेरा विवाह रामकोला थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव में मुस्लिम रीति रिवाज के साथ धूमधाम से हुआ था। मेरे 7 वर्ष का एक बेटा और 5 वर्ष की एक बेटी भी है। कुछ दिन पहले देवर भी बहुत मारा पीटा और ससुराल वालों ने मिलकर हमको घर से निकाल दिया। मायके चली आई। इसके बाद पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। इन दिनों वह विदेश से घर को आए हुए हैं।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

जासं,पडरौना: कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चोरी के सामान के साथ दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर बाल सुरक्षा गृह गोरखपुर भेजा है। इसकी जानकारी अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।

## 12 गो-तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

जागरण संवाददाता,पडरौना, कुशीनगर : जिले के दो थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सोमवार को 12 गो-तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसमें पटहेरवा में दो व कप्तानगंज की पुलिस ने एक ही गैंग के 10 आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पटहेरवा में चार जुलाई 2024 को चार गोवंश के साथ पकड़े गए असलम परसौनी पांडेय पट्टी पटहेरवा व ऋषिकेश सिंह उर्फ अजीत सिंह निवासी अशोगवा बुजुर्ग पटहेरवा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कप्तानगंज पुलिस ने सदरे आलम वीर अब्दुल हमीद नगर खिरिया टोला थाना कोतवाली पडरौना, विक्की प्रसाद गोपालगढ कसया हाल मुकाम मगहरिया आमकोल थाना चौरीचौरा गोरखपुर, लालबाबू जोगिया थाना चौरीचौरा गोरखपुर, कोतवाली पडरौना के बसहिया के सैफ अली, बाबू अली, रिजवान अली, अरमान अली, रियाज उर्फ ननकी, रुस्तम उर्फ राशिद निवासी बासीदहवा धनहा बगहा (पश्चिमी चंपारण), इमामुल उर्फ बिहारी निवासी परसौना खुर्द रामकोला के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# दो पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

जासं,पडरौना: पुलिस कार्यालय में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने सेवानिवृत्ति उपनिरीक्षक देव भाष्कर तिवारी व मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मेवालाल को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी। इस अवसर पर सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय मौजूद रहे।

# शांति व सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार

जासं, अहिरौली बाजार: थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने कहा कि शांति व सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शोभा यात्रा में शामिल होने वाले नशे का सेवन न करें, अफवाहों पर ध्यान न दें। पंडाल में सीसी कैमरे लगाने के अलावा अग्निशमन यंत्र, बालू, प्रकाश की व्यवस्था की जाए। दुर्गा प्रतिमाओं के पूजन-दर्शन के लिए महिला व पुरुष की अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाए जाएं।

# प्रेमी से नहीं हुई शादी तो नहर में कूदी, ग्रामीणों ने बचाया

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार (कुशीनगर) : घर से नाराज होकर निकली कसया नगर की रहने वाली युवती रविवार की देर रात चौरा खास के धुनवलिया फोरलेन क्रासिंग के सामने नहर में कूद गई। आसपास के लोगों ने उसे नहर से बाहर निकाल कर जान बचाई। पुलिस ने फाजिलनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां उसने खुद को बिहार के पश्चिमी चंपारण के गांव चिउटहा का निवासी बताया। आरोप लगाया कि पिता उसको बेचना चाह रहे थे, इसलिए घर से नाराज होकर निकली थी। दो बहनों को पहले ही बेच चुके हैं। युवती की बहन जब थाने पहुंची तो सच्चाई सामने आई और पुलिस ने युवती को उसकी बहन को सौंप दिया।

देर रात एक 20 वर्षीय युवती फोरलेन किनारे धुनवलिया चौराहा से गुजर रही नहर में कूद गई। नहर में गिरने की आवाज सुन बगल के दुकानदार जवाहर जायसवाल व अजय मद्धेशिया दौड़े तथा युवती को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। भींगने की वजह से वह ठंड से कांप रही थी। युवती ने बताया कि वह बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के गांव चिउटहा की रहने वाली है। नाम सरोज कुमारी व पिता का नाम कैलाश है। उसने बताया कि वह आठ बहनें हैं। पिता नशेड़ी हैं। वह उसकी दो बहनों को बेच चुके हैं। उसे भी बेचने की फिराक में थे, जानकारी हुई तो 20 दिन पूर्व घर से निकल गई थी। थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि युवती ने सारी कहानी गढ़ी थी। थाने पहुंची कसया नगर की रहने वाली उसकी बहन ने पूरी सच्चाई बताई। वह हिंदू धर्म की नहीं है। सारा मामला प्रेम प्रसंग का है। स्वजन प्रेमी युवक से शादी करने से इन्कार कर रहे हैं, इसी से वह नाराज होकर घर से जान देने निकली थी।

# आज कुशीनगर पहुंचेंगी राज्यपाल, जाएंगी दरभंगा

कसया: राज्यपाल आनंदी बेन पटेल हेलीकाप्टर से मंगलवार को दोपहर 1.35 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। 1.40 बजे यहां से विमान से बिहार के दरभंगा के लिए प्रस्थान करेंगी। बताया जा रहा है कि वहां एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह जानकारी देते हुए एडीएम वैभव मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट पर आवश्यक तैयारी की गई है। अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। (विज्ञप्ति)

# सपा नेता समेत आठ की खुली हिस्ट्रीशीट

## नकली नोट व नेपाली करेंसी पकड़े जाने के मामले में अब तक 11 किए गए हैं गिरफ्तार

### नकली नोट प्रकरण

जागरण संवाददाता,पडरौना (कुशीनगर): नकली नोट व नेपाली करेंसी और असलहे संग 11 तस्करों के पकड़े जाने के मामले में शिकंजा कसता जा रहा है। एनआइए व एटीएस जैसी जांच एजेंसियां जहां इस गंभीर मामले की जांच कर रहीं हैं, वहीं पुलिस भी अपनी कार्रवाई को लेकर आगे बढ़ रही है। सोमवार को पुलिस ने सपा नेता समेत आठ आरोपितों की हिस्ट्रीशीट खोली। ये सभी जेल में बंद हैं।

एसपी संतोष कुमार मिंश्र के निर्देश पर जिनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, उनमें नौशाद खान निवासी गांधी नगर वार्ड तमकुहीराज (प्रदेश महासचिव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सपा), मोहम्मद रफी अंसारी निवासी रकबा दुलमापट्टी थाना सेवरही, औररंगजेब उर्फ लादेन निवासी झड़वा थाना तरयासुजान, शेख जमालुद्दीन वार्ड संख्या चार गांधी नगर कस्बा व थाना तमकुहीराज, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी वार्ड संख्या चार कस्बा व थाना तमकुहीराज, सलीम उर्फ कटप्पा लक्ष्मीपुर तमकुहीराज, गुलाब हसन लतवा मुरलीधर तमकुहीराज, मुस्तकीम भुलिया अगरवा तरयासुजान शामिल हैं। इसमें मोहम्मद रफी अंसारी पर 11, औरंगजेब पर आठ, परवेज इलाही पर आठ, नौशाद पर चार, शेख जमालुद्दीन पर चार मुकदमा पंजीकृत है।

### अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा पत्रक

जागगरण, संवाददाता, तमकुहीराज : नकली नोट के मामले में अधिवक्ता को फंसाए जाने से नाराज अधिवक्ताओं के एक समूह ने सोमवार को तहसील परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम विकास चंद को पत्रक सौंप। आरोप है कि पुलिस ने पकड़े गए नकली नोट के मामले में निर्दोष अधिवक्ता को भी आरोपित बना दिया है। इनका कहना है कि तमकुहीराज तहसील में नगर पंचायत के हरिहरपुर धुसी टोला निवासी अधिवक्ता हारून अली खां व पुत्र हासिम खां अधिवक्ता हैं। हासिम 21 सितंबर की रात नौ बजे फाजिलनगर से वापस घर लौट रहे थे, तमकुहीराज पुलिस ने बाइक सहित हिरासत में लेकर थाने लाई। स्वजन थाने पहुंचे तो पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ने की बात कही। 23 सितंबर को बार संघ तमकुहीराज के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल थाने पहुंचा तो पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ने का आश्वासन दिया। कुछ देर बाद पुलिस ने हासिम खां का इस मामले में चालान कर दिया, जो गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए।

### रफी व इलाही के संबंधों को भी खंगाल रही एनआइए

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज (कुशीनगर) : तमकुहीराज में पुलिस द्वारा जाली करेंसी व भारी मात्रा में असलहों के साथ नेपाली करेंसी की बरामदगी के साथ गिरफ्तार सपा के दो नेताओं सहित दस की कुंडली खंगाली जा रही है। मामले की जांच में तमकुहीराज पहुंची एनआइए की टीम गिरफ्तार रफी उर्फ बबलू खान, इलाही व औरंगजेब उर्फ लादेन के लोकल कनेक्शन की जांच कर रही है। चर्चा है कि शीघ्र ही मामले से पर्दा उठेगा तो कुछ नए नाम सामने आएंगे। बताया जा रहा है कि पटहेरवा, फाजिलनगर व बिहार के सीमावर्ती गांव से भी इनके तार जुड़े होने की बात सामने आ रही है। यहां के एक जिला पंचायत सदस्य के पुत्र व एक ईंट भट्ठा मालिक को संदिग्ध मान एनआइए की जांच कर रही है। टीम को इनके कनेक्शन के कुछ ठोस प्रमाण मिलने की भी चर्चा है। वही बिहार के एक प्रापर्टी प्रापर्टी डीलर पर भी नजर है। 5.64 लाख जाली करेंसी, असलहा व नेपाली करेंसी सहित सपा के दोनों बड़े नेताओं सहित दस लोगों के पकड़े जाने के बाद पुलिस वाहवाही लूट रही है, वहीं कांग्रेस व सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियां इस बरामदगी पर सवाल खड़ा कर प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने की मांग कर रहीं हैं। बताया यह भी जा रहा है कि एनआइए को पुख्ता इनपुट मिला है कि तमकुहीराज में यह गिरोह लंबे समय से नकली नोट का धंधा कर रहा था।

# नगर में जाम से मुक्ति का नहीं हो रहा स्थाई समाधान

- बड़ी गंडक नहर पर बाईपास मार्ग पर सर्वाधिक परेशानी
- व्यवस्थित नहीं हो पा रही शहर की यातायात व्यवस्था

जागरण संवाददाता, पडरौना : सड़कों पर बेतरतीब वाहनों के संचलन व अतिक्रमण से नगरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। आए दिन हो रही दिक्कत से परेशान शहरवासी पूछ रहे हैं कि आखिर जाम से प्रशासन कब निजात दिलाएगा। ऐसी ही स्थिति सोमवार को पडरौना-कसया मार्ग पर देखने को मिली। सुबह नौ बजे से बड़ी गंडक नहर पर जाम की समस्या से लोग जूझते रहे। छावनी के कुबेरस्थान मोड़ से लेकर बड़ी गंडक बाईपास तक लगभग पांच सौ मीटर की दूरी तय करने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। धूप में बाइक पर सवार महिलाएं व बच्चे परेशान दिखे।



पडरौना नगर के छावनी में लगा जाम ● जागरण

दिनभर चले जाम की वजह से वाहन चालकों को काफी दिक्कत हुई। जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम कुबेरस्थान मोड़, कठकुइयां मोड़, सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बना रहा। लोगों ने यातायात पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। व्यापारी सुधीर कुमार का कहना है कि दो व चार पहिया वाहन चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस को चाहिए कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए। तेज प्रताप तिवारी ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। दिलीप कुमार चौरसिया का कहना है कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड में चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। दिलीप कुमार मोदनवाल ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। इस समस्या के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाया जाना चाहिए। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में अधिक परेशानी ई-रिक्शा व बाइक चालकों की वजह से हो रही है। शीघ्र ही इसे और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा।

एसडीएम, सदर व्यास नारायण उमराव ने बताया कि बेतरतीब वाहन चलाने वालों और अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ी है। इसके लिए ईओ से अतिक्रमण वाले चौराहों व सड़कों का ब्योरा मांगा गया है। शीघ्र अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# जदयू नेता पर हमले के मामले में दूसरे पक्ष ने दी तहरीर

जासं, कसयाः जदयू (जनता दल यूनाइटेड) नेता शैलेंद्र सिंह पर हमला के मामले में घटना के दूसरे दिन सोमवार को नया मोड़ आ गया। दूसरे पक्ष ने जदयू नेता पर मुकदमे से नाम हटवाने के लिए दो लाख रुपया मांगने बंदूक तान कर धमकी देने और गाड़ी से कुचल कर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी।

कसया के बतरडेरा निवासी विजय कुमार सिंह ने तहरीर में कहा कि रविवार को दोपहर बाद तीन बजे कुबेरस्थान के सखवनिया बुजुर्ग निवासी जदयू नेता मुकदमे से नाम हटवाने के लिए दो लाख रुपये की मांगे। पैसा देने में असमर्थता जताने पर जेल भेजवाने की धमकी देते हुए अपशब्द कहने लगे। मना करने पर गाड़ी से बंदूक निकाल कर तान दिए।

# शरारती तत्वों पर रखें नजर

**रामकोला/पटहेरवा।** रामकोला थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से नवरात्र का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाने और शरारती तत्वों पर नजर रखने की अपील की। एसएचओ आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि नवरात्र का त्योहार आपस में मिलकर मनाएं। समाज के कुछ शरारती तत्व विवाद उत्पन्न करते हैं। उन पर नजर रखें। अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचित करें। संवाद

# शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अहिरौली बाजार।** थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने कहा कि कहीं कोई अराजक तत्व दिखे, तो उसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने दुर्गा पूजा में शोभायात्रा के दौरान शराब का सेवन नहीं करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन यंत्र व बालू आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि त्योहार में अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पशु तस्करी के 10 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने की पुलिस ने पशु तस्करी गैंग से जुड़े 10 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पशु तस्करी गैंग के सदरे आलम निवासी वीर अब्दुल हमीद नगर खिरिया टोला कोतवाली पडरौना, विक्की प्रसाद निवासी गोपालगढ़ थाना कसया हाल मुकाम मगहरिया आमकोल थाना चौरीचौरा, लालबाबू निवासी जोगिया थाना चौरीचौरा जिला गोरखपुर, सैफ अली, बाबू अली, रिजवान अली, अरमान अली, रियाज उर्फ ननकी निवासी बसहिया कोतवाली पडरौना, रुस्तम उर्फ राशिद निवासी बांसी दहवा थाना धनहा प. चंपारण बिहार व इमामुल उर्फ बिहारी निवासी परसौना खुर्द थाना रामकोला के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। संवाद

# दो वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी आदि के मामले में वांछित गजेंद्र उर्फ सोनू यादव निवासी मथौली बाजार झमई टोला थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। वहीं, दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त शंभू चौहान निवासी चैनपुर थाना महुअवा जनपद देवरिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# दो वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** रामकोला थाने की पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों मनौवर निवासी हनुमानगंज नौका टोला व सुब्बा खा निवासी धुआटीकर थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# अपहरण आदि के मामले में वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** रविंद्रनगर धूस थाने की पुलिस ने अपहरण आदि के मामले में वांछित अंकित मिश्रा निवासी भलुही महमदपुर थाना बघड़िया जिला सीवान बिहार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# चोरी के सामान के साथ पकड़े गए बाल अपचारी

**पडरौना।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। उनके कब्जे से पीतल के 34.9 किलो बर्तन, तीन किलो एल्युमीनियम के बर्तन, 3.2 किलो स्टील के बर्तन की बरामदगी की गई है। संवाद

# दो पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पटहेरवा।** पशु तस्करी गिरोह के दो सदस्यों के खिलाफ पटहेरवा पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। एसओ दीपक सिंह ने बताया कि पशु तस्करी के मामले दोनों अभियुक्त गोरखपुर से लेकर बिहार व अन्य जगहों पर संलिप्त हैं। अभियुक्तों में शामिल असलम निवासी परसौनी पांडेय पट्टी व ऋषिकेश सिंह उर्फ अजीत सिंह निवासी अशोगवा कुशीनगर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# कुशीनगर के सीएमएस पर केस दर्ज, जांच शुरू

**देवरिया।** शहर में शनिवार की आधी रात को एक बच्ची की मौत पर निजी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ था। न्यू कॉलोनी स्थित अस्पताल में बच्ची एक सप्ताह से भर्ती थी।

आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के डॉक्टर एचएस राय के खिलाफ केस दर्ज किया था। अस्पताल के डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में सीएमएस के पद पर है।

गोपालगंज के विजयीपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया की प्रीति देवी पत्नी गिरीश शाह की 10 वर्षीय बेटी अदिति जायसवाल की तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों के अनुसार उसे 21 सितंबर को शहर के न्यू कालोनी स्थित योगेश्वर सेवा संस्थान नामक हास्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार की सुबह परिजन अस्पताल कर्मियों से डिस्चार्ज करने को कहा, लेकिन उन्होंने डिस्चार्ज नहीं किया। संवाद

# धर्मांतरण कराने वाले आरोपी की जमानत याचिका खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

### गोरखपुर से अगवा कर आरोपी ने किशोरी का कराया था धर्मांतरण

अदालत से

**पडरौना।** किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के बाद धर्मांतरण कराने वाले आरोपी की जमानत याचिका सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शशि के न्यायालय ने खारिज कर दी। आरोपी किशोरी को गोरखपुर से अपने दो साथियों की मदद से अगवा कर धर्मांतरण कराया था।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपनी चार बेटियों के साथ गोरखपुर तिवारीपुर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थी। गांव के दूसरे टोले का आरोपी आजाद अंसारी दो दोस्तों के साथ स्कूल जाते समय रास्ते से छोटी बेटी को धक्का देकर किशोरी को कार में जबरन बैठाकर फरार हो गया था।

पुलिस ने किशोरी को ढूंढ़कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के बयान में धर्मांतरण कराने और दुष्कर्म का मामला सामने आया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

# झूठे मुकदमे में अधिवक्ता को फंसाने का आरोप, एसडीएम को ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी

### जाली नोट व गैर कानूनी सामान के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी का मामला

**तमकुहीराज।** तमकुहीराज तहसील के राजस्व न्यायालय के अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि जाली नोट व अन्य गैरकानूनी सामान के साथ आरोपियों में शामिल किए गए एक आरोपी अधिवक्ता को पुलिस ने झूठे मुकदमे में फंसाया है।

अधिवक्ताओं ने बताया कि तमकुहीराज राजस्व न्यायालय में कार्य करने वाले नगर पंचायत के हरिहरपुर धुसी टोला निवासी अधिवक्ता हारून अली खां का पुत्र हासिम खां भी पेशे से वकील हैं। आरोप है कि 21 सितंबर की रात नौ बजे फाजिलनगर से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान तमकुहीराज पुलिस ने बाइक समेत उन्हें हिरासत में लेकर थाने चली गई। जानकारी के बाद परिजन थाने पहुंचे तो पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ने का हवाला दिया।

# रंगदारी नहीं देने पर शिक्षक के बेटे को उठाने की धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** एक शिक्षक से 25 लाख की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर बदमाशों ने बेटे को उठा ले जाने की धमकी दी है। दरवाजे पर धमकी भरा पत्र मिलने के बाद शिक्षक का परिवार सहमा हुआ है। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने धमकी भरा पत्र कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के शिवदत्त छपरा गांव निवासी श्याम बिहारी सिंह रविवार को सुबह सोकर उठे तो दरवाजे पर एक पत्र मिला। इसमें भोजपुरी में लिखा है कि दो दिन के अंदर 25 लाख रुपये दे दीजिए, यह आपके लिए बड़ी बात नहीं है। ऐसा नहीं किए तो शिक्षक

## दरवाजे पर धमकी भरा पत्र मिलने से घर वाले सहमे

के बेटे को उठा लिया जाएगा। पत्र में लिखा गया है कि हम लोग आपके घर पहुंच गए तो कुछ भी कर सकते हैं।

पुलिस को सूचना नहीं देने की धमकी देते हुए कहा गया है कि पैसा कहां देना है? बता दिया जाएगा। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद गांव में भी तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इसकी जांच की जा रही है। धमकी भरा पत्र कहां से दरवाजे पर पहुंचा। इसका भी पता लगाया जा रहा है।

# लादेन समेत आठ की खुली हिस्ट्रीशीट, गैंगस्टर की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** जाली नोट कांड में शामिल औरंगजेब उर्फ लादेन समेत आठ बदमाशों की पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है। बदमाशों पर वर्ष 2014 से गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें छह जाली नोटों के साथ गिरफ्तार आरोपी है। पुलिस इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

पुलिस रिकार्ड में तशेख जमालुद्दीन, नौशाद खान, परवेज इलाही उर्फ़ कौसर अफरीदी, सेवरही क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी निवासी मोहम्मद रफी, तरया सुजान थाना क्षेत्र के झड़वा निवासी औरंगजेब उर्फ़ लादेन, इसी थाना क्षेत्र के गांव भूलिया अगरवा निवासी मुस्तकीम को पुलिस जाली नोट, असलहे, कारतूस, बम, विदेशी करेंसी के साथ गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने इन बदमाशों का रिकार्ड खंगाला तो गैंगरेप और कई गंभीर मुकदमे दर्ज है और पुलिस रिकार्ड में करीब एक दशक पूर्व बदमाशों का नाम आया था।

तुर्कपट्टी थाना के जोकवा बाजार में पशु तस्करों को को करीब एक साल पूर्व पुलिस ने रोकने की कोशिश की थी। खुद को घिरता देख आरोपी सलीम उर्फ कटप्पा ने चार पहिया वाहन चढ़ा दिया था। इसमें एक सिपाही की मौत हो गई थी। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर निवासी गुलाब हसन व लक्ष्मीपुर गांव निवासी सलीम उर्फ़ कटप्पा की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। सभी आरोपियों पर पांच से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि आठ बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इनके खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## इन थानों में दर्ज हैं केस

**तमकुहीराज।** सेवरही थाने के रकबा दुलमा पट्टी निवासी मोहम्मद रफी के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई सेवरही थाने में हुई है। इसके अलावा तरया सुजान, विशुनपुरा थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं, तरया सुजान थाना क्षेत्र के झड़वा निवासी औरंगजेब खान उर्फ़ लादेन के खिलाफ सेवरही, तरया सुजान व तमकुहीराज थाने में आठ मुकदमे दर्ज हैं।
तमकुहीराज थाने में नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी परवेज इलाही के खिलाफ बिहार के बेतिया, तमकुहीराज, सेवरही, तरया सुजान थाने में आठ मुकदमे दर्ज हैं। नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नं. चार निवासी नौशाद खान के खिलाफ तरया सुजान, तमकुही व सेवरही थाने में चार केस दर्ज हैं। नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर चार निवासी शेख जमालुद्दीन के खिलाफ तरया सुजान, सेवरही थाने में चार केस दर्ज हैं। तरया सुजान थाना क्षेत्र के भूलिया अगरवा निवासी मुस्तकीम के खिलाफ तरया सुजान, तमकुहीराज व सेवरही थाने में सात केस दर्ज है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# ताल में डूबे व्यक्ति की 20 घंटे बाद मिली लाश

फॉलोअप

**बृजमनगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के आलम चक और महुवाघाट मार्ग के बीच उबटनवा ताल में रविवार की दोपहर गिरे शख्स की लाश 20 घंटे बाद मिल गई। सौरहा गांव के दौलतपुर का रहने वाला यह शख्स बाजार से घर लौटते समय साइकिल से अनियंत्रित होकर पुल से ताल में गिर गया था। घटना के बाद से ही उसकी तलाश में गोताखोर लगे थे और सोमवार दोपहर उसकी लाश मिली।

रविवार को रामअवध पुत्र शोहरत (45) लेदवा बाजार गया था। वापस घर लौटते समय अभी उबटनवा पुल के पास पंहुचा कि साइकिल से अनियंत्रित होकर पानी में गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे पानी में गिरते देखा। कुछ लोग पानी में कूदकर उसकी तलाश करने लगे। मौके पर पुलिस टीम भी पहुंची और उसकी ताल में देर रात तक तलाश कराई गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार की सुबह से स्थानीय गोताखोर ताल में उतरकर उसकी तलाश में लग गए। काफी मशक्कत के बाद जाकर दोपहर में उसका शव बरामद हो सका।

मौके पर नायब तहसीलदार अंकित कुमार अग्रवाल, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता, हल्का लेखपाल रामभजन, अशोक मिश्र, विश्वनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**अभी नहीं हुई थी शादी, गांव में शोक**

मृतक रामअवध के दो बड़े भाई राम केसर और राम सांवर हैं। उसके माता-पिता की मौत पहले हो चुकी है। रामअवध की अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से गांव में शोक की लहर है।

# एक वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ढूठीबारी।** ढूठीबारी एसओ योगेंद्र कुमार ने बताया कि रूटीन गस्त के दौरान धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार व अनूप यादव के साथ आरोपित कमल यादव निवासी नक्सा बक्सा थाना चौक को इटहिया मंदिर के पास जाने वाले मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया गया है। वह एक मुकदमें में वांछित था। अग्रिम कार्रवाई के लिए उसका न्यायालय चालान किया गया।

# महिला को मारने-पीटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सिन्दुरिया।** क्षेत्र के एक गांव की एक महिला के घर में घुसकर उसी गांव के एक व्यक्ति द्वारा मारने-पीटने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने तहरीर में लिखा है कि उसी गांव के अनिल कुमार ने उसके घर में घुसकर गाली देते हुए मारा-पीटा। एसओ अखिलेश कुमार ने बताया की महिला के तहरीर के आधार पर आरोपी अनिल के विरुद्ध घर मे घुसकर मारने पीटने, छेड़खानी करने, अभद्र व्यवहार करने तथा गाली देते हुए धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पैसा बकाया मांगने पर युवक को मारा-पीटा

**फरेंदा।** फरेंदा क्षेत्र के दक्षिणी बाईपास पर चार-पांच युवकों ने बकाया पैसा मांगने आये थाना पनियरा के ग्राम गिरगिटिया टोला साधू निवासी राजू सहानी को उसके भाई का बकाया पैसा देने के लिये एक चाय की दुकान पर बुलाया। वहां उसकी जमकर पिटाई कर दी। राजू सहानी ने बताया की बकाया को लेकर हिसाब-किताब हो ही रहा था कि पहले से योजना बनाये आरोपियों ने गाली देते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद वे लोग भागने लगे। उसने उनकी कार में बैठकर गाड़ी रोकनी चाही तो सीएनजी पेट्रोल पंप के पास उसे धक्का देकर गाड़ी से गिरा दिया। राजू ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अफसरों ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से की बातचीत

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** जिला जज नीरज कुमा, डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों से बात कर उनकी समस्या जानी और मिल रही सुविधाओं को लेकर पूछताछ की।

जिला जज ने जेल निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, मेस व जेल परिसर की साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्यायों को सुना। समस्याओं के निस्तारण के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया। मौजूद सभी जेलकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी बंदियों के मानावधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जिला जज ने कहा कि जिन बंदियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उनको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जेल प्रशासन निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराए। उन्होंने जेल की साफ सफाई और व्यवस्था पर संतोष जताया। जेल अधीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि जिला कारागार में वर्तमान में कुल 770 बंदी हैं। इनमें 719 पुरुष और 51 महिलाएं हैं। बंदियों में 13 विदेशी और 44 अल्पवयस्क शामिल हैं।

# बालिका की हत्या में दो सगे भाइयों को उम्रकैद

**महराजगंज, निसं।** श्यामदेउरवा के लखिमा गांव में वर्ष 2011 में 14 वर्षीय बालिका की गला दबाकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन ने दो भाइयों को दोषी करार दिया है। उनके खिलाफ उम्रकैद की सजा सुनाई है। 11-11 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया गया है।

जुर्माना नहीं देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पत्रावली के मुताबिक 24 जून 2011 में श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के लखिमा गांव में 14 वर्षीय बालिका की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतका की मां की तहरीर पर श्यामदेउरवा पुलिस धारा 147, 302/149, 336/149 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामला हाई प्रोफाइल बनने के बाद केस को सीबीसीआईडी गोरखपुर को स्थानांतरित कर दिया गया। सीबीसीआईडी गोरखपुर के तत्कालीन निरीक्षक रामनयन यादव ने विवेचना के बाद 24 जून 2014 को आरोप पत्र में प्रेषित किया। सीबीसीआईडी गोरखपुर के जेडी धर्मेन्द्र नाथ तिवारी ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा की मांग की।

# त्योहारों पर पुख्ता रखें सुरक्षा व्यवस्था

**निचलौल।** दशहरा, दुर्गापूजा, दिवाली और छठ त्योहारों को देखते हुए सोमवार अपराह्न एसपी सोमेन्द्र मीना ने निचलौल थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रोकथाम, शिकायतों के समय से निस्तारण एवं लंबित विवेचना को खत्म करने के लिए निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र के अपराधी /एचएस की प्रॉपर चैकिंग कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय व थाने पर हो रहे राजकीय कार्य आदि का अवलोकन किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर का देखा।

## 20 साल बाद भतीजा पैदा होने पर युवक ने की पिता की लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग

# हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**वायरल वीडियो**

**पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के मुड़िला बाजार में हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है, जब युवक मनीष कुमार ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से दो राउंड हर्ष फायरिंग की। बताया जा रहा है कि मनीष के घर शुक्रवार की रात एक पुत्र का जन्म हुआ था, जिसकी खुशी में उसने यह फायरिंग की। किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर



हर्ष फायरिंग के आरोपित को पनियरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि हिन्दुस्तान इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

> पनियरा थाना क्षेत्र में सड़क पर एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में फायरिंग करने वाली की पहचान मनीष कुमार निवासी मुड़िला बाजार थाना पनियरा के रूप में की गई है। मनीष ने अपने भाई के पुत्र पैदा होने पर अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपने दुकान के सामने हर्ष फायरिंग की। प्रकरण में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित गिरफ्तार है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **– आभा सिंह**, सीओ सदर

घटना शनिवार की है। गिरफ्तार युवक मनीष कुमार के घर शुक्रवार की रात भतीजा पैदा हुआ। उसके पिता कृष्ण कुमार सात भाई हैं। बीस साल बाद परिवार में भतीजा का जन्म हुआ। इसी बात की खुशी में आरोपित मनीष कुमार अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से बाजार में अपनी दुकान के सामने कई राउंड फायरिंग करने लगा।

किसी ने हर्ष फायरिंग के घटना की वीडियो बना लिया और सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हर्ष फायरिंग को लेकर चर्चा हो रही है, साथ ही पुलिस ने लाइसेंसी हथियारों के दुरुपयोग को लेकर सख्त कदम उठाने की चेतावनी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि घटना का पुलिस के संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# युवक पर गाली गलौज व छेड़खानी का केस दर्ज

**सिंदुरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने गांव के एक युवक द्वारा रविवार को रात मेरे घर आया छेड़खानी करने लगा विरोध पर गाली-गलौज करने लगा। महिला ने सिंदुरिया थाने में तहरीर दी है। कहा कि मैं निराश्रितहूं। रविवार को रात में घर पर थी। गांव का एक आदमी रात में उससे छेड़खानी करने लगा। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार केस दर्ज हुआ है। संवाद

# दो उप निरीक्षकों को दी भावभीनी विदाई

**महराजगंज।** सेवानिवृत्त पर उप निरीक्षक रघुवर दयाल संत और उप निरीक्षक दुर्विजय नाथ सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अंगवस्त्र पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मी को सम्मान पूर्वक वाहन में बैठाकर विदाई दी। संवाद

# भाई के पिता बनने की खुशी में की हर्ष फायरिंग, गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, महराजगंज : पनियरा थाना क्षेत्र के मुड़िला बाजार में छोटे भाई के पुत्र होने की खुशी में युवक ने सरेआम बाजार में पिता की लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग कर दी। इसका वीडियो सोमवार की दोपहर में इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ तो पुलिस सक्रिय हो गई। आनन-फानन में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

मुड़िला बाजार निवासी मनीष कुमार के भाई को लंबे समय बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। इसी क्रम में मनीष भी उत्साहित था। उसने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपनी ही दुकान के सामने सड़क पर हर्ष फायरिंग कर दिया। किसी ने इसका वीडियों बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसकी सूचना जैसे ही पनियरा पुलिस को मिली वह सक्रिय हो गई। पुलिस ने आरोपित की पहचान होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सदर सीओ आभा सिंह ने बताया कि आरोपित मनीष कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करता युवक ● सौ. से इंटरनेटमीडिया

# पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

साहरपुर तिवारी: श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष ने परतावल चौकी प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को आने-जाने वाले लोगों व वाहनों को जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी।। (जासं)

# किशोरी की हत्या में सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा

जासं, महराजगंज : श्यामदेउरवा के लखिमा गांव में 13 वर्ष पूर्व हुई मारपीट में किशोरी की हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश रमाकांत प्रसाद ने आरोपित दो सगे भाइयों दुलारे यादव व अनिरुद्ध यादव को दोषी सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक को 11-11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में लखिमा गांव में छत पर ईंट फेंकने का उधव यादव के परिवार के लोगों ने विरोध किया तो गांव के ही दुलारे यादव व अनिरुद्ध यादव ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। बचाव में उधव यादव की पत्नी माधुरी देवी तथा उनकी 14 वर्षीय बेटी आई तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटा। इसी हमले में उधव की 14 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# महोत्सव आज से, मोनाली ठाकुर के सुरों से सजेगी महफिल

## सुबह 11 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम, तीन की जगह अब पांच दिन का होगा महोत्सव, शाम को नामचीन हस्तियों की होगी प्रस्तुति

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में मंगलवार से सुर, लय और ताल के साथ कला साहित्य और लोक संस्कृति की महफिल सजेगी। लगातार पांच दिनों तक पूरा शहर महोत्सव के रंग में सराबोर रहेगा। इसको लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महोत्सव में दिन भर समूह नृत्य, संगीत, विज्ञान, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का दौर चलेगा। शाम से लेकर आधी रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य और स्थानीय कलाकारों की धूम रहेगी। महोत्सव में हर दिन अलग-अलग कलाकार मनोरंजन का मंच संभालेंगे। पहले दिन शाम को सांस्कृतिक संध्या में मोनाली ठाकुर अपने सुर ताल से सबको सराबोर करेंगी। दूसरे दिन युवाओं की पसंद बी-प्राक(प्रतीक बच्चन) की धुन पर महफिल सजेगी। जबकि तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में भोजपुरी गायक मनोज तिवारी और अक्षरा सिंह अपने गीतों से महफिल में चार चांद लगाएंगी। जिलाधिकारी ने बताया लोगों के उत्साह और कलाकारों की मांग पर महोत्सव को दो दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है। इस तरह यह महोत्सव अब एक से पांच अक्टूबर तक आयोजित होगा।



महोत्सव के लिए जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज में सजा पंडाल • जागरण

**पंडाल में लगाई गईं पांच हजार कुर्सियां:** कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन ने करीब 50 हजार से अधिक की भीड़ एकत्रित होने का अनुमान लगाते हुए व्यवस्था की है। विभाग की ओर से पंडाल में 5500 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा 20 हजार लोगों के लिए स्टैंडिंग एरिया सुरक्षित किया गया है। महोत्सव के नोडल अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। उन्होंने बताया परिसर में तीन तरफ विभिन्न जनपदों के उत्पादों के स्टाल लगाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें शिल्प ग्राम के स्टाल के साथ फूड कोर्ट, तीन विभागीय कैंप तथा मेला संबंधी दुकानें शामिल हैं। एक जनपद एक उत्पाद के तहत लगने वाले स्टालों में जिसमें फिरोजाबाद की चूड़ी, बलिया की बिंदी, वाराणसी की साड़ी, खिलौना, भदोही की कालीन, सीतापुर की दरी, मऊ की हैंडलूम साड़ी, देवरिया के सजावटी सामान, आजमगढ़ की सिल्क साड़ी को शामिल है। प्रदर्शनी में गोरखपुर का टेराकोटा, मुरादाबाद के पीपल के सामान, कुशीनगर के केले के रेशे से बनी सामग्री, बदायू की जरी, बस्ती व महराजगंज के फर्नीचर तथा सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल के साथ ही अन्य जिलों के भी स्टाल होंगे। बच्चों के लिए झूला और खाने के लिए लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए जाएंगे।



महोत्सव में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगा झूला • जागरण

> महराजगंज महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। नोडल अधिकारी के साथ ही इससे जुड़े विभागों को बेहतर ढंग से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। आमजन से भी अपील है कि वह शांति और सद्भाव के साथ महोत्सव का आनंद उठाएं।
>
> अनुनय झा, जिलाधिकारी

**कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण :** महराजगंज महोत्सव का सजीव प्रसारण होगा। स्थल पर चार बड़ी एलइडी लगाई जाएगी।

- एक से पांच अक्टूबर तक चलेगा महोत्सव, प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख उत्पादों के लगेंगे स्टाल
- महोत्सव में तीसरे दिन भोजपुरी के स्टार मनोज तिवारी और अक्षरा सिंह की होगी प्रस्तुति

### पहले दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा

- महोत्सव का शुभारंभ सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक।
- दोपहर 12.30 बजे से ढाई बजे तक अंतर विद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य पर आधारित।
- दोपहर बाद 2.30 बजे से सायं चार बजे तक अंतर विद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य पर आधारित।
- सायं चार बजे से आठ बजे तक तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति।
- रात्रि आठ बजे से 12 बजे तक सांस्कृतिक संध्या में मोनाली ठाकुर की प्रस्तुति।

# आस्था की आड़ में बर्दाश्त नहीं होगा हुड़दंग

- नवरात्र एवं रामलीला के आयोजन को लेकर अधिकारियों ने बैठक में दिए दिशा निर्देश
- पंडाल से लेकर विसर्जन स्थल तक सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने की नसीहत

जागरण संवाददाता, नौतनवा : थाना सभागार में सोमवार की शाम दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के पदाधिकारियों साथ उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नंद प्रकाश मौर्य ने बैठक की। जिसमें मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक के कार्यक्रम को परंपरागत रूप से संपन्न कराने एवं सुरक्षा मानकों का ध्यान देने को कहा गया। सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि जो भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे वह परंपरागत ही रहेंगे। किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। पंडाल सड़क से किनारे ही सजाए जाएंगे, जिससे कि मार्ग अवरुद्ध न होने पाए। आस्था की वजह से किसी को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। कोई अफवाह फैले तो तत्काल सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आस्था की आड़ में हुडदंग बर्दाश्त नहीं होगा। डीजे की आवाज कम रखेंगे और रात के समय में डीजे बंद रहेगा। विवादित गीत नहीं बजाएंगे, पर्व से संबंधित धार्मिक गीत ही चलेंगे ताकि किसी को भी असहज न महसूस हो। रामलीला के आयोजनों में पर्याप्त मात्रा में पथ प्रकाश की व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। रावण दहन के दौरान पुतले में पटाखों की संख्या कम हो। पंडाल के पास बालू, पानी, अग्निशमन यंत्र आदि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। चौकी प्रभारी अड्डा बाजार विवेक सिंह, उपनिरीक्षक संजय कुमार, चंदन खरवार व जगदंबा प्रसाद, लालमन प्रसाद, सभासद अभय कुमार, बबलू, मुकेश बेरीवाल, विंध्याचल अग्रहरि, पिंटू अग्रहरि उपस्थित रहे।



नौतनवा थाने में दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम नंदप्रकाश मौर्य ● जागरण

# न्यायालय के आदेश पर पांच के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं, निचलौल: थाना क्षेत्र के उपनगर में मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर फातिमा खातून ने बताया कि 27 जुलाई को रात 10 बजे उसके दरवाजे मोटरसाइकिल खड़ी थी। तभी पड़ोसी के किराएदार रुपेश वर्मा, संदीप वर्मा ,राजू वर्मा, सुनील वर्मा व देवेंद्र वर्मा अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडा से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी गौरव राय कन्नौजिया ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# महोत्सव में होंगे सुरक्षा के कड़े प्रबंध, बना अस्थाई थाना

जागरण संवाददाता, महराजगंज : मंगलवार से लेकर शनिवार तक आयोजित हो रहे महराजगंज महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए महोत्सव स्थल पर एक अस्थाई थाना और छह पुलिस चौकियों का भी निर्माण किया गया है, जहां तैनात पुलिसकर्मी किसी भी अपात स्थिति में सक्रिय होकर समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके अलावा याताया व्यवस्था के लिए कुल 10 स्थानों पर पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अस्थाई थाना समेत छह चौकियों की स्थापना करने के साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां पर पांच सीओ, एक कंपनी पीएसी, 15 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक, 500 पुरूष और 150 महिला आरक्षी तथा 40 यातायात पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

- सक्सेना चौक से लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कालेज तक बनाए गए हैं 10 पार्किंग स्थल

यातायात व्यवस्था में व्यवधान न उत्पन्न हो इसके लिए 10 स्थानों पर पार्किंग की व्यस्था की गई है।

इसमें पहली पार्किंग स्थल पुरानी तहसील, दूसरी पार्किंग आबकारी कार्यालय, तीसरा दुर्गा मंदिर तालाब एरिया, चौथा जिला परिषद मार्केट, जूनियर हाईस्कूल में पांचवा, प्राथमिक विद्यालय महराजगंज में छठा, रोडवेज बस स्टेशन पर सातवां, जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज परिसर में आठवां, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कालेज में नौवां और महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज में 10वां पार्किंग स्थल चयनित किया गया है।

# दो युवकों से 12 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, भिटौली: तुर्की में नौकरी का फर्जी आफर लेटर, वीजा और टिकट देकर देवरिया के दो युवकों से 12.48 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में भिटौली पुलिस पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

देवरिया जिले के सवरेजी गांव के दीपू रावत व विशुनपुर भरथराय गांव के सुभाष चंद्र चौहान ने भिटौली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विदेश में नौकरी की तलाश में महराजगंज जिले में काम करने वाली प्लेसमेंट एजेंसी ग्लोबल इंटरनेशनल के संपर्क में आए। इसका मालिक श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के तरकुलवा भटगावा निवासी शेर आलम व भिटौली थाना के डेरवा निवासी कलीमुल्लाह खान व सोहसा बासपार निवासी रफीउल्लाह है। इनके दो और साथी भिटौली थाना क्षेत्र के शानू व हारून भी हैं । इन सभी ने हम दोनों को तुर्की में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके लिए अगस्त में दीपू ने छह लाख और सुभाष ने 6.48 लाख रुपये एजेंसी को दे दिए। रुपये देने के एक हफ्ते में ही दोनों को तुर्की की एक कंपनी में नौकरी के आफर लेटर के साथ ही वीजा व टिकट दे दिया। जब वे गांव पहुंचे और आफर लेटर व वीजा अपने कुछ परिचितों को दिखाया तो उन्होंने फर्जी होने का शक जताया। जब इस बारे में और पता कराया तो मालूम हुआ सारे कागजात फर्जी हैं।

# आज से तीन दिन तक शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे भारी वाहन

## सुबह 10 से रात दो बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** मंगलवार से महराजगंज महोत्सव का आगाज जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज ग्राउंड में होगा। शहर में भीड़भाड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। एक से तीन अक्तूबर सुबह 10 बजे से रात्रि दो बजे तक बड़े वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

सिसवा घुघुली की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा की तरफ जाना हो वह वाहन नो-इंट्री के समय शिकारपुर परतावल पनियरा, कैंपियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे।

निचलौल की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन/कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह वाहन नो-इंट्री के समय सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे।

### महराजगंज महोत्सव को लेकर रूट डायवर्जन, प्रमुख स्थानों पर रहेगी पुलिस

चौक रोड से आने वाले सभी भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह नो-इंट्री के समय झनझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे। फरेंदा की ओर से आने वाले सभी भारी और कॉमर्शियल वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया शिकारपुर जाना हो वह वाहन नो-इंट्री प्वाइंट फरेंदा छतरी पुल से कैंपियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। गोरखपुर, परतावल बाजार की तरफ आने वाले सभी भारी और कॉमर्शियल वाहनों को नो-इंट्री के समय शिकारपुर से ही डायवर्जन किया जाएगा।

यातायात प्रभारी अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नो इंट्री के समय निर्धारित रूट से वाहनों को गुजरने की अनुमति होगी।

शहर में आवागमन व्यवस्था बेहतर रखने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। यातायात पुलिस शहर में प्रमुख स्थानों पर तैनात रहेगी।

# चेक बाउंस मामले में एक वर्ष का कारावास और डेढ़ लाख जुर्माना

जागरण संवाददाता, महराजगंज : कोठीभार थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव में छह वर्ष पूर्व चेक बाउंस के एक मामले में सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने आरोपित जितेंद्र उपाध्याय को दोषी सिद्ध करते हुए एक वर्ष का कारावास और डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना कोठीभार क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी जितेंद्र उपाध्याय ने अपने ही गांव के राम छबीला से वर्ष 2017 में दो लाख रुपये उधार लिया था। उधारी वापसी के क्रम में एक चेक 67 हजार रुपये का दिया।

खाते में पर्याप्त धन न होने के कारण 12 जुलाई 2018 को चेक बाउंस हो गया। उक्त बाउंस चेक की सूचना जब राम छबीला ने जितेंद्र उपाध्याय को दिया तो आरोपित ने उक्त धनराशि को वापस लौटाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद राम छबीला ने एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत जितेंद्र उपाध्याय पर न्यायालय महराजगंज में वाद दाखिल किया था।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने अभिलेखीय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा वादी व प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद प्रतिवादी/आरोपित जितेंद्र उपाध्याय को एक वर्ष का साधारण कारावास तथा डेढ़ लाख रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है।

# जमीन विवाद में महिला की हत्या की आशंका, पुलिस तैनात

## पड़ोसी के घर में मिला शव, तीन को पुलिस ने लिया हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव के टोला करमहिया निवासी महिला का संदिग्ध हालात में शव पड़ोसी के घर में मिला। परिजन जमीन विवाद में हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।



महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। संवाद

जानकारी के अनुसार, गांव में चर्चा है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सोमवार की शाम करीब आठ बजे शेख फरेंदा गांव के टोला करमहिया निवासी जितेंद्र की पत्नी का शव पड़ोसी के घर में मिला। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जितेंद्र ने जमीन विवाद में पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मृतक के दो पुत्र हैं।

मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बगल के घर के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य फरार हैं। नौतनवा, सोनौली की पुलिस तैनात है। प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है।

# सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अभिलेखों की जांच की

महराजगंज। त्यौहारों को देखते हुए जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने थाना निचलौल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय व थाने पर हो रहे राजकीय कार्य आदि का अवलोकन किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अभिलेखों की जांच की। संवाद

# बंदियों की सुनीं समस्याएं

महराजगंज। जिला जज नीरज कुमार एवं जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया।

जिला जज ने जेल निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, मेस व जेल परिसर की साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्यायों को सुना गया। उनके निस्तारण के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया गया। मौजूद सभी जेल कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी कैदियों के मानावधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। संवाद

# जमीन बैनामा करने के नाम पर 38 लाख की धोखाधड़ी

## रकम मांगने पर मारपीट कर भगाया, न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी नौनिया गांव निवासी एक व्यक्ति से जमीन बैनामा करने के नाम पर 38 लाख की धोखाधड़ी कर ली गई। छह साल बाद भी न तो उन्हें जमीन मिली न रुपये। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सोमवार को खुटहा गांव के अहेबे के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

पकड़ी नौनिया गांव के सत्यनारायण पासवान ने छह साल पहले एक एकड़ खेत खरीदने के लिए खुटहा गांव के अहेबे मोहम्मद से संपर्क किया। अहेबे ने जमीन के एवज में अलग-अलग तिथियों में 38,75,000 रुपये ले लिया। रकम लेने बाद उसने जमीन दिखाया। जमीन दिखाने के बाद बैनामे के लिए चार बार तिथि तय की, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया।

### आरोपी ने 2018 से 2024 तक आठ स्थानों पर दिखाई जमीन

2018 से अगस्त 2024 तक करीब आठ से 10 स्थानों पर जमीन दिखाकर बताया की इसे ही बैनामा करूंगा। सत्यनारायण को जब शक हुआ तो उन्होंने अहेबे से रकम मांगना शुरू कर दिया, लेकिन आरोपी ने रकम देने से इंकार कर दिया। अगस्त में रकम मांगने पर आरोपी ने सत्यनारायण की पिटाई कर दी। आरोप है कि जानमाल की धमकी देते हुए रकम नहीं देने की बात कही।

इसके बाद फिर से एक सितंबर को शाम करीब 6 बजे सिंहपुर गांव में अहेबे मोहम्मद ने जान से मारने की धमकी देते हुए फिर से पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में 156-3 के तहत वाद दाखिल किया। इसके बाद न्यायालय ने मामले में केस दर्ज करने का आदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय के अनुसार, केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ठूठीबारी।** वांछित वारंटियों के गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के मद्देनजर ठूठीबारी थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में एक फरार वांछित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित कमल यादव निवासी नक्सा बक्सा थाना चौक को इटहिया मंदिर के पास जाने वाले मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने दी। संवाद

# दुकान के सामने से पिकअप चोरी

**महराजगंज।** नगर पंचायत पनियरा निवासी त्रिलोकी नाथ गुप्ता के किराने की दुकान से पिकअप चोरी हो गया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरी की घटना उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह के अनुसार, घटना 26 सितंबर की है। सोमवार को पीड़ित ने सूचना दी है। जांच की जा रही है। संवाद

# दो के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

**बृजमनगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने सोनमती निवासी गुजरौलिया की तहरीर पर हरिलाल उनकी पत्नी सविता निवासीगण गुजरौलिया के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह के अनुसार पीड़ित सोनमती को दो दिन पहले अभियुक्तों ने काफी मारा पीटा था, साथ ही जानमाल की धमकी दी। जिस पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया। संवाद

# फायरिंग का वीडियो वायरल, केस

## मुडिला का मामला, पिता की लाइसेंसी पिस्टल से युवक ने की फायरिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। फायरिंग करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक पिस्टल लेकर दुकान के सामने खड़ा है। चंद मिनटों में पिस्टल ऊपर कर तीन बार फायरिंग किया। फायरिंग होने पर कुछ आवाज भी आ रही है, लेकिन युवक ने अनसुना कर दिया।

जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो मुडिला बाजार का बताया जा रहा है। युवक के घर भतीजे का जन्म हुआ तो उसने खुशी मनाने के लिए लाइसेंसी पिस्टल लेकर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।



फायरिंग करता युवक। स्रोत-वीडियो ग्रैब

इसके बाद से पुलिस ने इस पर त्वरित संज्ञान लिया और आरोपी पर केस दर्ज कर लिया।

सदर क्षेत्राधिकारी सदर आभा सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया

### भतीजे के जन्म पर खुशी का किया इजहार, किसी ने वीडियो बना किया वायरल

पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक सड़क पर पिस्टल से फायर कर रहा है। वायरल वीडियो में फायरिंग करने वाले की पहचान मनीष कुमार निवासी मुडीला बाजार थाना पनियरा के रूप में की गई है। युवक ने अपनी दुकान के सामने अपने पिता के लाइसेंसी पिस्टल से फायर किया। इस संबंध में थाना पर संबंधित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट, केस दर्ज

जासं, बस्ती : पैकोलिया थाना क्षेत्र के कुनगाई खुर्द गांव की शीला देवी पत्नी विक्रम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 सितंबर को बच्चों के विवाद को लेकर उनके सगे पटीदार द्वारा दरवाजे पर चढ़कर उनकी जेठानी, देवरानी व पतोहू को मारा पीटा गया। जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने राममूरत वर्मा, उनके पुत्र फूलचन्द्र, लोकनाथ के अलावा पत्नी आरती के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# हत्या में दो भाइयों को उम्रकैद

## किशोरी की हत्या में अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, जुर्माना भी

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। 13 पूर्व किशोरी की हत्या में श्यामदेउरवा क्षेत्र के लखिमा गांव निवासी दो सगे भाइयों को अपर सत्र न्यायाधीश रमाकांत प्रसाद ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

जानकारी के अनुसार, श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के लखिमा गांव में उधव यादव की छत पर ईट फेंकने पर उनके परिवार ने विरोध किया तो दुलारे यादव व अनिरुद्ध यादव पुत्रगण गोपी ने गोलबंद होकर उधव यादव के घर पर हमला कर दिया। उधव यादव की पत्नी माधुरी देवी और उनकी 14 वर्षीय बेटी की पिटाई कर दी।

अनिरुद्ध व दुलारे ने उधव की 14 वर्षीय किशोरी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका कि मां की तहरीर पर थाना श्यामदेउरवा ने दुलारे यादव तथा अनिरुद्ध यादव के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना के बाद अंतर्गत धारा 147 32/149 336/149 आईपीसी आरोप पत्र न्यायालय समझ प्रस्तुत किया।

मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश रमाकांत प्रसाद ने साक्ष्यों और गवाहों का परीक्षण कर बचाव पक्ष की दलीले सुनने के बाद दुलारे और अनिरुद्ध को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

**अदालत से**

### चोरी के अभियुक्तों को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा

महराजगंज। न्यायालय ने चोरी के आरोप में थाना फरेंदा में पंजीकृत डड़वार खुर्द निवासी बनारसी पुत्र शोहरत और थाना कैंपियरगंज के ठाकुर नगर निवासी अनवर पुत्र इशहाक के मामले में दोष सिद्ध पाया है। जेल में बिताई गई अवधि और एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा मिली है। प्रत्येक को 3500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। संवाद

### न्यायालय के आदेश पर चार के विरुद्ध केस दर्ज

सिंदुरिया। रामकोला क्षेत्र के रमावती निवासी परवरपार जनपद कुशीनगर ने न्यायालय में 156-3 के वाद दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर कृष्ण नंद, असलम, मोहर पांडेय, रामवृक्ष निवासी चिऊटहा के विरुद्ध एससी एसटी, मारपीट, गाली गलौज और जान मारने की धमकी की धारा के तहत केस दर्ज हुआ है। रामकोला थाना परवरपार निवासी रमावती देवी ने न्यायालय में वाद दाखिल किया था। संवाद

### चेक बाउंस के मामले में एक वर्ष का कारावास

महराजगंज। थाना कोठीभार क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी जितेंद्र उपाध्याय को छह वर्ष पूर्व हुए चेक बाउंस मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, थाना कोठीभार क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी जितेंद्र उपाध्याय अपने ही गांव के राम छबीला से वर्ष 2017 में 2 लाख रुपये उधार लिया था। उधार चुकाने के लिए 67 हजार रुपये का चेक दिया। खाते में पर्याप्त धन न होने के कारण 12 जुलाई 2018 को चेक बाउंस हो गया। इसकी सूचना जब राम छबीला ने जितेंद्र को दी तो आरोपित ने धनराशि लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद राम छबीला ने एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत जितेंद्र पर न्यायालय महराजगंज में परिवाद दाखिल किया।परिवाद उपरोक्त का परीक्षण करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा वादी व प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता की दलीले सुनने के बाद दोषी जितेंद्र उपाध्याय को एक वर्ष के साधारण कारावास तथा डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# पानी की निकासी को लेकर किया प्रदर्शन

दुबौलिया (एसएनबी)। स्थानीय विकास खण्ड के हरिपालपुर ग्राम पंचायत के घोसियापुर गांव में लगातार हो रहे वर्षा के चलते घरों व आसपास पानी भर गया है जिससे काफी दिक्कतें हो रही हैं। सोमवार को घोसियापुर ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन पर घोसियापुर के पास दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने इकट्ठा होकर जल निकासी की समस्या से निदान के लिए प्रदर्शन किया।

गांव के संगीता देवी, मालती देवी, उर्मिला, सुधा, श्री राम, मनोज, शांति, विश्राम, ओमप्रकाश, झिनकान सहित करीब दो दर्जन लोग प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से पुलिया खुलवाने का मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी के लिए एक पुलिया का निर्माण हुआ था लेकिन पुलिया के दूसरी बगल लोगों ने धीरे-धीरे कब्जा कर लिया जिससे अब जल निकासी नहीं हो पा रही है। गांव में कई घरों तथा उसके आस-पास पानी भर जाने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। इस मामले पर हर्रैया एसडीएम विनोद कुमार पाण्डेय ने बताया मामले की जांच करवाया जायेगा। अगर अबैध कब्जा मिला तो उसे हटवाया जायेगा।



# मांगों को लेकर डीएम से मिले नागरिक, दिया ज्ञापन

बस्ती (एसएनबी)। पांडे बाजार स्थित संजय कालोनी के निवासी पिछले कई वर्षो से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए आज जिलाधिकारी को ज्ञापन कालोनी के लोगों ने सौंपा है।



संजय कालोनी में लगभग 300 मकान हैं, जिन्हें हर वर्ष जल जमाव की समस्या का सामना करना पड़ता है। कालोनी की मुख्य सड़क और गलियों में जल भराव होता है। जिससे निवासियों को परेशानी होती है। मंदिरों और स्कूलों में भी जल भराव की समस्या है। निवासियों ने जिलाधिकारी से जल भराव की समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपते समय नरेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, कुणाल गुप्ता, डब्लू गुप्ता, आलोक कसौधन, गणेश जायसवाल, विजय प्रताप सिंह, अमित गुप्ता, रिंकू श्रीवास्तव, राजू सोनकर, जयकिशन, हर्ष कसौधन, गोपाल त्रिपाठी, यशवंत चौधरी, गोविंद चौधरी, राजा सोनकर, सूरज कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# पैकोलिया पुलिस के हत्थे चढ़ा हर्रैया का गैंगस्टर

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया के थानाध्यक्ष द्वारा हर्रैया थाने के गैंगेस्टर नवी हुसैन पुत्र सफी मुहम्मद निवासी सरवन पुर थाना दुबौलिया को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हर्रैया थाने में उसके विरूद्ध अपराध संख्या 83/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था।

# मांग के ले गया मोटरसाइकिल, मांगने पर की हीलाहवाली

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र केहड़िया श राब भट्ठी मरवटिया मेंएक युवक का मोटरसाइकिल मांगकर एक युवक ले गया। फिर वापस नहीं किया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के पड़ियापार निवासी फूलचन्द्र चौधरी पुत्र रामलखन चौधरी ने पुलिस को बताया कि बीते 31 अगस्त 2024 को उसकी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस नंयूपी51बीडी /3891 को धोखे से मांग कर लेगया तथा वापस किया। इस मामले में बाइक स्वामी की शिकायत पर अनिल र्फ भोलू पुत्र अज्ञात निवासी साकिन खझौला थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 318 (4),316 (2),बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अटेवा के बैनरतले निकला आक्रोश मार्च

**बस्ती (एसएनबी)।** अटेवा के आह्वान पर देश के सभी जिला मुख्यालयों के साथ आज जनपद में भी एनपीएस व यूपीएस के खिलाफ राजकीय इंटर कालेज बस्ती से जिला अधिकारी कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला गया। जहां पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के पश्चात अटेवा के जिला अध्यक्ष तौआब अली ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) देश के शिक्षकों-कर्मचारियों के हित में नहीं है। कर्मचारी इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। उसे सिर्फ व सिर्फ पुरानी पेंशन चाहिए।

मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी व डाक्टर कमलेश चौधरी जिला महामंत्री विजय नाथ तिवारी ,प्रमोद कुमार ओझा ,देवेंद्र तिवारी व बृजेश वर्मा ने कहा कि यूपीएस में कर्मचारियों के वर्षो से जमा कार्पस को जब्त कर लिया जाएगा जो कि शिक्षकों- कर्मचारियों की भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अनीस अहमद, सुनील मौर्या, अमरनाथ, अमरचंद वर्मा, मनीष प्रकाश मिश्रा ने संयुक्त रूप से एनपीएस व यूपीएस को छलावा बताते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। विनोद प्रकाश वर्मा, राहुल उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, नीरज वर्मा, कैलाश नाथ, राकेश सिंह ,जितेंद्र वरुण, फूलचंद वर्मा ने कहा कि कर्मचारी अपने जीवन का अमूल्य पचीस से तीस वर्ष देश की सेवा में योगदान देता है उन्हें बुढ़ापे में बेसहारा छोड़ना सरकार की संवेदनहीनता है। विजेंद्र वर्मा,ध्रुव नारायण, अजय वर्मा ने कहा कि एनपीएस व यूपीएस में कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को शेयर मार्केट के हवाले कर दिया जा रहा है। जो न्यायोचित नहीं है।

विभिन्न संगठनों से आए उदय शंकर शुक्ला, विष्णु दत्त शुक्ला, दिनेश चौधरी, राम सुमेर, अनिल कुमार, रवि प्रकाश सिंह, शैलेंद्र राय, अंबिका पांडेय,डाक्टर त्रिलोकी नाथ, वीरेन्द्र शुक्ला, धर्मेंद्र चौधरी, अरविंद कुमार निषाद,सी पी शुक्ला आदि पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली की संघर्ष की बात दोहराई। आक्रोश मार्च में संतोष यादव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, महेन्द्र गौड़ ,संतोष कुमार शुक्ला, जावेद इकबाल, बृजेश कुमार, हरि सिंह ,सिकंदर, मोहम्मद सलाम, पप्पू सक्सेना ,अभिषेक जायसवाल ,मजहर आलम, अब्दुल कलाम, वासुदेव ,राजेश कुमार, लाल जी वर्मा ,संदीप यादव ,ओमप्रकाश ,राकेश मिश्रा, पुष्पेंद्र कुमार ,धर्मेंद्र निषाद, लालजी पाल, राजकुमार सिंह, अर्जुन प्रसाद ,गुलाम अशरफ, सुखराज गुप्ता ,प्रमोद वर्मा, विष्णु माली ,संजय यादव ,प्रवीण सिंह ,प्रवेश चौधरी, अजीत वर्मा, उदय वर्मा ,अखिलेश कुमार, महेन्द्र पटेल ,अनूप प्रसन्न मिश्रा, सूर्य प्रकाश ,विपिन कुमार, मारूफ खान ,संतोष प्रजापति, वीरेंद्र यादव ,शिव शंकर ,सुभाष चौधरी ,आलोक कुमार ,सत्य प्रकाश ,आलोक वर्मा, जगदंबा प्रसाद ,संजय कुमार, पंकज, वंश बहादुर यादव ,विमलेश, फूलचंद, दरवेश यादव, रमेश गुप्ता, संजय पांडे सहित भारी संख्या में शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शक्ति सिंह हत्याकांड में एक गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** नगर थानान्तर्गत रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति प्रताप सिंह हत्याकांड के नामजद एक आरोपी मनोज शुक्ला कोपोखरनी रोड पर नगहरा तिराहे से गिरफ्तार किया। पूर्व विधाय क राना किंकर सिंह केआरोपी पुत्र राना नागेश प्रताप सिंह के कुछ नजदीकियोंको भी पुलिस ने उठाया है। कई अज्ञात रडार पर बताये जा रहे हैं।

मृतक शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह की तहरीर पर नगर पुलिस ने कप्तानगंज के पूर्व विधायक रहे स्व. राना कृष्ण किंकर सिंह के पुत्र भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह,रवि सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी बेलाड़ी थाना नगर व शैलेश सिंह तथा मनोज शुक्ल तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध धारा 103 (1), 140 (1),238 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसके तहत नगर पुलिस , एसओजी टीम व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुख्य आरोपियों में शामिल मनोज शुक्ला पुत्र किशुन प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम फेंसा थाना दुबौलिया जनपद बस्ती कोपोरखनी रोड पर नगहरा तिराहे से गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी कलवारी नेगिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने घटनाकारित करना स्वीकार किया है।

# हत्या के आरोप में फरार आरोपी के घर 82 की कार्रवाई

**कलवारी (एसएनबी)।** हत्या में फरार आरोपी के घर कलवारी पुलिस ने 82 की नोटिस चस्पा किया है। कलवारी थानाक्षेत्र के धोबहट गाँव निवासी अम्बिका यादव ने बताया कि 9 अगस्त 2020 को उनके पिता राजेश यादव की हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने बाकी अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मुकदमे में नाम जुड़ने के बाद न्यायालय ने अवधेश व राम नारायन के विरुद्ध वारण्ट जारी कर दिया। जिसमें पुलिस ने राम नारायन को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया था जबकि अवधेश यादव अभी कोर्ट के वारण्ट पर हाजिर नहीं हो रहे हैं। कोर्ट द्वारा उनके विरुद्ध 82 की कार्रवाई करते हुए यह निर्देश दिया कि यदि वह 9 अक्टूबर 2024 तक समर्पण नहीं करते हैं तो उनकी चल अचल संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। दी भी करवा दिया गया है।

# कमरे से चोरी हुआ मोबाइल व नकदी

**कलवारी (एसएनबी)।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रुधौली निवासी राजकुमार त्रिपाठी पुत्र श्याम नारायन तिवारी ने पुलिस को बताया कि रात्रि में वादी कमरे में रखा पर्स सहित 20000 हजार रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 305ए,बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

**बभनान(एसएनबी)।** पैकोलिया पुलिस ने शांति भंग की आशंका में तीन लोगों को गिरफ्तार कर धारा 170, 126,135 बीएनएसएस के तहत चालान कर न्यायालय केसमक्ष पेस किया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव ने उक्त जानकारी दिया।

# गांधी जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बस्ती। गांधी जयंती पर दो अक्तूबर को सुबह छह बजे से प्रभातफेरी, सात बजे से पैदल चाल, आठ बजे ध्वजारोहण, नौ बजे गांधी आश्रम पर कार्यक्रम, 10 बजे से कारागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10 बजे से शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम, 10 बजे से नाटक व पुरस्कार वितरण जीजीआईसी में, 11 बजे अस्पताल में रोगियों को फल वितरण, 11.30 बजे से बाल सुधार गृह में कार्यक्रम व चार बजे से वृद्धा सेवा आश्रम हथियागढ़ में साफ-सफाई और फल वितरण होगा।

# चरागाह की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

गायघाट। कुदरहा विकास खंड के ग्राम पंचायत जनवल के ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी को पत्र देकर गांव के चारागाह गाटा संख्या 133 में दबंगों के मकान निर्माण कर किये गए कब्जे को हटवाने, संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की मांग की। ग्राम पंचायत जनवल के राजस्व गांव देवरिया के मुकेश कुमार, दीपक, उमेश, अरुण कुमार, रामकेश और मिठाई लाल सहित दर्जनभर ग्रामीणों ने बस्ती पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन दिया।

# गांव की समस्या-गांव में समाधान कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार को

**बस्ती (एसएनबी)।** चौपाल (ग्रांव की समस्या, गांव में समाधान) का आयोजन 3 माहों (अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 में पड़ने वाले प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को लिखे पत्र में निर्देशित किया है कि ग्राम चौपाल की सूचना निर्धारित प्रारूप-4 पर उसी दिन अपरान्ह 4 बजे तक रूरल सफ्ट की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि कार्यक्रम हेतु त्रैमासिक रोस्टर अपने स्तर सेब्लाक प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें। साथ ही साथ जिन खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा रूरल सफ्ट पोर्टल पर ग्राम चौपाल की फीडिंग ससमय नही करायी जाती है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेंगी। 4 अक्टूबर को विकास खण्ड कुदरहा के भगुरा एवं चरकैला, बस्ती के डिडौहा एवं भरौली बाबू, हर्रैया के जोगापुर एवं गोभिया, कप्तानगंज के केमराजपुर एवं परसपुरा, बनकटी के धौराहरा गोचना एवं रामपुर रेवती, परसरामपुर के रघवापुर एवं खमरिया, गौर के चनईपुर एवं जैतापुर, रूधौली के अरड़ा एवं तिगोडिया, रामनगर के कटरिया नानकार एवं असनहरा, सऊघाट के उॅच गांव एवं कुशम्हा, बहादुरपुर के चन्दों एवं जलालपुर, दुबौलिया के पूरेओरी राय एवं खुशहालगंज, विक्रमजोत के दाहड़मिश्रा एवं धिरौली बाबू तथा सल्टौआ गोपालपुर के अमरौली शुमाली एवं लक्ष्मनपुर में आयोजित किया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)** ।सोनहां थाना क्षेत्र के सिसवा बुजुर्ग गांव निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को बताया कि जब वह श्रीमती लक्ष्मी देवी इण्टर कालेज रूधौली शाम को रूधौली से भानपुर जा रहा था कि श्रीमती लक्ष्मी देवी इण्टर कालेज रूधौली के पास पुरानी रंजिश को लेकर प्रतिवादीगण द्वारा गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित अभिषेक तिवारी पुत्र स्व उमाशंकर ग्राम सिसवा बुजुर्ग पो.भानपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती की शिकायत पर विजय नाथ दूबे पुत्र स्व.राम नरायण ,अनिल कुमार पुत्र विजय नाथ दूबे ,आशीष कुमार पुत्र विजय नाथ दूबे, भवानी शंकर दूबे पुत्र राममूर्ति साकिनान ग्राम सिसवा बुजुर्ग पो. भानपुर थाना सोनहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# टोल प्लाजा पर शव गिराकर भागने वाले वाहन बरामद

**छावनी(एसएनबी)** । स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 238/2024 धारा 105बी एन एस से संबंधित अज्ञात वाहन को पुलिस द्वारा पता लगा लिया गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने उक्त जानकारी दिया।बताया कि मारुति सुजुकी कार संख्या यू पी 30-ई-9990 रंग काला ,वाहन को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेकर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम व क्राइम टीम की मदद से जाँच पड़ताल की जा रही है।साथ ही अज्ञात शव के शिनाख्त हेतु लगातार सोशल मीडिया,प्रिंट मीडिया और विशेष वाहक के माध्यम से जगह-जगह सूचना भेज कर प्रयास किया जा रहा है।



# पोखरे में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बस्ती।** कोतवाली थानान्तर्गत सोनूपारपुलिस चौकी के चंद दूरी पर एक युवक का शव पोखरे में बरामद किया गया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र केखखुआ गांव निवासी नीरज त्रिपाठी के रूप में की गयी है। वह शनिवार से घर से लापता था। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जाहिर की है। नीरज त्रिपाठी (30) पुत्र करुणा प्रसाद त्रिपाठी पिछलेशनिवार से ही अपने घर से गायब हो गया था। परिजन उसकी जगह-जगह तलाश कर रहे थे। सोमवार कोसोनूपार पुलिस चौकी के कुछ दूरी पर पोखरे में एक युवक का शव लोगों को मिला। शव पूरी तरह से काई से सना था। मौकेपर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। परिजनों को सूचना दी गयी तो मौके पर पहुंचे परिजनों ने नीरज के तीन दिन पहले गायब होने का हवाला देते हुए हत्या कर शव को छिपा देने की आशंका जाहिर किया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मेंलेते हुए अन्त्य परीक्षण केलिए भेज दिया है।

# घटतौली पर कोटेदार पर प्राथमिकी

**बस्ती (एसएनबी)।** कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न तौलकर देने के मामले में पूर्ति निरीक्षक बस्ती सदरकी तहरीर पर कोटेदार के विरुद्ध 3/4 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विकास खंड बस्ती सदर के पूर्तिनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार पांडेय पुत्र केदारनाथ पांडेय ने पुलिस को बताया कि उचित दर (विक्रेता) अपूर्वा विश्वास पुत्र अज्ञात द्वारा कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा पर खाद्यान्न दिया जा रहा था तथा खाद्यान्न की घटतौली करके उसकी कालाबाजारी कररहा था। इसकी शिकायत मिलने पर पूर्ति निरीक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व. केदारनाथ पाण्डेय पूर्ति निरीक्षक विकास खण्ड-बस्ती सदर जनपद बस्ती मूल पता ग्राम सनाहा थाना रौनाही जनपद अयोध्या की तहरी पर अपूर्वा विश्वास पुत्र अज्ञात उचित दर विक्रेता निवासी ग्राम मुरादपुर थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती के विरुद्ध 3/4 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बभनान में 69, गौर में चार सीटों के लिए होगा चुनाव

**डेलीगेट**

- नाम वापसी के बाद हुआ चुनाव चिन्ह का आवंटन
- सहकारी गन्ना समिति चुनाव

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** सहकारी गन्ना समिति चुनाव में नाम निर्देशन पत्रों के वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। जिसमें सरकारी गन्ना समिति बभनान में 69 व गौर में चार सीटों के लिए आगामी 3 अक्टूबर को चुनाव होगा।

सहकारी गन्ना समिति चुनाव का तापमान बढ़ने लगा है। सोमवार को नाम निर्देशन पत्रों के वापसी के बाद चुनावी मैदान में बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। सहकारी गन्ना समिति बभनान के निर्वाचन अधिकारी विनय द्विवेदी ने बताया कि समिति क्षेत्र के 558 डेलीगेट पद स्वीकृत हैं। जिसमें से नाम वापसी के बाद 69 डेलीगेट सीटों पर चुनाव होगा। जिसके लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वही सहकारी गन्ना समिति गौर के निर्वाचन अधिकारी सुनील कौशल ने बताया कि 163 डेलीगेट पद स्वीकृत हैं। नाम निर्देशन पत्र वापसी के बाद चार डेलीगेट सीटों के लिए आगामी 3 अक्टूबर को चुनाव होगा।

# छावनी पुलिस ने गाड़ी बरामद की

छावनी। पुलिस ने चौकड़ी टोल प्लाजा पर कार से युवक के गिरने के मामले के आरोपित गाड़ी को ट्रेस कर बरामद कर लिया। उक्त वाहन हरदोई जिले के एक प्रतिष्ठित पेट्रोल-पंप मालिक की बताई जा रही है। बस्ती से आई फोरेंसिक टीम के मंजीत कुमार ने कार का मुआवना कर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी छावनी ने बताया कि कार को ट्रेस कर बरामद कर लिया गया है। बताते चले कि शुक्रवार/शनिवार की आधी रात के करीब चौकड़ी टोल प्लाजा पर चलती कार के पीछे से गंभीर रूप से घायल एक युवक गिरा था।

# पक्का छज्जा ढहा महिला घायल

घघौवा। पारसरामपुर थानाक्षेत्र के बस्थनवां गांव में सोमवार की भोर में पक्की दीवाल की छत का छज्जा व रिहायसी छप्पर गिरने से एक महिला घायल हो गयी। वहीं गृहस्थी का सारा सामान उसके नीचे दब गया। गांव निवासी कृष्ण कुमार की मां परिजनों सहित छप्पर में रोज की तरह खाना खाकर सोये थे। तभी बारिश के चलते गीली हुयी दीवार में लगा छज्जा व उसपर रखा छप्पर गिर गया। शोरगुल सुनकर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। छप्पर के नीचे दबने से कृष्ण कुमार की मां चोटिहल हो गयीं।

# जोनल प्रतियोगिता में बहराइच और बलरामपुर का दबदबा

बस्ती, निज संवाददाता। पुलिस लाइन बस्ती में सोमवार को उप्र पुलिस वार्षिक अंतर जोनल शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने किया। प्रतियोगिता के पुरुष व महिला दोनों वर्ग में बहराइच और बलरामपुर जिले की टीम का दबदबा रहा। ओवरऑल रायफल शूटिंग (पुरानी स्पर्धा) में बहराइच ने पहला प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग में बलरामपुर ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं कार्बाइन शूटिंग में जनपद बहराइच विजेता बना।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर और बहराइच की टीमें प्रतिभाग करने पहुंची। पुलिस लाइन बस्ती व मूड़घाट चांदमारी बट पर आयोजित प्रतिस्पर्धा में जोन के अन्य जनपदों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। रायफल शूटिंग (पुरानी स्पर्धा) के 100 गज स्टैंडिंग पोजीशन में बहराइच की अनुप्रिया शुक्ला प्रथम रहीं। देवरिया के दीपक यादव दूसरे व बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे। 200 गज नीलिंग पोजीशन में बहराइच की एसआई मधु गुप्ता अव्वल, रमेश चंद्र दूसरे व बस्ती के मुख्य आरक्षी अरुण यादव तीसरे स्थान पर रहे।

पुलिस की जांच में दो और आरोपितों का नाम आया है सामने

# भाजपा नेता समेत पांच के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

## शक्ति हत्याकांड



- मुख्य आरोपी भाजपा नेता नागेश समेत अन्य आरोपी अब भी चल रहे हैं फरार
- एसपी के आदेश गठित चार टीमों ने सोमवार को संभावित ठिकानों पर दी दबिश

**बस्ती, निज संवाददाता।** शक्ति सिंह मर्डर केस में मुख्यारोपी फरार भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह समेत फरार चल रहे पांचों आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हो गया है। सीजेएम की अदालत में थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। सोमवार को अदालत ने राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह के अलावा विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दो अन्य आरोपितों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू का आदेश जारी कर दिया। वहीं आरोपी मनोज शुक्ला को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस कुर्की व इनाम घोषित कराने की कार्रवाई भी करेगी।

एसपी के आदेश पर गठित पुलिस टीमों ने सोमवार को भी संभावित ठिकानों पर दबिश दी। लेकिन नागेश व अन्य आरोपितों का सुराग नहीं लग सका। इससे पहले पुलिस की टीम ने लखनऊ स्थित नागेश के आवास के साथ ही शहर में कंपनीबाग स्थित काम्पलेक्स व मैरेज हाल पर थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह की टीम दबिश देने पहुंची थी। हत्याकांड में नामजद आरोपी मनोज शुक्ल को गिरफ्त में लेकर हुई पूछताछ में भी पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। जिनकी मदद से पुलिस साक्ष्य संकलन में भी जुटी है। भाजपा नेता नागेश के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर को कब्जे में ले चुकी पुलिस को अभी तक इसका पासवर्ड नहीं मिल सका है। नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या करने और शव छिपाने के आरोप में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे और भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चार को नामजद व अन्य पर खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान दो और आरोपितों के नाम प्रकाश में आए हैं, जबकि दो अन्य के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। शक्ति की हत्या को पांच दशक पुरानी रंजिश चलते अंजाम दिया गया है। पुलिस नागेश के करीबियों से भी पूछताछ कर सुराग लगाने में जुटी है। इस बाबत एसपी गोपालकृष्ण चौधरी का कहना है कि एक आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है। अन्य आरोपी भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**26 सितंबर को बोरे में भरकर फेंका मिला था शव :** दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे गुरुवार को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने गुरुवार को ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी। इसमें विक्रम प्रताप सिंह ने बताया है कि गांव के राना नागेश सिंह के परिवार से दुश्मनी है। आरोप है कि राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला उनके भाई को साथ ले गए। 25 सितंबर को कुछ लोगों ने बताया कि चारों उसके भाई की पिटाई कर रहे थे। 26 सितम्बर को दुबौलिया क्षेत्र में शव बरामद हुआ था। पुलिस ने चार नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ अपहरण, हत्या व शव छिपाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

## तो रानीपुर गेट से शक्ति का हुआ था अपहरण

शक्ति सिंह मर्डर केस की छानबीन में जुटी पुलिस घटनाक्रम से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है। आरोपी मनोज शुक्ला निवासी फेंसा थाना दुबौलिया से पूछताछ में भी कई अहम जानकारियां पुलिस के हाथ लगी है। जांच में यह भी सामने आया कि 24 सितंबर की शाम शक्ति सिंह को रानीपुर गेट से अगवा किया गया था। इसके बाद उसे सीधे दुबौलिया थानाक्षेत्र में सरयू नदी के किनारे ले जाया गया। आरोपी मनोज भी इसी क्षेत्र का रहने वाला है। ऐसे में माना जा रहा है कि उसी ने रास्ता बताने का काम किया। पुलिस के अनुसार मनोज नागेश के साथ ही बॉडीगार्ड के तौर पर रहता था। शक्ति सिंह को नदी के किनारे ही ले जाकर मार डाला गया। इसके बाद शव को छिपाने के मकसद से सरयू नदी में फेंक दिया गया था। फरार आरोपितों की धरपकड़ के लिए थाने की टीमों के साथ ही एसओजी, स्वॉट व सर्विलांस को भी लगाया गया है।

# हत्यारोपी की कुर्क होगी संपत्ति, नोटिस चस्पा

**सख्ती**

**कलवारी, हिन्दुस्तान संवाद।** हत्या के आरोप में फरार चल रहे धोबहट गांव निवासी अवधेश यादव की संपत्ति कुर्क होगी। न्यायालय से जारी नोटिस आरोपी के घर पर सोमवार को चस्पा किया गया है।

कलवारी थाने के धोबहट निवासी अंबिका यादव की नौ अगस्त 2020 को हत्या हो गई थी। उनके बेटे राजेश यादव ने अवधेश यादव, रामनरायन यादव, नीरज यादव, गंगा प्रसाद, जगदीश, रामगनेश, रमेश व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान हरफूल व चंद्रहास का नाम बढ़ाते हुए, अवधेश व रामनरायन का नाम निकाल दिया था। बाकी अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान गवाही कराई गई तो गवाहों के बयान के आधार पर विवेचक ने निकाले गए नाम को फिर जोड़ दिया था। मुकदमें में नाम जुड़ने के बाद कोर्ट ने अवधेश व रामनरायन दोनों के विरुद्ध वारंट जारी किया। पुलिस ने राम नरायन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया मगर अवधेश यादव हाजिर नहीं हुआ। कुर्की की कार्रवाई शुरू करते हुए न्यायालय ने निर्देश दिया है कि नौ अक्तूबर 2024 तक यदि समर्पण नहीं करते हैं, तो उनकी चल अचल संपत्ति कुर्क कर दी जाए।

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि माझा खुर्द चौकी प्रभारी हरि प्रकाश तिवारी ने वारंटी के घर नोटिस चस्पा करते हुए गांव में डुग्गी मुनादी भी करवा दी है।

# समस्या समाधान में देरी पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार

## गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कर मुख्यमंत्री ने सुनी 200 लोगों की समस्या, निस्तारण का दिया आश्वस्त

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दो दिवसीय प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में जनता दर्शन कर लोगों की समस्या सुनी। करीब 200 लोगों की समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का संतुष्टिपरक समाधान जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। समस्या सुनने के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लोगों का प्रार्थनापत्र देते हुए कहा कि यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि समस्यास समाधान में देरी न हो। उन्हें समझना होगा कि यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री गए और एक-एक कर सभी की समस्या ध्यानपूर्वक सुनी। मौके पर मौजूद प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से दो टूक में उन्होंने कहा कि समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए।

उन्होंने जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे भूमाफिया को चिह्नित किया जाए, उनके खिलाफ विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सामंजस्य के आधार पर करने का प्रयास करने को कहा।

इलाज में आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर आए लोगों से योगी ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद के जरिये इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। इलाज में आर्थिक मदद के हर प्रार्थनापत्र को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें निर्देशित किया कि मदद की कागजी औपचारिकता जल्द से जल्द पूरी की जाए, जिससे समय से इलाज सुनिश्चित हो सके। जनता दर्शन में महिलाओं के साथ पहुंचे बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें उपहारस्वरूप चाकलेट देकर आशीर्वाद दिया।



गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ• सौ. गोरखनाथ मंदिर



गोरखनाथ मंदिर में स्थित गोशाला में गायों को गुड़ व चना खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ• सौ. गोरखनाथ मंदिर

**गुरुपूजा कर मुख्यमंत्री ने की गोसेवा:** सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित अपने आवास से निकलने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ मंदिर गए और उनकी पूजा-अर्चना की। गुरु पूजा के क्रम में ही वह अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर गए और उनका दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते वह गोशाला पहुंचे और करीब आधे घंटे तक गोसेवा की। इस दौरान गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

**बच्चों से किया आत्मीय संवाद, दिया आशीर्वाद:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान स्वजन के साथ आए बच्चों को अपने पास बुलाकर उन्हें दुलारा। आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उन्होंने बच्चों से हंसी-ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चाकलेट भी दी।

# हत्यारोपी की कुर्क होगी संपत्ति पुलिस ने किया नोटिस चस्पा

## धोबहट में अगस्त 2020 में अंबिका की हुई हत्या में है वांछित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कलवारी।** हत्या के आरोप में फरार धोबहट निवासी अवधेश यादव की संपत्ति कुर्क की जाएगी। न्यायालय से जारी इस आशय का नोटिस आरोपी के घर पर चस्पा कर दिया गया है।

धोबहट निवासी अंबिका यादव की 9 अगस्त 2020 को हत्या कर दी गई थी। उनके बेटे राजेश यादव ने अवधेश यादव, राम नरायन यादव, नीरज यादव, गंगा प्रसाद, जगदीश, राम गनेश, रमेश व कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान हरफूल व चंद्रहास का नाम बढ़ाते हुए अवधेश व रामन नरायन का नाम निकाल दिया था। बाकी अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान गवाही कराई गई तो गवाहों के बयान के आधार पर विवेचक ने निकाले गए नाम को फिर जोड़ दिया।

मुकदमे में नाम जुड़ने के बाद कोर्ट ने अवधेश व राम नरायन के विरुद्ध वारंट जारी किया गया। पुलिस ने राम नरायन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मगर, अवधेश यादव वारंट पर हाजिर नहीं हो रहे हैं।

ऐसे में कुर्की की कार्रवाई शुरू करते हुए न्यायालय ने निर्देश दिया कि वह 9 अक्तूबर 2024 तक यदि समर्पण नहीं करता है तो उनकी चल अचल संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी।

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि माझा खुर्द चौकी प्रभारी हरि प्रकाश तिवारी ने वारंटी अवधेश यादव के घर चस्पा करते हुए गांव में डुग्गी-मुनादी करा दी है।

# दुर्घटना में शामिल कार पुलिस ने किया बरामद

जासं, छावनी: थाना क्षेत्र के चौकड़ी टोल प्लाजा पर कार के पीछे से युवक के गिरने के मामले के आरोपित गाड़ी को छावनी पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। फोरेंसिक टीम के मंजीत कुमार ने कार का मुआवना कर साक्ष्य जुटाए।

शुक्रवार की आधी रात के करीब चौकड़ी टोल प्लाजा पर चलती कार के पीछे गंभीर रूप से घायल युवक गिरा मिला था। जिसकी उपचार के लिए ले जाने पर सीएचसी हर्रैया में मृत्यु हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने बताया कि कार को ट्रेस कर बरामद कर लिया गया है, मृत युवक के शिनाख्त के लिए लगातार पड़ोसी जनपद गोंडा, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर व बहराइच जिलों से संपर्क किया जा रहा है।

# चार उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देने के दौरान मौजूद सीओ लाइन संजय सिंह, साथ में आरआइ संदीप राय • जागरण

जासं, वस्ती: अधिवर्षिता आयु पूरी कर जिले के चार उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन सभागार में उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर सीओ पुलिस लाइन व रुधौली संजय सिंह ने कहा कि चार उपनिरीक्षक व दो लीडिंग फायरमैन संपूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए हैं। इस मौके पर उन्हें स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदा किया गया व अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक संदीप राय व पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों ने विदाई दी।

# एक ही भूमि का दो बार किया बैनामा सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला मुख्यालय स्थित एक बेशकीमती भूमि का दो बार मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में सात व्यक्तियों पर पर मुकदमा दर्ज हुआ है। सभी आरोपित क्रेता व विक्रेता हैं। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष ने जमीन खरीदने वाले उस्का बाजार के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल समेत तीन लोगों पर जालसाजी करके जमीन बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए डीएम समेत अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है।

उस्का बाजार नगर पंचायत के सुभाषनगर निवासी हेमंत जायसवाल ने सदर थाना पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि उन्होंने शहर के आजादनगर मोहल्ले में स्थित एक जमीन का बैनामा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्रेता ने जिस भूमि का उन्हें बैनामा किया, उसी भूमि को उसने एक दूसरे व्यक्ति को भी बेच दिया। पूर्व नपं अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने सदर थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसकी शिकायत एसपी से की तो उन्होंने इस मामले की जांच कराई व जांच के बाद मो. मुईम, सफीक अहमद, मनोज सिंह, सूरज जायसवाल, जमशेद खान, अब्दुल हमीद, दीपक चौरसिया के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# कोटेदार पर मुकदमा

वस्ती : मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर के कोटेदार अपूर्वा विश्वास के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक विकास खंड सदर प्रवीण पांडेय ने तहरीर देकर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसआइ कन्हैया पांडेय ने बताया कि कोटेदार पर आरोप है कि वह राशनकार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा से एक यूनिट राशन की कटौती कर ले रहा था। पूछने पर ग्रामीणों से कहा कि उच्चाधिकारियों को हिस्सा देना है, इस नाते कटौती की जा रही है। जांच में मामला सही पाए गया। (जासं)

# राना की गिरफ्तारी को कोर्ट से मांगा एनबीडब्ल्यू

## गिरफ्तारी के लिए लगी टीम को मिला मुख्य आरोपित का सुराग, तीन वांछित फरार

**शक्ति सिंह हत्याकांड**

- संभावित ठिकानों व संरक्षणदाताओं के घर पर चलेगा सर्च अभियान
- कोर्ट के आदेश पर मनोज को 14 दिनों की मिली न्यायिक हिरासत

जागरण संवाददाता, वस्तीः बहुचर्चित शक्ति सिंह हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपित मनोज को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपित को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल रवाना कर दिया गया है। अभी भी मुख्य आरोपित राना नागेश भूमिगत बताया जा रहा है। पुलिस ने राना नागेश समेत अन्य वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व सरेंडर करने का दवाव बनाना शुरू कर दिया है।

कोर्ट में विवेचक थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह ने गैर जमानतीय वारंट (एनबीडब्ल्यू) के लिए प्रार्थना पत्र सोमवार को दे दिया है। कोर्ट ने इस पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। एनबीडब्ल्यू जारी होते ही आरोपित के सभी संभावित ठिकानों व संरक्षणदाताओं के घरों पर पुलिस की ओर से सर्च अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व 24 सितंबर को बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति सिंह का अपहरण कर लिया गया था, इसके बाद उसकी हत्या करके शव को दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के किनारे तटबंध पर बोरे में भर कर उसमें पत्थर डाल कर नदी के फेंक दिया गया था। इस मामले में पुलिस मृतक के भाई विक्रम की तहरीर पर उसके गांव रानीपुर बेलाड़ी के पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह व मनोज शुक्ला पर अपहरण व हत्या का मुकदमा नगर थाने में दर्ज कराया था। आरोपितों में मनोज की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल रवाना कर दिया है।

### फरार हत्यारोपितों पर घोषित होगा इनाम

शक्ति सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य हत्यारोपित पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। वह भूमिगत हो चुके हैं। कोर्ट से एनबीडब्ल्यू मिलने के बाद अब इनके ऊपर इनाम घोषित किया जाएगा। नगर पुलिस, स्वाट, एसओजी व सर्विलांस की टीमें आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है। सर्विलांस की लगातार मदद भी ली जा रही है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आरोपित घटना के बाद से फरार है। अभी तक उसने अपने रिश्तेदार व परिवार के भी किसी सदस्य से संपर्क नहीं किया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि इस मामले की हर दिन मानीटरिंग की जा रही है। हर हाल में आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल में भेजा जाएगा।

### तीन थाना क्षेत्रों में चला घटनाक्रम

शक्ति सिंह अपहरण व हत्या का मामला कोतवाली, नगर व दुबौलिया थाना क्षेत्र से जुड़ा रहा है। तहरीर के अनुसार शक्ति सिंह का अपहरण कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़घाट स्थित कुआनो नदी के तट से किया गया था। इसके बाद उसकी हत्या कर शव को दुबौलिया थाना क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे फेंक दिया गया और समूचे घटना की एफआइआर नगर थाने में लिखी गई। इसी थाना क्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी गांव निवासी वादी, प्रतिवादी हैं।

### गैंगस्टर का आरोपित धराया, गया जेल



पैकोलिया पुलिस की गिरफ्त में गैंगस्टर नवी हुसैन● जागरण

जासं, वस्तीः गैंग बनाकर समाज में भय पैदा कर दहशत फैलाने वाले गैंगस्टर को पैकोलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जेल रवाना कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि गैंगस्टर के मामले में आरोपित नवी काफी दिनों से वांछित चल रहा था। बताया कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सरवनपुर निवासी नवी हुसैन पुत्र सफी मुहम्मद पर संगठित गिरोह बनाकर धनवसूली करने के मुकदमे में वांछित था।

# शूटिंग प्रतियोगिता में बहराइच का बोलबाला

बस्ती। पुलिस वार्षिक अंतर जोनल शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीसियेंसी रेस (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2024 का सोमवार को समापन किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने रिजर्व पुलिस लाइंस व मूड़घाट चांदमारी बट पर हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों, विजेताओं को पुरस्कृत कर समापन किया गया। रायफल शूटिंग (पुरानी स्पर्धा) में जनपद बहराइच, रिवाल्वर / पिस्टल शूटिंग में जनपद बलरामपुर, कार्बाइन शूटिंग में जनपद बहराइच को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

# तेज आवाज में डीजे बजा तो दुर्गापूजा आयोजक भी जाएंगे जेल



पुलिस लाइन में डीजे व दुर्गापूजा संचालकों के साथ बैठक करते एएसपी, संग में सीओ सिटी व सीओ रुधौली ●जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: दुर्गापूजा में तेज आवाज में डीजे बजाने संचालक के साथ आयोजक भी जेल भेजे जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्णय शांति समिति की बैठक में सोमवार को देर शाम पुलिस लाइन में लिया गया। दुर्गा पूजा के आयोजकों व डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कहा कि नवरात्र व दशहरा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने वाले गिरफ्तार किए जाएंगे। डीजे सेट जब्त किया जाएगा।

सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने दुर्गापूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय की गाइडलाइन के मुताबिक रात 10 बजे से लेकर सुबह छह बजे तक डीजे का शोर नहीं मिलाना चाहिए। अगर कानून का उल्लंघन मिला तो पुलिस तत्काल धारा 163 के तहत कार्रवाई करेगी। बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 बस्ती में लागू है। जो इसका पालन नहीं करेगा, उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस नाते आप सभी को पहले से ही सचेत किया जाएगा।

# 49वीं अंतरजनपदीय प्रतियोगिता में बहराइच पुलिस का दबदबा



49वीं अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कृत करते पुलिस अधीक्षक संग में एएसपी, सीओ सिटी ● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती : पुलिस लाइन में 49वीं अंतरजनपदीय गोरखपुर जोन शूटिंग स्पोर्ट्स एवं क्षमता रेस प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जोन की कई टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रमुख प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की।

बहराइच की टीम ने अलार्म क्षमता रेस और एसाल्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। राइफल व कार्बाइन शूटिंग स्पर्धा में भी जलवा कायम रहा। इस दमदार प्रदर्शन ने जनपद को प्रतियोगिता का प्रमुख विजेता बना दिया। बलरामपुर के निशानेबाजों का कमाल का प्रदर्शन रहा। रिवाल्वर में अनुप्रिया शुक्ला, मधु गुप्ता, सचि पटेल व प्रीती गुप्ता अव्वल रहीं। कार्बाइन में मधु गुप्ता ओवरआल चैंपियन रहीं। रिवाल्वर व पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में बलरामपुर के आरक्षी अनिल दीक्षित प्रथम स्थान पर रहे। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एएसपीओपी सिंह, सीओ सत्येन्द्र भूषण तिवारी आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# वारंटी के घर पर नोटिस चस्पा

जासं, कलवारीः कलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट गांव में कलवारी पुलिस ने नौ अगस्त 2020 में राजेश यादव के हत्या के मुकदमे में आरोपित के न्यायालय के समक्ष पेश न होने पर वारंट जारी किया था। न्यायालय के आदेश पर धारा 82 की कार्रवाई का नोटिस कलवारी पुलिस ने वारंटी के घर पर चस्पा किया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार की शाम को उपनिरीक्षक हरिप्रकाश त्रिपाठी ने वारंटी अवधेश यादव के घर धारा 82 के नोटिस को चस्पा कर डुग्गी मुनादी कराया। बताया कि यदि वह नौ अक्टूबर तक न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होगा तो उसके चल अचल संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

जासं, बस्तीः दुबौलिया थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर उसी के गांव के युवक के द्वारा दुष्कर्म किए जाने की सामने आई है। पुलिस पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि युवक उनकी बेटी को एकांत स्थान पर ले जाकर पहले शादी का वादा किया, फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

# ग्राम पंचायत की समस्या का गांव में ही होगा समाधान

## तीन माह के लिए रोस्टर तैयार, चार अक्टूबर को पहली चौपाल

- प्रमुख व जनप्रतिनिधियों को बीडीओ उपलब्ध कराएं त्रैमासिक रोस्टर
- अक्टूबर से दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को होगा आयोजन

जागरण संवाददाता, बस्तीः ग्राम पंचायत की समस्याओं का समाधान गांव में करने के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को इसका आयोजन किया जाएगा।

सीडीओ की ओर समस्त खंड विकास अधिकारियों को भेजे गए पत्र में निर्देशित किया गया है कि ग्राम चौपाल की सूचना निर्धारित प्रारूप-चार पर उसी दिन दोपहर बाद चार बजे तक रूरल साफ्ट की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिया है कि कार्यक्रम के लिए त्रैमासिक रोस्टर अपने स्तर से ब्लाक प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही जिन खंड विकास अधिकारियों द्वारा रूरल साफ्ट पोर्टल पर ग्राम चौपाल की फीडिंग समय से नहीं कराई जाएगी, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल के आयोजन का उद्देश्य गांव की समस्या का गांव में निस्तारण करना है। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत से संबंधित अधिकारियों के साथ ही ब्लाक स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वह ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर उसके समाधान का प्रयास करेंगे।
जयदेव सीएस, सीडीओ



**चार अक्टूबर को यहां आयोजित होगी ग्राम चौपालः** आगामी चार अक्टूबर को विकास खंड कुदरहा के भंगुरा एवं चरकैला, बस्ती के डिडौहा एवं भरौली बाबू, हरैया के जोगापुर एवं गोभिया, कप्तानगंज के खेमराजपुर एवं परसपुरा, बनकटी के धौराहरा, गोचना एवं रामपुर रेवती, परशुरामपुर के रघवापुर एवं खम्हरिया, गौर के चनईपुर एवं जैतापुर, रुधौली के अरड़ा एवं तिगोडिया, रामनगर के कटरिया नानकार एवं असनहरा, साऊंघाट के ऊंचगांव एवं कुसम्हा, बहादुरपुर के चन्दो एवं जलालपुर, दुबौलिया के पूरेओरी राय एवं खुशहालगंज, विक्रमजोत के दहड़ा मिश्रा एवं घिरौली बाबू तथा सल्टौआ गोपालपुर के अमरौली शुमाली एवं लक्ष्मनपुर मे ग्राम चौपाल आयोजित किया जाएगा।

# 1.80 लाख चोरी में अज्ञात पर केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने पांडेय बाजार से रविवार को दिन में डीसीएम की केबनि से 1.80 लाख रुपये उड़ाने के मामले में अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है।

इस संबंध में कप्तागनंज थानांतर्गत रतास उर्फ कप्तानगंज निवासी मुन्नू पुत्र यार मोहम्मद ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह अपनी डीसीएम पर कप्तानगंज व महराजगंज कस्बे के व्यापारियों का सामान लेकर जाने के लिए आए थे। दोपहर करीब पौने एक बजे श्याम इंटरप्राइजेज पांडेय बाजार एक्सिस बैंक के सामने गाड़ी खड़ी की। उतरकर दुकान में जाते ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी के केबिन का दरवाजा खोलकर रुपये वाला झोला निकला ले गया। संवाद

# मकान में घुसकर दो मोबाइल व नकदी चोरी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती क्षेत्र के एक मकान में घुसकर चोर नगदी व दो मोबाइल फोन चुरा ले गए। थाना क्षेत्र के रुधौली गांव निवासी राजकुमार त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है क 28 सितंबर की रात करीब 12 बजे उनके मकान में रखा दो मोबाइल चोरी हो गया। पर्स व उसमें रखा 20 हजार रुपये भी चोर चुरा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# बाइक मांगकर हड़पने का आरोप

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने धोखे से बाइक ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पड़ियापार निवासी फूलचंद्र चौधरी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 31 अगस्त को हड़िया शराब भट्ठी मरवटिया पर मुंडेरवा के खझौला निवासी अनिल उर्फ भोलू ने धोखे से उनकी बाइक ले ली। मांगने पर देने से मना कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# पुलिस को मिली लापता किशोरी

**वाल्टरगंज।** मुकामी पुलिस ने घर से लापता हुई किशोरी को 24 घंटे के अंदर ढूंढ लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश कुमार साहनी ने बताया कि किशोरी 29 सितंबर की शाम को पुलिस टीम को मिली। कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। शनिवार को उसके लापता होने के संबंध में परिवार वालों की सूचना पर केस दर्ज किया गया था। संवाद

# मछली न देने पर पिटाई का आरोप

**वाल्टरगंज।** बहेरिया गांव के तालाब में रविवार की शाम को मछली मार रहे युवक की दूसरे गांव के कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। आरोप है कि राम चंद्र निवासी बहेरिया से दूसरे गांव के लोग मछली मांगने लगे। उसके पास मछली नहीं थी। इस पर उसे गाली देते हुए पिटाई कर दी। इससे वह बेहोशी की स्थिति में आ गया। आसपास मौजूद बच्चों न शोर मचाया तो गांव के लोगों ने राम चंद्र को तालाब से निकाला। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश कुमार साहनी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पेट्रोल पंप से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के परमेश्वर पेट्रोल पंप के किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई। लालगंज क्षेत्र के महादेवा निवासी मोहम्मद आसिफ ने बताया कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर आ रहे थे। कुछ खराबी आने पर उन्होंने उसे पेट्रोल पंप के पास खड़ी गर दी और घर चले आए। सोमवार की सुबह जब गए तो ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर कोतवाली गए। कोतवाली में बताया गया कि घटना स्थल पुरानी बस्ती में है। इसके बाद उन्होंने पुरानी बस्ती थाने पर चोरी की सूचना दी। थानाध्यक्ष महेश सिंह के अनुसार वाहन स्वामी ने बताया कि ट्रैक्टर में तेल बहुत कम था। ऐसे में ट्रैक्टर ज्यादा दूर नहीं गया होगा। खोजबीन की जा रही है। संवाद

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** घाटमपुर पेट्रोल पंप के पास से सोमवार सुबह गैंगेस्टर के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार, दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरवनपुर निवासी नबी हुसैन पर हर्रैया थाने में गैंगेस्टर की धारा में केस दर्ज हुआ था। इसकी विवेचना थानाध्यक्ष पैकोलिया कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि गैंगस्टर के आरोपी की तलाश की जा रही थी। सोमवार की सुबह करीब सात बजे जरिये मुखबिर सूचना पर घाटमपुर पेट्रोल पंप के पास से हमराहियों के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट व धमकाने का केस दर्ज किया है। सिसवा बुजुर्ग थाना सोनहा निवासी अभिषेक तिवारी का आरोप है कि 28 सितंबर को रुधौली से भानपुर जा रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे से मारापीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गांव के विजय नाथ दुबे, अनिल कुमार, आशीष कुमार, भवानीशंकर पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# 1.80 लाख चोरी में अज्ञात पर केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने पांडेय बाजार से रविवार को दिन में डीसीएम की केबनि से 1.80 लाख रुपये उड़ाने के मामले में अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है।

इस संबंध में कप्तागनंज थानांतर्गत रतास उर्फ कप्तानगंज निवासी मुन्नू पुत्र यार मोहम्मद ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह अपनी डीसीएम पर कप्तानगंज व महराजगंज कस्बे के व्यापारियों का सामान लेकर जाने के लिए आए थे। दोपहर करीब पौने एक बजे श्याम इंटरप्राइजेज पांडेय बाजार एक्सिस बैंक के सामने गाड़ी खड़ी की। उतरकर दुकान में जाते ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी के केबिन का दरवाजा खोलकर रुपये वाला झोला निकला ले गया। संवाद

# रैली निकाल किया जागरूक

गौर। ब्लॉक मुख्यालय से सफाई कर्मियों एवं सचिवों ने रैली निकाल ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली को बीडीओ केके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ब्लॉक मुख्यालय से होते हुए गौर बाजार,रेलवे स्टेशन चौराहा,रमवापुर चौराहा,चकचई ओवर ब्रिज, अंबरपुर होते हुए ब्लॉक पहुंचकर समाप्त हो गई। संवाद

# युवक की मौत के मामले में कार चालक पकड़ा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा के कौड़िया क्षेत्र के कुछ लोग पहचान के लिए पहुंचे**




**बरामद कार।** संवाद

**छावनी (बस्ती)।** चौकड़ी टोल पर कार के पीछे से युवक के गिरने के मामले के आरोपित कार को छावनी पुलिस ने बरामद कर लिया। चालक भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है।

मगर, पुलिस अभी इसे कबूल करने में टाल-मटोल कर रही है। फॉरेंसिक टीम के मंजीत कुमार ने कार का मुआवना कर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी छावनी विजय कुमार दूबे ने बताया कि कार को ट्रेस कर बरामद कर लिया गया है। मृत युवक की पहचान के लिए प्रयास जारी है।

शुक्रवार की आधी रात के करीब चौकड़ी टोल पर चलती कार के पीछे गंभीर रूप से घायल युवक गिरा मिला था। इलाज के लिए ले जाने पर सीएचसी हर्रैया में युवक की मौत हो गई थी। गोंडा जिले के ग्राम खैरी चुर्रामुर्रा थाना कौड़िया जिला गोंडा से संगीता मृत युवक की शिनाख्त के लिए छावनी थाने पर आई हैं। कौडिया थाना में छह माह पहले एक युवक की गुमशुदगी दर्ज है। छावनी पुलिस मृत युवक की शिनाख्त के लिए लगातार पड़ोसी जनपदों गोंडा, अयोध्या, आंबेडकर नगर, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, बहराइच सहित अन्य जिलों से संपर्क साधे हुए है।

पुलिस के मुताबिक, जांच में पाया गया कि उक्त कार से टकराकर युवक गिरा और नीचे उसकी शरीर फंस गया।

उसे घसीटते हुए कार टोल पर पहुंची। वहां ब्रेकर पर उछलने के बाद युवक कार से अलग हो गया। इसके बाद चालक कार लेकर फरार हो गया था।

# सरयू नदी के तटबंध पर पत्थर से सिर पर वार कर की गई थी हत्या

## शक्ति हत्याकांड : गिरफ्तार आरोपी मनोज शुक्ल से पुलिस पूछताछ में खुला मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शक्ति सिंह हत्याकांड में पुलिस को कई चौंकाने वाले तथ्य हाथ लगे हैं। गिरफ्त में आए नामजद आरोपी मनोज शुक्ला से काफी कुछ पुलिस ने उगलवा लिए हैं। मगर, पुलिस अभी खुल नहीं रही है। आरोपी से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि शक्ति सिंह की हत्या सरयू नदी के तटबंध पर पत्थरों से वार कर की गई थी। उन पत्थरों पर खून के निशान मिले भी थे। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने गुनाह कबूल कर ली है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।



आरोपी मनोज

### आरोपियों की बढ़ सकती है फेहरिस्त, कई अन्य के शामिल होने का शक



शक्ति हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश में दबिश

29 सितंबर को प्रकाशित खबर।

उधर, पुलिस ने जब्त किए गए डीबीआर का डेटा रिकवर कर लिया है। इसमें कई अहम फुटेज ऐसे मिले हैं, जो घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ रहे हैं।

हालांकि पुलिस अभी इसे कबूल नहीं कर रही है। सूत्रों ने यहां तक बताया कि इस हत्याकांड में अभी कई और नाम सामने आना बाकी हैं। पुलिस उनमें से कइयों की पहचान कर चुकी है। मगर, हाथ आने बाकी हैं। नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति सिंह की हत्या करके दुबौलिया थानाक्षेत्र के सैफाबाद बंधे के किनारे सरयू नदी में फेंक दिया गया था।

26 सितंबर को सुबह मवेशी चरा रहे ग्रामीण और मछली का शिकार करने वाले वहां पहुंचे तो तटबंध के पत्थरों पर खून देखा। शक होने पर आसपास नजर दौड़ाने लगे तो पानी में बोरे में भरा हुआ कुछ दिखाई दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो बोरे में युवक का शव मिला। बाद में उसकी पहचान शक्ति सिंह के रूप में हुई।

शाम को उसके भाई विक्रम सिंह ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि उनके भाई शक्ति सिंह की हत्या उसके गांव के नागेश सिंह ने रवि सिंह,शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला आदि के साथ मिलकर की है। तहरीर दिए कि इन लोगों ने 24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट से शक्ति का अपहरण किया था। तहरीर के आधार पर नगर थाने की पुलिस ने अपहरण कर हत्या और शव छिपाने के आरोप में नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला असहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें पुलिस अभी सिर्फ मनोज शुक्ल निवासी फेंसा थाना दुबौलिया को गिरफ्तार कर पाई है।

### एक और आरोपी के करीब पहुंची पुलिस

नामजद आरोपियों में से एक और आरोपी तक पुलिस पहुंच चुकी है। हालांकि, अभी इसके बारे में कोई कुछ बताने से बच रहा है। मगर, सूत्र बताते हैं कि वह पुलिस की रडार पर आ चुका है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# डीएम व एसपी ने लिया जायजा

## दीक्षांत समारोह आज

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में 1 अक्टूबर 2024 को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों का जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय पहुंचकर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस, मंच, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल का देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के रजिस्ट्रार डा अमरेन्द्र कुमार सिंह, प्रक्टर प्रो दीपक बाबू, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ड ललित कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



**कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।**

# एक ही भूमि का दो बार बैनामा, पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत सात पर केस


### जिला मुख्यालय से जुड़ा है मामला, दोनों पक्ष एक दूसरे पर लगा रहे आरोप, मामले की जांच के लिए तहसीलदार हुए नामित

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला मुख्यालय स्थित एक बेशकीमती भूमि का दो बार मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में सात व्यक्तियों पर पर मुकदमा दर्ज हुआ है। सभी आरोपित क्रेता व विक्रेता हैं। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष ने जमीन खरीदने वाले उसका बाजार के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायसवाल समेत तीन लोगों पर जालसाजी करके जमीन बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए डीएम समेत अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है। उसका बाजार नगर पंचायत के सुभाषनगर निवासी हेमंत जायसवाल ने सदर थाना पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि उन्होंने शहर के आजादनगर मोहल्ले में स्थित एक जमीन का बैनामा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्रेता ने जिस भूमि का उन्हें बैनामा किया, उसी भूमि को उसने एक दूसरे व्यक्ति को भी बेच दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इसे लेकर उन्होंने सदर थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की तो उन्होंने इस मामले की जांच कराई और जांच के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख सलीक अहमद, मोहम्मद मुईम, मनोज कुमार सिंह, सूरज जायसवाल, जमशेद खान, अब्दुल हमीद दीपक चौरसिया के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**दूसरे पक्ष ने भी की है शिकायत :** इस मामले दूसरे पक्ष से अब्दुल मुईम व डाक्टर मनोज ने डीएम और सदर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उन्होंने कहा है कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अपने प्रभाव के चलते उनकी भूमि कब्जा करना चाहते हैं। डा.मनोज ने कहा कि उन्होंने अब्दुल मुईम खा से भूमि क्रय की थी। नक्शे में भूमि की चौहदी व रास्ता भी दिया है। उनके आगे की भूमि को हेमंत जायसवाल ने ले लिया है और वह रास्ता भी ले चुके हैं अब मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि भूमि उन्हें दे दी जाए। अब्दुल मुईम खां ने कहा है कि हेमंत जायसवाल ने सदर थाने के साथ अपने प्रभाव का प्रयोग करके उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। वह अब उन्हें जान माल की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में डीएम डा. राजा गणपति आर का कहना है कि मामले की जांच के लिए तहसीलदार को नामित किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मैं ही पीड़ित मेरी छवि खराब करने की हो रही कोशिश:** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जायस्वाल ने कहा कि उनके साथ धोखा हुआ है। क्रेता ने जो जमीन उन्हें बेची, उसे दूसरे से भी बेच दिया। लगातार थाने पर इसकी शिकायत की गई। एसपी से शिकायत हुई। मामले की जांच के बाद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। अब वह उन्हें जानमाल की धमकी दे रहे हैं। मामले की निष्पक्षता से जांच कर कार्रवाई की जाए।

# पांचवा स्थान प्राप्त होने पर एसपी ने किया सम्मानित




प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह.।

**सिद्धार्थ नगर।** एनसीआरबी दिल्ली द्वारा सीसीटीएनएस योजना की प्रगति डैशबोर्ड के विभिन्न पैरामीटर की रैंकिंग में माह अगस्त-2024 में जनपद सिद्धार्थनगर को 5व स्थान प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने डिस्ट्रीक्ट को-अर्डिनेटर को अविनाश कुमार गौरव प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले उत्तर प्रदेश के दस जनपदों में जनपद सिद्धार्थनगर का 5व स्थान प्राप्त हुआ है ।

# कूटरचित तरीके से जमीन हड़पने के मामले में केस

**उसका बाजार (एसएनबी)।** सिद्धार्थनगर पुलिस ने फर्जी तरीके से जमीन बैनामा करने और कूट रचित तरीके से जमीन हड़पने के दो मामले में कुल आठ लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीत किया है।मिली जानकारी के मुताबिक उसका बाजार कस्बा के सुभाषनगर वार्ड निवासी हेमन्त कुमार जायसवाल के शिकायती प्रार्थना पत्र के क्रम जनपद मुख्यालय सिद्धार्थनगर थाना की पुलिस ने उक्त प्रकरण में अब्दुल मुईम निवासी बेलसड, सफीक अहमद निवासी राहुल नगर मो शाकिब सिद्दीकी निवासी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर, जमशेद खान निवासी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर सहित कुल आठ के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 419,420,476,468 और 471 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पीस कमेटी की बैठक

**खुनुवा।** शोहरतगढ़ नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे मनाये जाने वाले महापर्व नवरात्रि एवं विजय दशमी को लेकर कस्वे के लोगो के साथ शोहरतगढ पुलिस अधिकारियों की बैठक रविवार को शोहरतगढ थाना के सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक में थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महापर्व शारदीय नवरात्रि ,विजय दशमी को कस्बे में लगने वाले दुर्गा पूजा के पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना होगा। आयोजको को वहां लाइट एवं फायर सम्बन्धित जो आदेश लेना है एवं कनेक्शन लेना है वह समय से पूरा करा लें। दुर्गा मूर्तियो के विसर्जन के दिन लोगों को डीजे बजाने पर जो भी नियमावली है उसका ध्यान रखना पड़ेगा।इस दौरान थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, खुनुवां चौकी प्रभारी जगत नारायण यादव, एसआई श्याम मोहन त्रिपाठी, एसआई सत्येन्द्र कुमार, एसआई अशोक कुमार, एसआई राम शंकर पाण्डेय, हेड कांस्टेबल सन्तोष यादव, कां दीपक गौड़, कांस्टेवल प्रभाकर यादव,देश दीपक सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, मुस्लिम नेता अल्ताफ हुसैन, सतीश मित्तल, प्रधान किस्मत अली उर्फ फेंकू, मोनू कुमार, मनोज चौधरी, शिवरतन कन्नौजिया, दिनेश कुमार, मनोज, राजकुमार मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहें।

# बिना नंबर सड़कों पर सरपट दौड़ रहे ई–रिक्शे

## वाहनों की चेकिंग का चलता है अभियान, फिर भी पकड़ से वाहर, पहले वाहनों का होता है पंजीकरण







शहर मे बिना नंबर के फर्राटा भरते ई–रिक्शा व रिक्शा के छत पर पन्नी ताने चालक व शहर के बाइपास रोड पर बिना नम्बर के फर्राटा भरता ई–रिक्शा • जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिले में 1473 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं। 60 लोडर ई-रिक्शों का भी रजिस्ट्रेशन है। इनके अलावा, बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शो की बात करें तो जिले में कम से कम इनकी संख्या एक हजार से कम नहीं होगी। केवल शहर में ही पांच सौ ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। इनमें करीब चार सौ ई-रिक्शा रजिस्टर्ड होंगे। बाकी ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन वाले हैं। इनके रजिस्ट्रेशन या सही संख्या जानने के लिए न तो एआरटीओ ने कोई कदम उठाया है और न ही पुलिस विभाग ने अभियान चलाया है। इनके सड़क पर चलने के संबंध में भी कोई नियम लागू नहीं किया गया है और न ही इन पर ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। ऐसे में ई-रिक्शा चालक के परिवार में जिसके मन में आता है, वह ई-रिक्शा लेकर शहर में निकल पड़ता है। यातायात पुलिस की लापरवाही से इनकी संख्या बेहिसाब बढ़ती जा रही है। इससे यातायात व्यवस्था और बिगड़ रही है। इनकी वजह से शहर में जगह-जगह जाम लग रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। इस वर्ष अब तक मात्र 29 ई-रिक्शों का चालान किया गया है।

**1473 रजिस्ट्रेशन, सौ लाइसेंस:** जिले में 1473 ई-रिक्शों के रजिस्ट्रेशन जरूर हैं। शहर में ई-रिक्शा चलाने के लिए कोई नियम लागू नहीं दिखता। इन्हें दस साल से लेकर 16-17 साल के लड़के भी इसे चला रहे हैं। न तो उन्हें यातायात नियमों के बारे में जानकारी है और न ही उन्हें वाहन चलाने का अधिकार है।

**एजेंसियों से सीधे बेच दिए जाते है ई-रिक्शा :** वैसे किसी वाहन की बिक्री के बाद उसका नंबर एआरटीओ कार्यालय से जारी होता है। उसका बीमा, फिटनेस, लाइसेंस समेत अन्य कागजात एआरटीओ कार्यालय में आवेदन के बाद मिलता है। लेकिन ई-रिक्शों में कोई नियम लागू नहीं किया जाता। कौन खरीद रहा है या कौन बेच रहा है, इनके रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं हो रहे इस पर कोई गौर नहीं दिया जा रहा। ई-रिक्शा में बड़ी दिक्कत ये आ रही है कि आपराधिक मामलों में इन्हें तलाश करना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि न तो इन पर नंबर होता है और न इनके रजिस्ट्रेशन कराए जाते हैं। अगर ये लूट लिए जाते हैं तो पुलिस को बरामद करना और कठिन हो जाता है।



जो ई–रिक्शे कार्यालय आ रहे है।उनके रजिस्ट्रेशन कराए जाते हैं, जो ई–रिक्शा एजेंसियों से सीधे बेच दिए जाते है।वह अपना रजिस्ट्रेशन नही करा रहे है। इस संबंध में एजेंसियों से बात की जाएगी कि ई–रिक्शा के रजिस्ट्रेशन कराएं और उनके ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाएं। सुरेश कुमार मौर्य, एआरटीओ सिद्धार्थनगर

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा

मिश्रौलिया। मिश्रौलिया थाने पर सोमवार को थानाध्यक्ष अरूण कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा व दषहरा पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की सभी से अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा व दषहरा में किसी नई परम्परा की शुरुआत नहीं होने दी जाएगी। सभी लोग त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। नशे की स्थिति में किसी भी प्रकार के व्यक्ति को पूजा पण्डाल में प्रवेश न दें।

# सेवानिवृत्त हुए दो पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस सेवा से रिटायर हुए दो पुलिस कर्मियों को एसपी प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी ने सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक महेश मिश्रा व उप निरीक्षक गंगा प्रसाद को माला पहनाकर, धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया।

# चेन छीनने की आरोपी महिला निकली निर्दोष

सिद्धार्थनगर। शहर के पुराने चित्र मंदिर के पास एक महिला को कुछ लोगों ने चेन छीनने का आरोप लगाते हुए पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस थाने में ले आई। पूछताछ में महिला साइको जैसी लगी। निर्दोष मिलने पर उसे छोड़ दिया गया। संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जांच में महिला निर्दोष मिली। उसे शक में पकड़ लिया गया था। उसे छोड़ दिया गया है।

# बैनामा में जालसाजी आठ लोगों पर केस

सिद्धार्थनगर। शहर में दो स्थानों की जमीन को कूटरचित तरीके से बैनामा करने व हड़पने के आरोप में बेचने व खरीदने वाले सहित आठ लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

उस्का बाजार नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन हेमंत कुमार जायसवाल ने सदर थाना पर दो अलग तहरीर के माध्यम से केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि भू स्वामी ने पूर्व में उनके नाम से जमीन का बैनामा करने के बाद दूसरे के हाथ बेच दिया। इसकी जानकारी होने पर पहले उन्होंने शिकायत की और मामला सुलझाने को कहा लेकिन न बेचने वाला सुनने को तैयार नहीं हुआ।

# महिला पर चोरी का आरोप लगा लोगों ने पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा

जासं, सिद्धार्थनगर : शहर के पुराने छविगृह के पास एक महिला पर चेन चोरी का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे थाने लेकर चली आई। पुलिस ने बताया कि महिला अर्धविक्षिप्त है। चेन छीनने का प्रयास नहीं किया गया है। जांच में महिला का कोई दोष नहीं निकलने पर उसे छोड़ गया। इंटरनेट मीडिया पर इससे संबंधित एक वीडियो भी प्रसारित हुआ है। जागरण इसकी पुष्टि नहीं करता है। शहर के पुराने छविगृह के पास एक महिला को कुछ लोगों ने चेन छीनने के आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने महिला की पिटाई भी की।

किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और उसे प्रसारित कर दिया। प्रसारित वीडियो में महिला को एक दूसरी महिला पकड़ी हुई है। बाद में महिला को पुलिस ने थाने से पूछताछ कर छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जांच में महिला निर्दोष मिली है। चेन वहीं मौके पर गिरा हुआ था।

## सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगा राज्यपाल का कार्यक्रम

### दीक्षांत समारोह : छावनी में तब्दील रहेगा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स, वैध पास वालों का ही कार्यक्रम में मिलेगा प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। बार्डर पर सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। वहीं, विश्वविद्यालय गेट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। विवि पुलिस छावनी में तब्दील रहेगा। बिना वैध पास के किसी को कार्यक्रम स्थल के लिए प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं, राज्यपाल के आसपास उनका विशेष बल तैनात रहेगा।

*इतने सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात*

*सुरक्षा व्यवस्था में पांच सीओ तैनात रहेंगे जो जोन वार सुरक्षा के बारे में दिशा-निर्देश देते रहेंगे। इसके साथ ही 21 थानाध्यक्ष, 94 सब इंस्पेक्टर, दो महिला एसआई, 317 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल, 82 महिला कांस्टेबल, 14 ट्रैफिक पुलिस, एक कंपनी पीएसी, दो फायर टेंडर आदि सुरक्षा में रहेंगे।*

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय नेपाल सीमा से महज एक किलोमीटर पहले स्थित है। सुरक्षा के दृष्टि से सीमा संवेदनशील है। संवेदनशीलता तब और बढ़ जाती है, जब कोई बड़ा आयोजन होता है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में मंगलवार को आठवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हैं।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व सीडीओ। स्रोत: सूचना विभाग

कार्यक्रम में राज्यपाल के आगमन को देखते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ गई है।

कार्यक्रम के समय सीमा पर सुरक्षा एजेंसी पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। विश्वविद्यालय परिसर में पांच से अधिक बैरियर बनाया जाएगा जो मुख्य गेट से कार्यक्रम स्थल तक रहेगा। हर चेकिंग प्वाइंट पर इंस्पेक्टर तैनात रहेंगे जो पास देखेंगे। वैध पास दिखाने के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा।

कार्यक्रम 700 से अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। इसमें एएसपी, सीओ और थानाध्यक्ष और पीएसी के जवान तैनात रहेंगे।

इसके साथ ही आलाअधिकारी सुरक्षा की पल- पल की मॉनिटरिंग करते रहेंगे। इस संबंध में एसपी प्राची सिंह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस चौबंद रहेगा।

**डीएम ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों का जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा गेस्ट हाउस, मंच, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने मंच, टेंट की व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विद्युत विभाग को एनओसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के रजिस्ट्रार डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. दीपक बाबू, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडीएम उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। सिवि के गेस्ट हाउस, मंच, हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंच और हेलीकाप्टर के सकुशल उतरने के लिए पीडब्लूडी और विद्युत विभाग से अनापत्ति पत्र मांगा। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा को लेकर बीफ्रिंग की।

डीएम डा. राजागणपति आर ने कहा कि कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम व सीओ को लगाया गया है। तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुलाधिपति के आने-जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की जा रही है। इस संबंध में सिवि प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता की गई है। कुलसचिव डा. अमरेंद्र कुमार सिंह, नियंता प्रो. दीपक बाबू, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।



सुरक्षा की व्यवस्था देखते डीएम डा .राजागणपति आर,एसपी प्राची सिंह

# एंबुलेंस प्रकरण की पीड़ित महिला की बिगड़ी तबीयत

जागरण संवाददाता, सकारपार : लखनऊ से पति का इलाज करवा के वापस लौट रही बांसी कोतवाली क्षेत्र की महिला के साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश की। इस दौरान पीड़िता के पति की मौत हो गई थी। इसके बाद से पीड़ित महिला सदमे में चली गई है। इसकी वजह से उसका तबीयत आए दिन खराब हो जा रहा है। सोमवार को एक बार फिर उसकी तबीयत खराब हो गयी। उसे पीएचसी गोनहाडीह में भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह के चिकित्सा प्रभारी डा. एस गयासुद्दीन ने बताया कि पीड़िता परिवार के साथ दोपहर में आई थी। जिसका तुरन्त इलाज शुरू कर दिया गया। पीड़िता को आराम महसूस होने पर परिवार के साथ घर भेज दिया गया। सदमे की हालत मे आने की वजह से तबीयत खराब होती रहती है। उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर में दिखाने की सलाह दी गयी है।



दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक करते पुलिस अधिकारी। स्रोत पुलिस

# सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी की दी गई जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आयोजित 8वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की ओर से ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को प्रतिशिक्षित किया गया। उन्हें ड्यूटी के बारे में जानकारी दी गई। डीएम डॉ. राजा गणपति आर, एसपी प्राची सिंह ने पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में सुदृढ़ पुलिस व्यवस्थापन सुनिश्चित किए जाने हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को आवश्यक जानकारी दी। इसमें सुरक्षा के साथ- साथ यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और सभी सीओ मौजूद रहे। संवाद

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पूर्व चेयरमैन पुत्र समेत आठ पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## शहर में स्थित दो कीमती भूमि को दोबारा बिक्री करने के मामले में दर्ज हैं अलग-अलग मुकदमें

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** शहर में स्थित भूमि को जालसाजी करते हुए दोबारा रजिस्ट्री करने के मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख व पूर्व चेयरमैन पुत्र समेत आठ पर केस दर्ज हुआ है।

सदर पुलिस ने चेयरमैन प्रतिनिधि उसका बाजार हेमंत कुमार जायसवाल की तहरीर पर दोनों भूमि की धोखाधड़ी कर बिक्री के दोनों मामले में विक्रेता समेत अन्य पर दो अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर राजस्व अभिलेखों की जांच करते हुए कार्रवाई में जुट गई है।

चेयरमैन प्रतिनिधि उसका बाजार हेमंत कुमार जायसवाल ने दिए तहरीर में बताया है कि उन्होंने शहर स्थित राजस्व ग्राम वेलसड़ तप्पा थरौली में सह खातेदार अब्दुल हकीम 1/4 अंश अर्थात 142.5 वर्गमीटर का चार मार्च 2024 को बैनामा कराया था।

इसी गाटा के सह खातेदार विपक्षी अब्दुल मुइम ने अपने हिस्से से मनीष कुमार मोदनवाल के पक्ष में 89.070 वर्ग मीटर का बैनामा किया है। साथ ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख सफीक अहमद निवासी मुहल्ला राहुलनगर थाना सिद्धार्थनगर 46.47 वर्गमीटर का बैनामा किया है। 31 जनवरी 2024 तक विपक्षी अब्दुल मुइम ने अपने अंश में से 135.549 वर्गमीटर का विक्रय कर दिया।

इसके बाद उनके पास 6.951 वर्ग मीटर अंश बचा था लेकिन विपक्षी अब्दुल मुईम ने छल कपट एवं प्रतिरूपण से विपक्षी सफीक अहमद एवं गवाह मो. साकिब सिद्दीकी व जमशेद खान ने साजिश के तहत उनके क्रय की गई भूमि जिसका अमलदरामद भी हो चुका है समेत 195.167 वर्गमीटर का बैनामा करवा लिया।

जो कि उनके अंश से बहुत अधिक है, इससे स्पष्ट है कि विपक्षी ने जान बूझकर उनकी भूमि को हड़पने के लिए फर्जी बैनामा करवा लिया है। पुलिस ने मामले में अब्दुल मुईम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सफीक अहमद, पूर्व चेयरमैन मो. जमील सिद्दीकी के पुत्र मो. साकिब सिद्दीकी व जमशेद खान पर केस दर्ज किया है।

### फर्जीवाड़ा कर दोबारा बेच दी भूमि

**हेमंत** कुमार जायसवाल की तहरीर के अनुसार विपक्षी अब्दुल मुईम ने शहर के राजस्व ग्राम थरौली में स्थित अपने हिस्से की 1596 वर्ग मीटर भूमि को विभिन्न तिथियों में उनके समेत मो सकील, मो. मोहसिन, माधवी कुशवाहा, नरेंद्र कुमार पांडेय को बैनामा किया है। इस प्रकार अब तक अपने हिस्से का 1460.31 वर्गमीटर भूमि बिक्री कर चुका है। जिसके बाद उनके पास 134.69 वर्गमीटर जमीन शेष थी, लेकिन उन्होंने 154.80 वर्ग मीटर भूमि मनोज कुमार सिंह के पक्ष में तथा सफीक अहमद को 116.17 वर्ग मीटर भूमि का फर्जी बैनामा कर दिया।

### दूसरे मामले में हैं सात आरोपी

**चेयरमैन** प्रतिनिधि उसका हेमंत कुमार जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे मामले में सात लोगों पर केस दर्ज किया है। इसमें पहले मामले के तीन आरोपी शामिल है। हेमंत कुमार जायसवाल ने दिए तहरीर में बताया है कि शहर के राजस्व ग्राम थरौली में उनके रजिस्ट्री बैनामा भूमि हड़पने के लिए दोबारा बिक्री कर दी गई। पुलिस ने मामले में अब्दुल मुईम, सफीक अहमद, मनोज कुमार सिंह, सूरज जायसवाल, जमशेद खान, अब्दुल हमीद व दीपक चौरसिया समेत सात के विरुद्ध केस दर्जकर छानबीन में जुट गई है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# युवक के गायब होने की घटना में मुकदमा

धनघटा (एसएनबी)। बीते 20 सितम्बर की सुबह एसडीएम धनघटा की कोर्ट में मुकदमे की तारीख देखने घर से निकलने के बाद धनघटा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी लापता हुए युवक का मामला गहराता जा रहा है। घटना के 10 दिन बाद भी युवक के बारे में न तो परिजनों को कोई जानकारी मिल सकी और न ही पुलिस ही युवक के बारे में कोई सुराग लगा सकी। सोमवार को लापता युवक के परिजन ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों के उपर युवक के लापता होने में उनकी संलिप्तता होने का आरोप लगाते हुए उसके साथ अनहोनी घटना कारित किए जाने का आरोप लगाया तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुनील पुत्र सत्यनरायन ने बताया कि गांव निवासी शिवराम पुत्र रामधनी, संदीप, ऋषभ व दिलीप पुत्रगण शिवराम से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है और मुकदमा भी चल रहा है। बीते 20 सितम्बर की सुबह 8 बजे उसका भाई अनिल एसडीएम धनघटा कोर्ट में चल रहे मुकदमे की तारीख देखने के लिए घर से सुपर स्पेलेण्डर बाइक नम्बर यू.पी.58 क्यू 7795 से घर से निकला था और जब देर शाम तक भाई घर नहीं पहुंचा तो वह परिजनों के साथ भाई की खोजबीन करते हुए धनघटा तहसील पहुंचा जहां तहसील प्रांगण में भाई की बाइक खड़ी मिली लेकिन उसके बारे में कुछ पता नही चला। तहरीर में बताया कि गांव निवासी विपक्षी शिवराम, दिलीप, ऋषभ और संदीप उसे आए दिन जान-माल की धमकी दिया करते थे जिनके भय से वह और उसका लापता भाई कभी-कभार ही घर से निकलते थे। विपक्षियों द्वारा दी जाने वाली धमकी का उनके पास वीडियो साक्ष्य भी है। भाई के लापता होने में उक्त विपक्षियों की संलिप्तता होने का आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**सेमरियावां/दुधारा/बेलहर।** सेमरियावां, दुधारा, बेलहर थाने पर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें लोगों से समस्याएं पूछी गई और परंपरागत तरीके से दुर्गा पूजा मनाए जाने की अपील की गई। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई। दुधारा थाने पर सीओ सदर अजीत चौहान, तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन प्रसाद और एसओ जय प्रकाश दूबे लोगों को जानकारी दी। सभी को बताया गया कि परंपरागत रूप से जो कार्यक्रम आयोजित होते आए हैं, वहीं आयोजित किए जाएंगे। केवल परंपरागत जुलूस ही निकाले जाएंगे। सभी को उनकी ज़िम्मेदारियों के संबंध में बताया।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने देखी कैदियों के भोजन की गुणवत्ता

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतकबीरनगर अनिल कुमार वर्मा प्रथम, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की। तत्पश्चात कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याअ/सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा



मौजूद सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के संबंध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आके सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राज कुमार, हरिकेश, चिकित्सक डॉ. वरुणेश दूबे, वरिष्ठ सहायक केके पाण्डेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर व्यावसायिक वाहनों पर लगाया जाय रिफ्लेक्टर

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट एनआईसी में आयोजित हुई। इस अवसर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे। जिलाधिकारी नें एन0एच0ए0आई मार्ग के किनारे बने नालों की मरम्मत एवं सफाई तथा आसपास की झाड़ियों को साफ करने से सम्बंधित कार्य कराने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं एन0एच0ए0आई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि एन0एच0ए0आई0 के डिवाइडर्स पर जहां कट बने हैं वहां डेलीनेटर एवं रेडियम पट्टी लगाई जाये तथा अवैध कट्स को बन्द किया जाए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर/रेडियम पट्टी लगाया जाए। शहर में चिह्नित जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ने की कार्यवाही से संबंधित जिलाधिकारी द्वारा अधिसाषी अधिकारी नगर पालिका एवं कार्यकारी संस्था को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करायी जाय तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्बंधित संकेतको को भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए। शहर के चौराहों एवं संकरी सड़कों को चौड़ीकरण करने की ऐसी योजना बनाई जाए जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। शहरी क्षेत्र में बने शौचायलयों का निरीक्षण करते हुए प्लान तैयार किया जाए तथा आवश्यकतानुसार शौचालयों की व्यवस्था कराई जाए। शहर में आवश्यकतानुसार और स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु नगर पालिका के अधिकारी को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाय एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का पालन करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही एवं नियमानुसार चालान भी किया जाय। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग आर के पांडेय, सहायक अभियंता लोक निर्माण विमल कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती, यातायात निरीक्षक परमहंस सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# लेखपाल के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संतकबीरनगर/धनघटा, हिंसं। धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरा पूर्वी व अन्य गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। कलक्ट्रेट पहुंचकर पूर्व में गांव में तैनात लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। सभी लेखपाल को तहसील से दूसरे तहसील में स्थानान्तरित करने की मांग के साथ जांच कराकर कार्रवाई करने और बाढ़ में बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की। एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई न होने पर आन्दोलन की चेतावनी भी दी।



सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन देते बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीण।

चपरा पूर्वी के क्षेत्र पंचायत सदस्य परमजीत चौहान, नीरज कुमार, सुरेन्द्र कुमार अंशुमान सिंह आदि ने कहा गांव में पूर्व में तैनात लेखपाल के द्वारा लगातार ग्रामीणों उत्पीड़न किया जा रहा है। अपने तैनाती समय लेखपाल ने गांव के ही एक व्यक्ति को अपना एजेंट बनाकर रखा था। उसी के जरिए सारा काम होता थां। इसकी शिकायत जब एसडीएम से की गई तो उन्होंने हल्का बदल दिया। लेकिन उसके बाद से ही उनके द्वारा सभी ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है। धमकी से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ऐसे में धनघटा तहसील से उक्त लेखपाल का दूसरे तहसील में स्थानान्तरण किया जाना अति आवश्यक है। इस दौरान जगदीश लाल, अमरेश , भीम, रामजियावन, लालचन्द्र, मुसाफिर, राममूरत, अमरलाल, रामलखन, उदयराज आदि मौजूद रहीं।

**बर्बाद हुई फसल को लेकर पहुंची महिलाएं :** धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरा पूर्वी की दर्जनों महिलाएं विरोध प्रदर्शन के दौरान बरसात और बाढ़ में बर्बाद हुई धान की फसल का बचा हुआ अंश हाथ में लेकर पहुंची। अधिकारियों को दिखाते हुए तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग की। ग्रामीण वन्दना देवी, रीता देवी, कौशिल्या देवी, सावित्री देवी, माधुरी, रंजना आदि का कहना था कि बाढ़ और बरसात में उनकी पूरी फसल बर्बाद हो गई है।

## मौके पर पहुंचकर एडीएम ने की जांच

धनघटा। ग्रामीणों की शिकायत पर मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम जय प्रकाश तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच किया और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद सूची का मिलान किया। मौके पर पाया कि सूची तो सही बनाई गई है। फिर भी सूची की जांच करवाई जाएगी अगर कोई पात्र राहत किट पाने से वंचित रह गया तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राहत सामग्री किट वितरण में अनियमितता; लेखपाल पर कार्रवाई

धनघटा (एसएनबी)। बाढ राहत सामग्री किट का वितरण करने में धनघटा तहसील के हलका लेखपाल विवेकरंजन द्वारा अनियमितता बरतने की जानकारी के बाद आक्रोशित होकर बीते शुक्रवार की देर शाम धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग पर नेतवापुर चौराहे के समीप एकत्र होकर बाढ पीड़ितो द्वारा किए गए मार्ग जाम के बाद शनिवार को धनघटा तहसील पहुंचकर किया गया धरना-प्रदर्शन रंग ला दिया। आक्रोशित बाढ पीड़ितों के आंदोलन के चलते तहसील प्रशासन ने आरोपी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उसे तहसील कार्यालय से संबद्ध कर दिया और उनके खिलाफ जांच करने का आदेश भी जारी कर दिया है।

बाढ पीड़ितों को पता चला कि नेतवापुर चौराहे पर स्थित दुकान पर राहत सामग्री किट रखी है। लेखपाल विवेकरंजन ने चहेतों के बीच राहत सामग्री किट वितरित करने के लिए उसे दुकान पर रखवाया है। इसकी जानकारी होते ही शुक्रवार की देर शाम बाढ पीड़ित आक्रोशित हो गए और सैकड़ों की संख्या में नेतवापुर चौराहे के समीप एकत्र होकर धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा देने के बाद बाढ पीड़ितों ने मार्ग से जाम हटाया। अगले दिन शनिवार को भारी संख्या में बाढ पीड़ित धनघटा तहसील पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन देते हुए आरोपी लेखपाल के ऊपर आय,जाति,निवास के आवेदनों पर रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल धनउगाही करते हैं इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि दिलाने के नाम पर भी लेखपाल और उनके द्वारा रखे गए प्राइवेट मुंशी मिलकर धनउगाही का खेल करते हैं।

बार-बार फोन करने पर लेखपाल द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। बगैर मोटी रकम लिए लेखपाल द्वारा कोई काम नहीं किया जाता है। बाढ पीड़ितों को वितरित करने के लिए आई राहत सामग्री किट बाढ पीड़ितों को न देकर लेखपाल ने अपने चहेतो और दलालों को दे दिया।

ज्ञापन में बाढ पीड़ितों द्वारा लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग को संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने आरोपी लेखपाल विवेकरंजन को हलके से हटाकर तहसील कार्यालय से संबद्ध कर दिया है और उनके उपर लगे आरोपों की जांच के लिए जांच टीम बैठा दी है।

# सेवानिवृत्त एसआई को दी गई विदाई

संतकबीरनगर। जनपद संतकबीरनगर में तैनात एसआई कन्हैया प्रसाद अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सोमवार को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीओ लाइन केशवनाथ, सीओ खलीलाबाद अजीत चौहान ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को अंग वस्त्र देकर व प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उनके सुखमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# आरपीएफ ने ट्रैक का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। रेलवे पुलिस व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे लाइन के नजदीक बसे हुए लोगों से बातचीत भी की।

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ चंद्र मोहन मिश्र महोदय के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर अजीत चौहान, सहायक सुरक्षा आयुक्त गोरखपुर मनोज कुमार टुडू के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह, उप निरीक्षक मनोज यादव, रेलवे राजकीय पुलिस खलीलाबाद के समन्वय करते हुए मुखलिसपुर पुल से पश्चिम, पूर्व दोनों साइड ट्रैक पेट्रोलिंग पैदल गस्त किया गया। ट्रैक की निगरानी की गई।

# 90 दिन में कार्रवाई करने का आदेश

संतकबीरनगर। खलिहान की भूमि में पूर्व प्रधान समेत पांच लोगों पर लगाए गए अवैध अतिक्रमण के संबंध में हाईकोर्ट ने 90 दिन में कार्रवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट का यह आदेश हाईकोर्ट में प्रस्तुत जनहित याचिका में दिया गया। हाईकोर्ट ने दिनांक 24 सितम्बर को दिए आदेश में राजस्व अधिकारियों को 90 दिन के अंदर समस्त वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करके कार्रवाई करने का आदेश दिया।


शिकायतकर्ता निजामुद्दीन के अधिवक्ता कमरूद्दीन खां ने बताया कि प्रकरण तहसील खलीलाबाद के ग्राम चवरिया का है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव में भूखण्ड संख्या 61 मिन राजस्व अभिलेख में खलिहान की भूमि अंकित है। जिसे हफीजुल्लाह व मोहम्मद हनीफ ने तथ्यों को छिपाकर 18 जून 1996 को एसडीएम के आदेश से अपने नाम असंक्रमणीय भूमिधर अंकित करा लिया था। इसी भूखण्ड पर हकीकुल्लाह, हमीदुल्लाह, अजीजुल्लाह, सैरुन्निशा एवं पूर्व प्रधान अब्दुल हफीज ने वरासत के आधार पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

खतरे के निशान से सिर्फ पांच सेमी है नीचे, करमैनी- बेलौली बंधे पर कई जगह बन रहा नदी का दबाव


# लाल निशान के करीब पहुंचा राप्ती का पानी

**बाढ़ से आफत**

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले में प्रवाहित हो रही राप्ती नदी का जलस्तर बढ़कर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। जो खतरे के निशान से सिर्फ पांच सेमी नीचे है। इससे करमैनी-बेलौली तटबंध पर कई जगह नदी का दबाव बन रहा है। वहीं सरयू नदी खतरे के निशान से 65 सेमी नीचे है। सरयू पिछले 24 घंटे में पांच सेमी बढ़कर फिर वापस एक दिन पहले के जलस्तर पर पहुंच गई है। नदी की हालत से बंधे के अंदर बसे गांव के लोग सहमे हैं। समस्या बरकरार रहने व नदियों का जल स्तर देख ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।



खतरे के निशान से महज 5 सेमी नीचे बह रही राप्ती नदी का बढ़ रहा दबाव। • हिन्दुस्तान



जिले की दक्षिणी सीमा पर उफनाई सरयू नदी। • हिन्दुस्तान

मेंहदावल संवाद के अनुसार नेपाल से छोड़े गए पानी से मेंहदावल के पूर्वी कछार क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बढ़या ठाठर में राप्ती नदी का उफान बढ़ता जा रहा है। सोमवार को नदी के जलस्तर में 45 सेमी की बढ़त दर्ज की गई। हालत यह हो गई है कि रविवार को जहां नदी का जलस्तर 79.000 मीटर था, वहीं सोमवार को 79.450 मीटर पर पहुंच गया है। नदी खतरे के निशान 79.500 मीटर से महज 5 सेमी नीचे बह रही है। जिसकी वजह से बाढ़ का खतरा गहरा गया है। राप्ती नदी के जलस्तर में प्रति घंटे लगभग 2 सेमी की वृद्धि होने से करमैनी-बेलौली बांध पर कुछ जगहों पर नदी सटकर बहने लगी है। जिससे बंधे पर दबाव बनने लगा है। जिसको वजह अतिसंवेदनशील जगहों नौवो, जोरवा, तिवारीपुर, बेलौली "आदि जगहों पर ड्रेनेज खंड के अधिकारी व कर्मचारी विशेष सतर्कता बरतना शुरू कर दिए है। नदी के रुख को देखते हुए तटवर्ती गांव के लोग जलस्तर पर निगरानी रख रहे है। बाढ़ बचाव की तैयारियों में जुट गए है। ग्रामीणों ने कहा कि जगह-जगह रेनकट्स व रैट होल, साही होल बने रहने से बांध की सुरक्षा राम भरोसे है।

**एक दिन पहले के जलस्तर है सरयू नदी :** धनघटा। धनघटा तहसील क्षेत्र में बह रही सरयू नदी का जलस्तर पिछले 24 घंटे के चढ़ाव व उतार के बाद अब भी बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं बरकरार है। एक तरफ बारिश का पानी दूसरी तरफ बाढ़ का पानी दोनों को लेकर बंधे के अंदर बसे गांव के लोग परेशान है। तहसील क्षेत्र में बारिश सरयू नदी का जलस्तर रविवार को 78.750 मीटर पर पहुंच गया था। जो सोमवार को सुबह बढ़कर 78.800 हो गया। शाम चार बजे घटकर फिर 78.750 मीटर पर आ गया। सरयू नदी का जलस्तर घटने का ट्रेंड आने से लोगों ने राहत की सांस तो लिए है लेकिन अब भी बाढ़ व बारिश का पानी बंधे के अंदर बसे ग्रामीणों के लिए समस्या का कारण बना है। प्रभावित गांव अगापुर गुलरिहा, कुर्मियान, खालेपुरवा, गुणवतिया, ढोलबजा, चकदहा, भौआपार, कंचनपुर आदि गांव के लोगों को बारिश व बाढ़ का पानी परेशान किए हुए है। इन गांवों के आसपास कहीं बाढ़ का पानी तो कहीं बारिश का पानी जमा है। ग्रामीणों का कहना है नदी का जलस्तर तो घटने लगा है लेकिन बारिश का पानी जमा होने से समस्याएं बनी हुई है। इस संबंध में तहसीलदार योगेंद्र पांडेय का कहना है की नदी का पानी घटने लगा है अब कहीं कोई समस्या नहीं है।

# सेवानिवृत पुलिस कर्मी को दी गई विदाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में सोमवार को सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक को विदाई दी गई। सीओ केशवनाथ और अजीत सिंह चौहान ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। जिले में तैनात उप निरीक्षक कन्हैया प्रसाद सेवानिवृत्त हुए है। अधिकारियों ने उन्हें विदाई देते हुए सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद सम्मानपूर्वक सरकारी वाहन में बैठाकर विदा किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

# किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने किशोरी को भगाने के मामले में वांछित आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता ने बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने व षडयंत्र के आरोप में युवक पर केस कराया था। सूचना के आधार पर मुंडेरा शुक्ल चौराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# धनघटा चौराहे से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने बहला फुसलाकर नाबालिग के साथ शादी कर दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित मां ने केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर आरोपी को धनघटा चौराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बस संचालक को पीटने के आरोप में दो नामजद

धनघटा। धनघटा क्षेत्र के पौली चौराहा के पास सोमवार को एक बस संचालक को कुछ दबंगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित प्रवेश पुत्र राम जीत यादव ग्राम अमौली थाना धनघटा के तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनीस पुत्र अज्ञात निवासी अमौली तथा अक्षय सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी अमोली पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

# एमवी एक्ट के तहत 119 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 119 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1,23,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।



जिला जेल का सोमवार को निरीक्षण करते जिला जज, डीएम व एसपी।

# कोई भी प्रतिबंधित सामग्री जेल के अंदर न जाए

**संतकबीरनगर, निसं।** जिला जज अनिल कुमार वर्मा, डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

अधिकारीगणों ने हॉस्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि का सघन निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। जिला जज, डीएम व एसपी ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। अधिकारियों ने सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि कैदियों कि जेल के भीतर यदि कोई भी प्रतिबंधित सामग्री मिली तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि कैदियों को मिलने वाले भोजन के गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। इस दौरान कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आरके सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर मालिक पर होगी कार्रवाई

संतकबीरनगर। जिला ड्रग इंस्पेक्टर ने सोमवार को मेंहदावल कस्बे अंबे मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जांच के दौरान दुकान के प्रोपराइटर मौजूद मिले। लेकिन वहां पर फर्मासिस्ट मौजूद नहीं मिले। इस दौरान दुकान के बिक्री स्टाक रजिस्टर समेत अन्य में कमियां मिलीं। तीन दिन के अंदर सभी कमियां पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि यह जांच एक शिकायत के संबंध में की गई। कहा कि तीन दिन के अंदर फार्मासिस्ट का सत्यापन कराना होगा। मौके पर न कोई कैश मेमो मिला न ही कोई बीजक जारी करते पाया गया।

# हत्या के आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने हत्या मामले के दो आरोपियों के खिलाफ सोमवार की देर शाम गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि संगम निवासी नंदौर बखिरा, और विजय निवासी पिपरा बोरिंग दुधारा, हाल मुकाम नंदौर बखिरा का एक संगठित गिरोह है। जिसका गैंग लीडर संगम है। यह गैंग आर्थिक भौतिक लाभ के लिए अपराध करता है।

# रेलवे और स्थानीय पुलिस ने भ्रमण कर ट्रैक की जांच की

जासं, संतकबीर नगर : जीआरपी एवं आरपीएफ के साथ स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को ट्रैक के किनारे भ्रमण कर रेलवे ट्रैक की जांच की।

कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह, खलीलाबाद आरपीएफ चौकी के प्रभारी एसके शर्मा और उप निरीक्षक मनोज यादव ने पुलिस के साथ शहर में स्थित मुखलिसपुर पुल के पश्चिमी और पूर्वी छोर पर भ्रमण कर रेलवे ट्रैक की जांच की। इसके साथ ही अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को इकट्ठा कर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि संज्ञान में आने पर तुरंत रेल प्रशासन या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि चलती रेल पर पत्थर फेंकना और रेल पटरी से छेड़छाड़ करना गंभीर अपराध है। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठी रहीं चपरापूर्वी गांव की महिलाएं

जासं, संतकबीर नगर: कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कक्ष के पास सोमवार को धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव की महिलाएं काफी देर तक धरने पर बैठी रहीं। इनके साथ पुरुष भी आए थे। उन्होंने कहा कि उनके गांव के लेखपाल धनउगाही के लिए निजी मुंशी रखे हुए हैं। ये भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, इन्हें तत्काल हटाया जाए। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोप लगाए। बाद में महिलाओं ने दूरभाष पर डीएम से वार्ता की। एडीएम ने गांव में जाकर जांच करने का आश्वासन दिया। बाद में महिलाओं ने धरना खत्म किया।



लेखपाल के खिलाफ कलेक्ट्रेट मे धरना देती चपरापूर्वी गांव की महिलाएं ● जागरण

महिलाओं के साथ आए ग्रामीणों ने कहा कि उनके यहां के लेखपाल विवेक रंजन मनबढ़ किस्म के हैं। वह आय, जाति, निवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए धनउगाही करने के लिए उनके गांव में मुंशी रखे हुए हैं। इसका विरोध करने पर धनघटा के उप जिलाधिकारी ने लेखपाल का स्थानांतरण कर दिया। इससे नाराज होकर लेखपाल गांव के लोगों को धमकी दे रहा हैं। वह कह रहा है कि वह लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष हैं। चपरापूर्वी गांव चकबंदी प्रकिया में है। वह इस प्रक्रिया में उनका खेत खत्म करवा देंगे। इसलिए गांववासी काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लेखपाल का स्थानांतरण दूसरे तहसील में न करने पर गांव के लोग आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। इस दौरान परमजीत चौहान, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, अंशमान सिंह, कैलाशी देवी, रंभा देवी, यशोदा देवी, कौशल्या देवी, बिसना देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जेल के अंदर न जाने पाए कोई प्रतिबंधित सामग्री : जिला जज

जासं, संतकबीर नगर : जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाएं, इस पर जेल प्रशासन विशेष ध्यान दें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था सदैव चौकस रहनी चाहिए। कैदियों को गुणवत्तायुक्त नाश्ता, भोजन सहित सभी सुविधाएं प्रदान की जाए।

उन्होंने यह बातें सोमवार को जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता,अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में जिला कारागार के बैरकों में पहुंचकर कैदियों से बातचीत की। उनसे जिला कारागार में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह रसोई कक्ष में कैदियों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता, खाद्य वस्तुओं के रखरखाव की स्थिति देखी।

जिला कारागार स्थित हास्पिटल में भर्ती बीमार कैदियों से मिले। उनसे यहां पर मिलने वाली उपचार की सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की। जेल परिसर की नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आरके सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार, हरिकेश, चिकित्सक डा. वरुणेश दुबे, वरिष्ठ सहायक केके पांडेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह आदि उपस्थित रहे।



जिला कारागार के निरीक्षण के बाद बाहर निकले बाएं से एसपी सत्यजीत गुप्ता, जिला जज अनिल कुमार वर्मा, डीएम महेंद्र सिंह तंवर व अपर जिला जज महेंद्र सिंह● सूचना विभाग

# मारपीट में दो पर केस दर्ज

**संतकबीर नगर** : खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने कोनी गांव में पुरानी रंजिश के चलते हुए मारपीट के मामले में दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि कोनी गांव के रमेश ने बताया कि वह रविवार को दिन में साढ़े तीन बजे के करीब गांव के ही बाजार में स्थित एक दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। तभी उनके पट्टीदारी के रहने वाले राजमंगल और उनके भाई शिवमंगल रंजिश के चलते आकर अपशब्द कहने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने उन्हें कुर्सी से धक्का देकर लाठी डंडे से पिटने लगे।

# पांच आरोपितों को जिला बदर करने का आदेश

जासं, संतकबीर नगर : एडीएम कोर्ट ने धनघटा के दो, महुली, बखिरा व मेंहदावल थाना के एक-एक कुल पांच आरोपितों को छह माह के लिए जिला बदर (जिला से बाहर) करने का निर्देश दिया है। पुलिस रिपोर्ट में इनकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए कोर्ट ने यह कार्रवाई की है। एडीएम जय प्रकाश की कोर्ट ने धनघटा थाना के खैरगाड़ गांव निवासी संजय यादव व हड़ियामाफी गांव निवासी मो. जैद उर्फ अबू जैद, महुली थाना के गिठनी गांव निवासी वीरेंद्र चौधरी, बखिरा थाना के परसामाफी गांव निवासी मंजूर अहमद तथा मेंहदावल के करमैनी गांव निवासी उपेंद्र साहनी को छह माह के लिए जिला बदर करने का निर्देश दिया है। एडीएम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यदि ये इस जिले में रहते हुए पकड़े गए तो इन पर सख्त कार्रवाई होगी।

# अवैध खनन पर तीन आरोपितों को नोटिस

जासं, संतकबीर नगरः एडीएम जय प्रकाश ने मिट्टी के अवैध खनन के मामले में महराजगंज के एक तथा खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के देवापार गांव के दो कुल तीन आरोपितों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 30 दिन के अंदर संतोषजनक जवाब न देने पर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इंटीग्रेटेड गिवेंस रीड्रेसल सिस्टम (आइजीआरएस) पोर्टल पर गत 10 सितंबर को अवैध खनन की शिकायत हुई थी। इस पर खनन निरीक्षक एनके महतो खलीलाबाद तहसील के नाउडांड़ गांव में हो रहे अवैध खनन की जांच की थी। जांच में 1,584 घनमीटर मिट्टी अवैध खनन किया गया। शिकायतकर्ता व ग्रामीणों ने बताया कि महराजगंज जनपद के नौतनवा थाना के समतिहा गांव के उमाशंकर दास द्वारा देवापार गांव निवासी संजय चौधरी के बुलडोजर से यह अवैध कार्य कराए हैं। एडीएम ने महराजगंज के समतिहा के उमाशंकर दास, देवापार के संजय चौधरी व अनिल चौधरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमले के एक और आरोपी को मिली जमानत

## पांच अन्य आरोपियों को पहले ही कोर्ट से मिल चुकी है राहत

**अदालत से**

संवाद न्यूज एजेंसी

**समारोह में 21 अप्रैल को कठार गांव में मंत्री पर हुआ था हमला**

**मंत्री के पीएसओ की तहरीर पर सात पर दर्ज हुआ था केस**

संतकबीरनगर। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद पर हमले के मामले में सोमवार को एक और आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई।

मामले में आरोपी पांच अन्य आरोपी पहले ही जमानत पर बाहर हैं। इस मामले में 20 सितंबर को पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जबकि एक आरोपी का नाम मंत्री और उनके पीएसओ के शपथपत्र के आधार पर विवेचना से हटा दिया गया है।

मोहम्मदपुर कठार गांव निवासी हरिराम निषाद के घर 21 अप्रैल 2024 को शादी कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ संजय निषाद के बेटे पूर्व सांसद प्रवीण निषाद की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ लोगों ने शिकायत करते हुए आक्रोश व्यक्त किया था, जिसके बाद विवाद की स्थिति पैदा हो गई और मारपीट हो गई।

मारपीट में मंत्री डॉ संजय निषाद घायल हो गए थे। बाद में मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखंडनगर जनपद सुल्तानपुर ने सुभाष यादव पुत्र रामकेवल


शादी समारोह में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद से मारपीट, नाक में लगी चोट

23 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्वर्गीय लालमन यादव, दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव, अभिषेक यादव, गजेंद्र और राधेश्याम यादव निवासीगण मोहम्मदपुर कठार के खिलाफ कोतवाली पुलिस में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

25 अप्रैल को ही पुलिस ने जयप्रकाश यादव उर्फ कवि के अलावा अन्य छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच के दौरान पीएसी जवान अभिषेक यादव का नाम विवेचना से हटा दिया गया, जिसके संबंध में वादी मुकदमा और मंत्री ने शपथ पत्र दिया था। कुछ दिन बाद कोर्ट ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को जमानत दे दी।

उधर, पुलिस फरार जयप्रकाश यादव उर्फ कवि की सरगर्मी से तलाश कर रही थी, जिसे 17 सितंबर को उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली। इसके बाद 20 सितंबर को पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी, जिसमें मारपीट की घटना को सत्य बताया गया। इसी बीच सोमवार को जयप्रकाश को भी कोर्ट से जमानत मिल गई।

# शादी करके दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## धनघटा चौराहे से पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने किशोरी से शादी कर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

थाना धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम के मामले में वांछित हबीबुल्लाह पुत्र अलीमुल्लाह निवासी बैडारी मुठई को धनघटा चौराहे से सोमवार को गिरफ्तार किया है।

किशोरी के पिता ने पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी कर दुष्कर्म करने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसके बाद थाना धनघटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# 'त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई'

## बेलहर थाने पर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेलहर।** सोमवार को बेलहर थाने पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार नजदीक है। ऐसे में त्योहारों में खलल डालने वालों पर कार्रवाई होगी।



बेलहर थाने में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ । संवाद

एसडीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए सभी को सहयोग करना है। इसमें किसी के द्वारा यदि खलल डालने की सूचना मिल रही है तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें। जिससे पुलिस उपद्रवियों को चिह्नित कर सकें। सीओ केशवनाथ ने कहा कि पुलिस सभी पर लगातार निगरानी कर रही है। सभी लोगों का सहयोग भी जरूरी है।

### 'शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार'

**बखिरा।** थाना परिसर बखिरा में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए दोनों समुदाय के लोगों के साथ विचार-विमर्श हुआ। एसडीएम सदर शैलेश दुबे ने बताया नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा महत्वपूर्ण पर्व हैं। त्योहारों को मिल जुलकर मनाने से सौहार्द और आपसी एकता बनी रहती है। बखिरा क्षेत्र में नवरात्रि व दशहरा पर्व विगत वर्षों में आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया है। संवाद

# युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने युवती के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना धनघटा पुलिस ने मामले में वांछित अजय पुत्र रामभजन उर्फ रामभुज निवासी बैजनाथपुर थाना धनघटा को मुंडेरा शुक्ल चौराहे के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया।

युवती के पिता ने थाना धनघटा पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी अजय को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। संवाद

# बार एसोसिएशन : 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

## दीवानी न्यायालय परिसर स्थित एडीआर बिल्डिंग में होगा मतदान

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में दीवानी न्यायालय परिसर स्थित एडीआर बिल्डिंग में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक मतदान होगा। मतदान में 298 मतदाता अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी सहायक चुनाव अधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने दी है।

सहायक चुनाव अधिकारी बताया कि अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी दीवानी न्यायालय परिसर में सोमवार अंतिम दिन अपने-अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रचार करते देखे गए। परिसर में पूरे दिन प्रत्याशी तथा उनके समर्थक एक-एक मतदाता अधिवक्ता से उनके चैंबर में जाकर वोट की अपील करते देखे गए।

### 298 अधिवक्ता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश त्रिपाठी, नवनीत कुमार पांडेय, शशि कुमार ओझा, सन्तोष कुमार चौधरी, मोहम्मद असलम, मोहम्मद मोकर्रम और महामंत्री पद पर जितेंद्र नाथ मिश्रा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, राम अवतार यादव, दुर्गेश नारायण मिश्र, राणा रविंद्र सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद कासिम अंसारी के सामने सुधाकर मिश्रा चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जुम्मन खां ने बताया कि एक अक्तूबर को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित एडीआर बिल्डिंग में मतदान होगा और उसी दिन मतों की गणना होगी। आगे बताया कि मतदान और मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस को सूचना दे दी गई है। मतदाता अधिवक्ता अपना सीओपी कार्ड मतदान के समय अवश्य लाएं, जिससे उन्हें मतदान करने में कोई असुविधा न हो।

# साइबर अपराधियों पर पुलिस कसेगी नकेल... खंगालेगी कुंडली

## साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को किया गया है प्रशिक्षित, लोगों को भी किया जाएगा जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण लेने के बाद पुलिस नए तरीके से साइबर अपराध पर लगाम कसने की तैयारी में है।

पुलिस तकनीक का उपयोग करेगी। साथ ही उनकी कुंडली भी खोजेगी। हाल ही में साइबर क्राइम के विशेषज्ञों की टीम ने सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया



है। अब पुलिस साइबर अपराधियों की कुंडली खंगालेगी। साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही ठगी की तरकीबों पर विशेष नजर रखेगी।

पुलिस की इस योजना से साइबर अपराधों में कमी आने की संभावना है। आम लोगों को इससे काफी फायदा होगा।

पुलिस अब डिजिटल मार्केटिंग, वर्क फ्रॉम होम, टेलीग्राम फ्रॉड सहित अन्य प्रकार के साइबर फ्रॉड पर बारीकी से नजर रखेगी। साइबर ठगों के गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करेगी।

### जागरूक बनें... लालच में न फंसें और इनसे बचें

- ऑनलाइन जॉब या पार्ट टाइम जॉब का लालच देना।
- कमीशन का लालच देकर रुपये ट्रांसफर करवाना।
- क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर रुपये जमा कराना।
- टेलीग्राम पर फर्जी ट्रेडिंग चैनल बनाकर निवेश करवाना।
- लाभ दिखाकर पैसे फर्जी बैंक खाते में जमा करवाना।
- प्रोडक्ट की रेटिंग बढ़ाने के नाम पर पैसे जमा करवाना।

### हेल्पलाइन पर करें शिकायत

- साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें। ऑनलाइन फ्राड होने पर 24 घंटे से ज्यादा का समय गुजरने पर साइबर क्राइम की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं।



साइबर क्राइम के विशेषज्ञों ने पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया है। पुलिस नए तरीके से साइबर अपराध पर लगाम लगाएगी, जिसकी तैयारी चल रही है। - सत्यजीत गुप्ता, एसपी

एसपी ने सभी पुलिस कर्मचारियों को साइबर अपराध पर लगाम कसने के निर्देश जारी किए हैं।

# अलग-अलग मामले में नौ पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया।

जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना महुली पुलिस ने वारंटी रामेश्वर प्रसाद सिंह पुत्र रामसुमेरन निवासी भैसहीजोत को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय भेज दिया।

## धनघटा और बखिरा पुलिस ने की कार्रवाई

धनघटा पुलिस ने तीन और थाना बखिरा पुलिस ने विभिन्न मामले में पांच लोगों को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**अदालत से**

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सह आरोपी के साथ मिलकर किशोरी से दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी युवक की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दी।

थाना मेंहदावल अंतर्गत ग्राम की रहने वाली पीड़िता ने थाना मेंहदावल में प्रार्थना पत्र किया कि 24 जुलाई 2024 को वह नित्य क्रिया के लिए घर से थोड़ी दूर गई थी। नशे की हालत में रास्ते में आरोपी उसका मुंह दबा कर एक खाली स्थान पर ले गया जहां पर आरोपी ने दुष्कर्म किया। थाना मेंहदावल में केस दर्ज हुआ। आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

आरोपी ने कोर्ट में अपना जमानत प्रार्थनापत्र दाखिल किया। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के बाद मेंहदावल क्षेत्र के रविंद्र की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। संवाद

# 'जेल के अंदर न जाने पाए कोई भी प्रतिबंधित सामग्री'

## जिला जज, डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जिला जज अनिल कुमार वर्मा, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के अंदर प्रतिबंधित सामग्री न जाने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन जांच की। कैदियों से बात कर उनकी समस्याओं और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने उपस्थित सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई बेहतर की जाए। परिसर में कही भी गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कैदियों की समस्याओं को समय रहते निदान किया जाए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह, कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आरके सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार, हरिकेश, चिकित्सक डॉ. वरुणेश दुबे, जेल वार्डर सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे। संवाद

# पटीदार पर मारपीट के आरोप में केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के कोनी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला पुलिस के समक्ष आया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया। रमेश यादव ने शिकायत में बताया कि 29 सितंबर को गांव के बाजार स्थित मिठाई की दुकान पर बैठ कर चाय पी रहे थे। उसी दौरान दोपहर 03:30 बजे पटीदार के रामजमंगल व शिवमगल पुरानी छप्पर से पानी हटाने के विवाद की रंजिश को लेकर उनको आकर गाली देने लगे। साथ ही उनको कुर्सी से धक्का देकर मारे-पीटे और जान से मारने की धमकी भी देने लगे।

**खलीलाबाद क्षेत्र के कोनी गांव का मामला**

आसपास के लोग एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजे। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

रुपईडीह। पुलिस ने सोमवार को पाक्सों एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक पास्को एक्ट के वांछित आरोपी कुरबान को उपनिरीक्षक अमरजीत सोनकर, हेड कांस्टेबल अनिल यादव, कांस्टेबल संदीप सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# सपा नेता के पांच हत्यारोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई

- परसपुर में 19 जुलाई को रंजिश में हुई थी मौत
- पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

परसपुर, संवाददाता। नगर के राजाटोला गांव में बीते 19 जुलाई को चुनावी रंजिश के चलते घर में सोते समय सपा नेता ओम प्रकाश सिंह की नृशंस हत्या में नामजद पांच आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में जेल में बंद पांच आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें उदयभान सिंह उर्फ लल्लन सिंह, धर्मवीर उर्फ चंदन सिंह, बलबीर उर्फ नंदन सिंह, सूरज सिंह निवासी स्र्जा टोला व रोहित सिंह निवासी ग्राम नंदौर बलगर पुरवा थाना परसपुर का नाम शामिल है। एसओ ने बताया कि जुर्म जरायम की रोकथाम के लिए वह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच सूत्रों से पता चला कि इन पांचों लोगों का एक संगठित गिरोह है। जो आर्थिक लाभ के लिए हत्या जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं। इनके भय से क्षेत्र का कोई व्यक्ति इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने व गवाही देने की हिम्मत नहीं करता। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम नेहा शर्मा के हस्तक्षेप पर की है।

# कोटेदार समेत तीन पर लूट का केस

- कोटेदार पिता-पुत्र के खिलाफ हुई कार्रवाई
- राशन लेने के दौरान मारपीट व लूट का आरोप

धानेपुर, संवाददाता। अदालत के आदेश पर धानेपुर पुलिस ने डेबरी कला गांव के कोटेदार पिता पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ लूटपाट व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि राशन लेने गए पीड़ित के साथ कोटेदार पिता पुत्र ने एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर मारपीट कर उसका मोबाइल फोन और 700 रुपया छीन लिया।

डेबरी कला के मजरा गुप्तार पुरवा के रहने वाले गौतम तिवारी के मुताबिक वह बीते 29 जून 24 को राशन लेने के लिए गांव के कोटेदार सालिकराम के यहां पर गए हुए थे। आरोप है कि जहां पर कोटेदार के बेटे ने उनसे मोबाइल मांगा और किसी व्यक्ति को उनके मोबाइल से फोन कर किसी को अप्शब्द कहने लगा। इस पर जब उन्होने इस बात का विरोध किया तो कोटेदार के बेटे राकेश, कोटेदार सालिकराम व सहयोगी मेलाराम अपशब्द कहते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। आरोप लगाया है कि इस दौरान कोटेदार और उसके बेटे राकेश ने उनका मोबाइल फोन व 700 रुपया भी छीन लिया। बताया कि पीड़ित ने इसकी शिकायत उसी समय थाने पर की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होने न्यायालय की शरण ली। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर कोटेदार सालिकराम, राकेश व मेलाराम के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी व लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# 'पुलिस कर्मी वरतें सावधानी'

गोंडा : पीएसी में प्रोन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप निरीक्षकों को साइबर अपराध से बचाव को बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। अनजान वीडियो काल रिसीव न करने के साथ ही अन्य जानकारियां दी गई। (संसू)

# पुलिस अधीक्षक की आशंका निकली सच

संवादसूत्र, जागरण • परसपुरः पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गांव का भ्रमण किया। घर के कोने में जाकर देखा। घर के पिछले दरवाजे से बाहर निकले तो गड्ढे में पानी में भरा था। उन्होंने गड्ढे में शव पड़ा होने की आशंका जताई। इस पर एसपी ने तत्काल पंपसेट मंगवाकर पानी निकालने का आदेश दिया। पुलिस कर्मियों ने पानी निकलवाया तो गड्ढे में बालिका का शव मिला।

# मां की बात पर उठ रहे सवाल, की जा रही जांच

संवादसूत्र, जागरण • परसपुरः पुलिस सूत्र का कहना है कि मां ने बालिका के गायब होने की सूचना दी थी। जबकि आठ माह की बालिका गड्ढे में कैसे पहुंच गई। बालिका को जानवर के ले जाने पर खरोच का निशान होता। शव पर ऐसा कोई निशान नहीं है। इसी तरह से कई अन्य सवाल है, जिनका जवाब तलाशना पुलिस ने शुरू किया है।

# कोर्ट के आदेश पर कोटेदार समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के डेबरीकला गांव के कोटेदार समेत तीन के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारपीट, अभद्रता, जान से मारने की धमकी तथा लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कोटेदार ने राशन लेने गए पीड़ित के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन और 700 रुपये छीन लिए थे।

धानेपुर थाना क्षेत्र के डेबरीकला गांव के रहने वाले गौतम तिवारी ने बताया कि वह बीते 29 जून को राशन लेने के लिए गांव के कोटेदार सालिकराम के घर गए थे। आरोप है कि कोटेदार के बेटे राकेश ने उनसे मोबाइल मांगा और किसी व्यक्ति को उनके मोबाइल से फोन कर अभद्रता करने लगा। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो राकेश, कोटेदार सालिकराम व मेलाराम ने उन्हें भी गाली दी और अभद्रता करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। आरोप है कि कोटेदार और उसके बेटे राकेश ने उनका मोबाइल फोन व 700 रुपये छीन लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने पर की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली।

**पिटाई कर मोबाइल और रुपये छीनने का आरोप**

न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सालिकराम, राकेश व मेलाराम के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी व लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# आरोपित दोषमुक्त, वादी के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश

संसू, जागरण • गोंडा : विशेष न्यायाधीश पाक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम भटपुरवा थाना परसपुर निवासी रविन्द्र कुमार व अर्जुन को दोषमुक्त किया है। साथ ही अपील के दौरान दोनों आरोपितों को 50-50 हजार रुपये की दो-दो प्रतिभूतियों व व्यक्तिगत बंधपत्र पर जमानत प्रदान की है। वहीं, न्यायालय में मिथ्या साक्ष्य देने पर वादी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट की धारा 22 के अंतर्गत कार्रवाई का आदेश दिया है। थाना परसपुर के एक गांव में 29 जुलाई 2017 की शाम गन्ने के खेत में घास काट रही एक किशोरी से कथित रूप से आरोपितों ने दुष्कर्म किया था। जानकारी के बाद पीड़िता की मां ने थाना परसपुर में मुकदमा कराया था। न्यायालय में मिथ्या साक्ष्य प्रस्तुत करने में पीड़िता की मां के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दिया है।

## आरोपित की जमानत निरस्त

गोंडा : एफटीसी नवीन/अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम लोनावा दरगाह थाना खरगूपुर के सुहेल की जमानत निरस्त कर दी है। उस पर महिला से अश्लीलता का आरोप है।

# लापरवाही पर पीआरवी के दरोगा व आरक्षी निलंबित

## गलत लोकेशन पर मिले थे खरगूपुर थाने की पीआरवी के पुलिसकर्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

खरगूपुर (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में पीआरवी के उपनिरीक्षक व आरक्षी को निलंबित कर दिया है। दोनों ड्यूटी के दौरान गलत लोकेशन पर पाए गए थे। ग्रामीणों ने दोनों पर अजनबियों के साथ शराब पीने का आरोप लगाया था। मामले की शिकायत पर कोतवाल ने सीओ सिटी को रिपोर्ट भेजी थी। एसपी के आदेश पर सीओ सिटी ने जांच की तो दोनों पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। जांच रिपोर्ट आने के बाद एसपी ने निलंबन की कार्रवाई की है।

### अजनबियों संग मदिरापान का आरोप, सीओ सिटी की जांच में मिले दोषी, एसपी ने की कार्रवाई

खरगूपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव के बच्चन बाबू तिवारी के घर से कुछ दिनों पहले नकदी व गहने चोरी हो गए थे। इसके बाद गांव के लोग हर रोज रातभर जागकर पहरेदारी कर रहे थे। इसी बीच 20 सितंबर की रात खरगूपुर-चीरपुर मार्ग पर भंगहा गांव के नहर पुल के पास यूपी 112 की पीआरवी 882 संदिग्ध हालत में खड़ी दिखी। पीआरवी पर तैनात उपनिरीक्षक लक्ष्मन प्रसाद, आरक्षी सुशील कुमार व होमगार्ड कुछ अजनबी लोगों के साथ दिखे। इस पर ग्रामीणों ने सभी को घेर लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीआरवी के पुलिसकर्मी अजनबियों संग शराब पी रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कोतवाल से की थी।

पीआरवी की लोकेशन भवनियापुर बताई गई थी। मगर लक्ष्मनपुर के पास मिली थी। पूरे मामले की रिपोर्ट कोतवाल ने सीओ सिटी को भेजी थी। मामले को संज्ञान में लेकर एसपी ने सीओ सिटी सौरभ वर्मा से जांच कराई थी। सीओ की जांच में दोनों पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। एसपी ने बताया कि उपनिरीक्षक लक्ष्मन प्रसाद व आरक्षी सुशील कुमार को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

# युवक की मौत मामले में पत्नी समेत तीन पर केस

रुपईडीह (गोंडा)। दो महीने पहले हुई बेटे की मौत के मामले में मां ने न्यायालय के आदेश पर बहू समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बस्ती के कलवारी थाना क्षेत्र के कुसौरा बाजार निवासी हसीना ने बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद आमिर अपनी पत्नी अफसाना के साथ ससुराल गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र के विशुनापुर बाजार गए थे। वहीं से वह कहीं बाहर चले गए। 14 जुलाई को उन्हें खबर मिली कि आमिर गोंडा-बहराइच मार्ग पर आर्यनगर व मल्लापुर बाजार के बीच दुर्घटना में घायल हो गए हैं। लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान 19 जुलाई को उनकी मौत हो गई। हसीना ने बताया कि आमिर के अंतिम संस्कार में ससुराल पक्ष से कोई नहीं आया। जिससे यह स्पष्ट है कि पुत्रवधू अफसाना की कहीं दूसरी जगह शादी करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से यह घटना कराई गई है। न्यायालय ने कौड़िया थाने के प्रभारी निरीक्षक को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिस पर मृतक आमिर की पत्नी अफसाना खातून, साले अकील अहमद व सास फातिमा खातून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

**युवक की 19 जुलाई को हुई थी मौत**

# साइकर क्राइम से बचाव के बताए तरीके

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में सोमवार को उप निरीक्षकों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा में 45 दिवस का प्रोन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। ओटीपी साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने आदि की जानकारी दी गई। (संवाद)

# युवक पर लाठी से हमला, केस दर्ज

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र के भटपी गांव निवासी संदीप ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार रात वह अपने गांव में एक व्यक्ति को बुलाने जा रहे थे। तभी झबरे शुक्ल के घर के सामने रंजिश को लेकर रमेश शुक्ल ने लाठी से हमला कर घायल कर दिया। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी रमेश शुक्ल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

## फोन पर दी धमकी, मुकदमा दर्ज

खरगूपुर (गोंडा)। खरगूपुर के मनोहरजोत गांव निवासी पवन कुमार गौतम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार रात नवाबगंज कस्बा निवासी आशीष तिवारी व दो अज्ञात लोगों ने उन्हें फोन कर जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आशीष तिवारी व दो अज्ञात के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

## महिला की पिटाई में दो लोगों पर केस

बालपुर (गोंडा)। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनहरा गांव में नाली से पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में गांव निवासी सीता तिवारी की पिटाई कर दी गई। सीता ने गांव निवासी ब्रजेश कुमार व ब्रजेश कुमार ने सीता के पति प्रदीप तिवारी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल ने बताया कि दोनों तरफ से केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। प्रभारी निरीक्षक कौड़िया दुर्गविजय सिंह ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी सांवटपुरवा कल्याणपुर निवासी कुरबान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# पिकअप पलटी, दो घायल

डुमरियाडीह (गोंडा)। वजीरगंज थाना क्षेत्र में गोंडा-अयोध्या मार्ग पर वकील कुआं के पास रविवार देर रात केला लादकर अयोध्या जा रहा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे पिकअप में सवार शहर के चुंगी नाका निवासी सागर व अयोध्या के बीकापुर निवासी श्रीनाथ गुप्ता घायल हो गए। डुमरियाडीह चौकी प्रभारी वृजेश चतुर्वेदी ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें दर्शन नगर अयोध्या स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जबकि पिकअप चालक रामू निवासी मिल्कीपुर, अयोध्या बाल-बाल बच गया। (संवाद)

# बालिका से दुष्कर्म के प्रयास के दो आरोपी बरी

संवाद न्यूज एजेंसी

## पॉक्सो कोर्ट ने दिया आदेश, महिला परिवादी के खिलाफ चलेगा केस

गोंडा। अपशब्द कहकर बालिका से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास व पॉक्सो एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने झूठी गवाही देने के मामले में महिला परिवादी के खिलाफ प्रकीर्ण दांडिक केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार परसपुर क्षेत्र की महिला ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि 29 जुलाई 2017 को शाम पांच बजे उसकी 12 साल की बेटी घर के सामने गन्ने के खेत में घास काट रही थी। तभी ग्राम भटपुरवा निवासी रवींद्र कुमार, शत्रोहन व अर्जुन ने गलत नीयत से लड़की को पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। इसी बीच गांव की कुछ लड़कियां आ गईं तो आरोपी अपशब्द कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। न्यायालय ने अंतिम जांच आख्या निरस्त कर मुकदमा परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायालय ने आरोपी रवींद्र कुमार व अर्जुन को विचारण के लिए तलब किया, लेकिन अभियोजन पक्ष साक्ष्य नहीं पेश कर सका।

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने आरोपी रवींद्र कुमार व अर्जुन को दोषमुक्त कर दिया। इसके साथ ही अदालत के समक्ष झूठी गवाही देने के संबंध में महिला परिवादी के खिलाफ प्रकीर्ण दांडिक वाद दर्ज करने का आदेश दिया है।

**अदालत से**

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिला से अश्लील हरकत व दुष्कर्म के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार खरगूपुर क्षेत्र की एक विवाहिता ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि वह लोनवा दरगाह निवासी सुहेल से बातचीत करती थीं। एक दिन उसने मोबाइल से चुपके से उनका वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर उनके साथ अश्लील हरकत व दुष्कर्म करता रहा। विवेचना के दौरान पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने आरोपी सुहेल के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सोमवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-नवीन) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी सुहेल का जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

ललिया, संवाददाता। स्थानीय थाना की पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। थाना निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को उप निरीक्षक बब्बन यादव, सिपाही चन्द्रशेखर क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की दुष्कर्म से वांछित अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम लखनीपुर लौकहवा मोड़ के पास खड़ा किसी साधन का इन्तजार कर रहा है। पुलिस बताए गए जगह पर पहुंचकर अभियुक्त की घेराबंदी कर ली। कृष्ण कुमार ने भागने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने दुष्कर्म के मामले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक बब्बन यादव ने बताया कि कृष्ण कुमार पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम लखनीपुर थाना ललिया दुष्कर्म के मामले में वांछित थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

बलरामपुर, संवाददाता। हत्या के मामले में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम राजेश भरद्वाज ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को एक लाख रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा। जुर्माना न देने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी ने बताया कि रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया हुसैन निवासिनी नसीब बानों ने 21 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई, आरोप लगाया कि गांव के ही इम्तियाज अहमद ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पति आफताब अहमद को चाकू से गोदकर मार डाला है। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीले प्रस्तुत कीं। अभियोजन पक्ष की ओर से घटना के समर्थन में छह गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने इम्तियाज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी गई विदाई

बलरामपुर। उपनिरीक्षक आत्माराम अवस्थी को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने उपहार देकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। एसपी कार्यालय के उप निरीक्षक आत्माराम अवस्थी ने निष्ठा, ईमानदारी से कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए। यह बातें एएसपी ने कही।

# मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण से परेशानी

उतरौला, संवाददाता। नगर में अतिक्रमण की समस्या गंभीर होती जा रही है जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है, जिसके चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालांकि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन यह कार्यवाही केवल कागजों तक ही सीमित रही। नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है।

अतिक्रमण के लिए सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों के साथ-साथ ऑटो रिक्शा चालकों की भूमिका भी कम नहीं है। दुकानदार सड़क के पटरियों पर कब्जा जमाकर अपने सामान को फैलाए रहते हैं, जिससे पैदल चलने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



सड़क पर अतिक्रमण के चलते उतरौला चौराहे पर लगा जाम

इसके अलावा, ऑटो रिक्शा चालक भी जहां-तहां अपने वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऑटो चालकों द्वारा बेतरतीब ढंग से यात्रियों को उतारने और बैठाने के कारण सड़कों पर अव्यवस्था फैल जाती है। मुख्य बाजार, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, अंबेडकर चौराहा, सब्जी मंडी तथा फल मंडी जैसे प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण के कारण यातायात जाम रोजमर्रा की समस्या बन गई है। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं, जिससे न केवल उनके समय की बर्बादी होती है बल्कि उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न होती है।

# ओडिशा से शव लाए गए, अंतिम संस्कार

गौरा चौराहा। उड़ीसा मार्ग दुर्घटना में मारे गए जिले के दो शवों को उनके पैत्रिक आवास पर लाकर सोमवार को अन्त्येष्टि की गई। लोगों ने दोनों लोगों को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

स्थानीय थाना क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक लोग तीर्थ यात्रा पर गए थे। उन्हें पिपरा निवासी राजेश मिश्रा हर साल क्षेत्र वासियों को तीर्थ यात्रा पर ले जाते थे। जगन्नाथ पुरी से लौटते समय उड़ीसा के बालासोर जिला के जालेश्वर थाना क्षेत्र में बस पलटने से राजेश मिश्रा व बेलहसा निवासिनी कमला देवी की मौत हो गई थी। दस अन्य क्षेत्रीय लोग घटना में घायल हुए थे। सोमवार को राजेश व कमला देवी का शव उनके पैत्रिक आवास पर लाया गया। राजेश के बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। दुर्घटना के समय बड़ा बेटा तुषार भी उनके साथ था। तुषार ने बताया कि बस पलटने के दौरान ऐसा लगा था कि सभी लोग काल के गाल में समा गए।

# पानी कम होते ही राप्ती ने कटान तेज की, एक दर्जन गांव खतरे में

## सदर तहसील के ढोंढरी, मुजहनी व टेंगनहिया गांव पर सबसे अधिक खतरा

**बाढ़ का कहर**

बलरामपुर, संवाददाता। राप्ती नदी का जलस्तर सोमवार को खतरे के निशान को छूकर वापस लौट आया। नदी का जलस्तर घटने से जिले में बाढ़ की स्थिति तो कम उत्पन्न हुई, लेकिन नदी के कटान का सिलसिला जोरों से शुरू हो गया। राप्ती तटवर्ती करीब दो दर्जन गांव के पास तेजी से कटान कर रही है। सबसे अधिक खतरा सदर तहसील के ढोंढरी, मुजहनी व टेंगनहिया गांव पर है। प्रशासन की ओर कटान को रोकने का कोई समुचित उपाय अब तक नहीं शुरू किया गया है। वहीं नदी का जलस्तर घटने से जिले वासियों ने राहत की सांस ली है।

पिछले तीन दिनों तक हुई झमाझम बरसात एवं नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण राप्ती नदी का जलस्तर दो दिन पूर्व बढ़ना शुरू हुआ। सोमवार दस बजे तक नदी खतरे के निशान 104.620 मीटर से मात्र दो सेमी नीचे पहुंचकर रुक गई। दोपहर बाद नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटना शुरू हुआ है। नदी एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से घट रहीं है। जलस्तर घटते ही नदी ने तेजी से कटान शुरू कर दी है। सदर तहसील के ढोंढरी, जमालीजोत, मुजहनी, जबदही, टेंगनहिया मानकोट, गुलामपुरवा, सरदारगढ़, मदारा, गौरी समेत दर्जन भर गांवों के समीप नदी कटान करते पहुंच गई है। कटान के डर से ग्रामीण भयभीत हैं। प्रशासन की ओर से कटान को रोकने का कोई उपाय न शुरू होने से तटवर्ती गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही नदी ने गांव की ओर कटान करना शुरू कर दिया था। कटान से प्रभावित गांव के लोगों ने जन प्रतिनिधियों सहित जिले के उच्चाधिकारियों से मिलकर कटान को रोकने की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन की ओर से कटान को रोकने का कोई उपाय शुरू नहीं किया गया। कटान प्रभावित गांव के लोगों का कहना है कि यदि नदी कटान का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो जल्द ही सरदारगढ़ गांव के पास प्राथमिक विद्यालय नदी में समा जाएगा। टेंगनहिया के ग्रामीण नूरुलहुदा, अकरम, गोली, सहाबुद्दीन व मंशाराम ने बताया कि नदी गांव के एकदम समीप पहुंच गई है। सदर एसडीएम संजीव कुमार यादव ने बताया कि नदी का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। सभी लेखपालों को तटवर्ती गांव में भ्रमणशील रहकर बाढ़ व कटान की सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया है।



टेंगनहिया मानकोट गांव के पास कटान कर रही राप्ती नदी

### कटान न रुकी तो कई घर समा जाएंगे नदी में

सदर तहसील के ढोंढरी गांव पर कटान का खतरा अधिक बढ़ा हुआ है। कल्लू अंसारी के घर से नदी मात्र दस फीट की दूरी पर कटान कर रही है। यदि कटान नहीं रुका तो जल्द ही कल्लू अंसारी का घर नदी में समा जाएगा। मुजहनी गांव की ओर भी नदी ने कटान का रुख कर लिया है। ढोंढरी के ग्रामीण शहनवाज अंसारी, सलीम, मुस्तकीम, नूरैन आदि ने बताया कि राप्ती हर साल सैकड़ों बीघा कृषि योग्य भूमि के साथ-साथ लोगों के आशियाने निगल जाती है।

ढोंढरी से जमालीजोत जाने वाला मार्ग पिछले वर्ष ही कटान की भेंट चढ़ गया था। नदी कटान को रोकने के लिए पिछले वर्ष लगभग दो करोड़ रुपए बाढ़ खंड ने खर्च किए। मानक विहीन काम होने के कारण कटान की समस्या दूर नहीं हो सकी। इस बार बरसात शुरू होते ही ढोंढरी गांव की ओर नदी ने तेजी से कटान शुरू कर दी थी। ग्रामीणों ने कई बार सदर एसडीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कटान को रोकने का कोई उपाय नहीं किया गया।

# तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई, लगेगा प्रतिबंध

संसू, जागरण● तुलसीपुर (बलरामपुर): तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने बात कही। कहा कि ध्वनि प्रदूषण विधेयक 2000 के नियमानुसार डीजे बजाया जाएगा। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि टांडा से आए डीजे के ऊपर कार्रवाई की गई है।

एसएचओ अशोक सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा विसर्जन के जो रास्ते पहले से निर्धारित हैं। उसी रास्ते से विसर्जन जुलूस निकलेगा। कोई भी नई परंपरा अथवा नये रास्ते की शुरुआत नहीं की जाएगी। नशीले पदार्थ का सेवन किए हुए यदि विसर्जन जुलूस में कोई पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। वाइब्रेशन व ईको वाले डीजे नहीं बजाना है।

कहा कि नगर के करीब 200 से अधिक लोगों ने तेज डीजे बजने पर रोक लगने को लेकर प्रार्थनापत्र दिया है। ईओ प्रवीण कुमार दुबे ने बताया कि विसर्जन के दौरान प्रत्येक चौराहे पर जनरेटर से हाईमास्ट जलेंगी। दिलीप, अरुणदेव, मो. उमर, प्रदीप, महेंद्र, महेश आदि मौजूद रहे।

# लाइक, फॉलोअर बढ़ाने के चक्कर में न पड़ें, रहें सतर्क

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से मदरलैंड पब्लिक स्कूल में हुई पुलिस की पाठशाला, छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से सोमवार को मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर सिसुनीपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि लाइक और फॉलोअर बढ़ाने के चक्कर में युवा साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। कहा कि अंजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने से बचें। लाइक और फॉलोअर के चक्कर में न पड़ें, सतर्क रहें और सुरक्षित रहें।

एंटी रोमियो टीम की दीपिका पांडेय ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर 112 नंबर डायल करें।

दस मिनट में पुलिस आप तक पहुंच जाएगी। कहा कि डरने की नहीं, बल्कि खुलकर बात करने की जरूरत है। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रबंधक मीना कश्यप, इंद्र बहादुर सिंह, दीपक शर्मा, कल्पना कश्यप आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शिवानी पाठक, पूजा साहू, कोमल मौर्य, आराधना मिश्रा व मंजू सोनकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सवाल पूछने वाली वैष्णवी वर्मा, अदिति यादव, कुनैन मलिक, अंकुश, पुनीत व प्रगति मौर्य को सम्मानित किया गया।



बलरामपुर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार। संवाद



बलरामपुर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में आयोजित पुलिस की पाठशाला में अतिथियों के साथ मौजूद विद्यार्थी। संवाद

### अंजान लिंक पर न करें क्लिक

साइबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जागरूकता से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी किसी को न दें, एटीएम पिन को हमेशा बदलते रहें, ऐसा पिन न रखें जो आसानी से अनुमान लगाया जा सके। किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। अनजान नंबर से आने वाले किसी भी लिंक को ओपन न करें। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन करके बैंक डिटेल्स नहीं मांगते हैं।

-डॉ. जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी

### अंजान व्यक्ति से न करें दोस्ती

आजकल युवा बिना किसी पूछताछ या बातचीत के फेसबुक पर आई हुई किसी भी रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लेते हैं, जबकि ऐसी रिक्वेस्ट साइबर अपराधियों द्वारा भी भेजी जाती है। इसलिए फेसबुक आदि पर दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में अच्छे से जानना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी के इस दौर में सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है।

- अतुल गौरव, प्रधानाचार्य, मदरलैंड पब्लिक स्कूल

# अपर पुलिस अधीक्षक ने दी उपनिरीक्षक को विदाई



रिजर्व पुलिस लाइन में एसआइ आत्माराम अवस्थी को सम्मानित करते एएसपी योगेश कुमार ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

बलरामपुर : अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक आत्माराम अवस्थी को सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित समारोह में एएसपी ने उपनिरीक्षक के सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, लगन एवं ईमानदार का बखान करते हुए माल्यार्पण कर उपहार दिया। उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव मौजूद रहे। (जासं)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित कृष्ण कुमार निवासी ग्राम लखनीपुर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज था। उसे लौकहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

## बताए हेल्पलाइन नंबर

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यूपी डायल 112, इमरजेंसी सेवा 181 आदि की जानकारी दी गई। (जासं)

# करुण चीत्कार के बीच शवों का अंतिम संस्कार

## उड़ीसा दुर्घटना के तीर्थयात्रियों का शव पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

जागरण टीम • बलरामपुरः जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा से लौट रही यात्रियों से भरी बस उड़ीसा के बालासोर के जलेश्वर थाना क्षेत्र में पलट जाने से बस में सवार गौरा चौराहा के पिपरा गांव निवासी राजेश कुमार मिश्र व बेलहसा गांव की कमला देवी की मौत हो गई थी। सोमवार की भोर शवों के घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। करुण चीत्कार के बीच शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

गैंसड़ी ब्लाक के बेलहसा की मृतका कमला देवी का शव सोमवार को भोर में करीब चार बजे इटवा थाना से प्राप्त करके परिवारजन घर बेलहसा ले आए हैं। मृतका के पुत्र रामसागर यादव ने बताया कि सोमवार को सुबह 11 बजे सभी छह भाई में सबसे छोटे भाई राकेश यादव ने मुखाग्नि दी है। शव सुरक्षित रखने के लिए विस्कोहर बाजार से रविवार को ही बाडी चिलर लाया गया था। अन्य सामग्री की खरीदारी करके सभी तैयारियां पहले से ही की गई थीं। पिता राम पुद्दन भी घायल हैं। चोट लगने के बाद कुछ आराम मिलने के कारण वह घर आ गए हैं। परिवार के लोगों को ढांढस बंधाने के लिए गांव के स्वामीनाथ यादव, काशीराम यादव, सुनीता देवी, माया देवी, पुष्पादेवी, ज्ञानमती मौजूद रहीं। उधर, पिपरा गांव निवासी राजेश मिश्र का शव भोर में पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी पुष्पा देवी समेत सभी का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। मृतक के भाई अवधेश ने बताया कि सुबह सात बजे अंतिम संस्कार कर दिया गया।



गैसड़ी ब्लाक के बेलहसा गांव में मृतका कमला देवी की अन्त्येष्टि में शामिल स्वजन व ग्रामीण • जागरण

### हत्या करने वाले सगे भाई को उम्रकैद

संसू, जागरण • बलरामपुरः अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या के मामले में सगे भाई को उम्रकैद के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपार शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि थाना रेहरा बाजार के ग्राम बंजरिया हुसैन खास निवासी आफताब को चाकू से गोद कर उसके भाई इम्तियाज अहमद ने हत्या की थी। प्राथमिकी थाना रेहरा बाजार में 21 जून 2022 को दर्ज कराई गई। अभियोजन की ओर से घटना के संबंध में छह गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर झूठा मुकदमा लिखाया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। प्राथमिकी विलंब से दर्ज कराई गई है सरकारी वकील ने तर्क दिया कि हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल हथियार अभियुक्त की निशानदेही पर बरामद किया गया है। जज ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक लाख 10 जुर्माना से दंडित किया। एक लाख मृतक की पत्नी को देने के निर्देश दिए।

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी विदाई

बलरामपुर। उप निरीक्षक आत्माराम अवस्थी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। एएसपी योगेश कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में उन्हें उपहार भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# हत्या करने वाले सगे भाई को उम्रकैद

संसू, जागरण • बलरामपुर : अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या के मामले में सगे भाई को उम्रकैद के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपार शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि थाना रेहरा बाजार के ग्राम बंजरिया हुसैन खास निवासी आफताब को चाकू से गोद कर उसके भाई इम्तियाज अहमद ने हत्या की थी। प्राथमिकी थाना रेहरा बाजार में 21 जून 2022 को दर्ज कराई गई। अभियोजन की ओर से घटना के संबंध में छह गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर झूठा मुकदमा लिखाया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। प्राथमिकी विलंब से दर्ज कराई गई है सरकारी वकील ने तर्क दिया कि हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल हथियार अभियुक्त की निशानदेही पर बरामद किया गया है। जज ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक लाख 10 जुर्माना से दंडित किया। एक लाख मृतक की पत्नी को देने के निर्देश दिए।

# दोनों श्रद्धालुओं का हुआ अंतिम संस्कार

## ओडिशा में बस पलटने से हुई थी मौत, जिले के 10 लोग घायल भी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरा चौराहा (बलरामपुर)।** ओडिशा में बस पलटने से जान गंवाने वाले तीर्थ यात्रियों का अंतिम संस्कार सोमवार को गमगीन माहौल में किया गया। लोगों ने नम आंखों से तीर्थ यात्रियों को अंतिम विदाई दी।

### गंभीर रूप से घायल तीन श्रद्धालु अस्पताल में भर्ती

तुलसीपुर एसडीएम अभय सिंह ने बताया कि सोमवार की भोर बस पहुंचने पर सात घायलों की स्थिति सामान्य मिली, उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं ग्राम मिश्रौलिया निवासी रामधनी यादव, उनकी पत्नी मिथना यादव व ग्राम गिरगिटही निवासिनी मूला यादव की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

18 सितंबर को गौरा चौराहा व पचपेड़वा थाना क्षेत्र के 20 से अधिक लोग जगन्नाथपुरी की यात्रा करने गए थे। जगन्नाथपुरी में दर्शन करने के बाद वह लोग बस से घर लौट रहे थे। शुक्रवार की रात बस ओडिशा प्रांत के जालेश्वर थाना क्षेत्र में पलट गई थी। हादसे में गौरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार निवासी राजेश कुमार मिश्र व ग्राम बेलहसा निवासिनी कमला देवी की मौत हो गई थी। घटना में गौरा चौराहा व पचपेड़वा थाना क्षेत्र के 10 तीर्थ यात्री घायल हो गए थे।

ओडिशा सरकार की तरफ से मृतकों के शव तथा सभी घायलों को घर भेजने के लिए एंबुलेंस व बस की व्यवस्था कराई गई थी। रविवार की मध्य रात्रि में बस व एंबुलेंस शव व घायलों को लेकर घर पहुंची। शव पहुंचने की सूचना मिलते ही मृतकों के घर कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतकों के घर सांत्वना देने वालों की भीड़ जुट गई। सोमवार की सुबह दोनों मृतकों के घर से शव की अंतिम यात्रा निकाली गई।

कमला देवी की अंतिम यात्रा में गैसड़ी विधायक राकेश कुमार यादव के साथ भारी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार बड़े पुत्र राम सागर यादव ने बेनीनगर गांव के पास स्थित अपने खेत में किया। इसी तरह राजेश कुमार मिश्र का अंतिम संस्कार उनके पुत्र तुषार मिश्र ने पिपरा बाजार गांव के पास स्थित शमशान घाट पर किया। इनकी अंतिम यात्रा में भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# हत्यारे भाई को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

**बलरमपुर।** मजदूर की हत्या के मामले में सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या के मामले में दोषी सगे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को एक लाख पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

थाना रेहरा बाजार के ग्राम बंजरिया हुसैन खास निवासिनी नसीम बानो ने 21 जून 2022 को थाने पर प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप लगाया था कि उसके पति आफताब को सगे भाई इम्तियाज अहमद ने चाकू से गोद कर मार डाला। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू की। विवेचक ने इम्तियाज अहमद से घटना में शामिल चाकू बरामद किया और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने निर्दोष बताते हुए साजिशन फंसाए जाने की दलील दी।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने इम्तियाज अहमद को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने अवैध चाकू रखने का दोषी करार देते हुए इम्तियाज अहमद को तीन वर्ष की कैद व 5000 रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाई।

# मिलावटी शराब बेचने में चार पर केस

बलरामपुर। सादुल्लाहनगर बाजार स्थित विदेशी मदिरा की दुकान में आबकारी विभाग की टीम ने बीते दिनों छापा मारा था। दुकान में अनुज्ञापी के स्थान पर दूसरा व्यक्ति शराब बेचते पाया गया था। दुकान से मिलावटी शराब भी बरामद हुई थी।

आबकारी निरीक्षक उतरौला अलंकार सिंह की तहरीर पर सादुल्लाहनगर थाने में अनुज्ञापी त्रिभुवन व बेटे विजय वर्मा निवासी तालागंज ग्रंट कोदई घाट गोंडा, अनूप कुमार निवासी देवरिया इनायतपुर थाना सादुल्लाहनगर व सूरज सिंह निवासी ग्राम कोयलरा कोतवाली देहात बलरामपुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# धारदार हथियार से युवक पर हमला

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर के गोविंगद बाग निवासी फैजान खान ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि 28 सितंबर की रात को करीब 11 बजे वह अपने दूसरे घर पर बच्चों को खाना देने जा रहा था, तभी रास्ते में डब्लू की दुकान के पास एक युवक ने उसे रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक उसने धारदार हथियार से फैजान पर हमला करके घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह से बचाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। (संवाद)

## ■ नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ललिया (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि ललिया थाना की पुलिस ने लौकहवा मोड़ के पास लखनीपुर निवासी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

## ■ घायल को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**बलरामपुर।** सड़क किनारे बेहोश पड़े व्यक्ति को यूपी 112 की पीआरवी (पब्लिक रिस्पांस व्हीकल) की टीम ने अस्पताल में भर्ती कराया है। एएसपी योगेश कुमार ने सोमवार को बताया कि उतरौला कोतवाली के ग्राम बाघाजोत के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की सूचना मिलने पर टीम को भेजा गया था। युवक का इलाज चल रहा है। (संवाद)

# किसान की बाइक चोरी

**बलरामपुर।** गैसड़ी कोतवाली रजडेरवा थारू गांव निवासी जगदीश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि वह सुबह बाइक से खेत देखने गया था। वापस लौटने पर उसकी बाइक गायब मिली। इस पर पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज किया है। (संवाद)

# अभियान चलाकर होगी वाहनों की जांच

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों से लोगों को जागरूक करने के लिए दो से 16 अक्तूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। एआरटीओ बृजेश यादव व यातायात प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि बुधवार से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू हो रहा है। 16 अक्तूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान सरकारी प्राइवेट बस, ऑटो,ई रिक्शा चालकों व उनके यूनियन के पदाधिकारियों को यातायात नियमों की सही जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# एक किलो चरस के साथ युवती गिरफ्तार

रुपईडीहा। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने एक नेपाली युवती को एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि इस महिला को उनके व पुलिस की महिला सिपाहियों ने जांच की। उसकी कमर में सेलो टेप से चिपके 4 पैकेट बरामद हुए।

# भूमि विवाद में हमलावरों ने बरसाई लाठियां, तीन घायल

बहराइच, संवाददाता। भूमि विवाद में रविवार देर शाम कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक लाठी डंडे से लैस हमलावरों ने ताबड़तोड़ लाठियां भांजी। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के दौरान लोगों में भगदड़ व अफरा-तफरी मच गई। हमलावर जान माल की धमकियां देते हुए फरार हो गए। दहशतजदा पीड़ितों को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को मटेरा सीएचसी भेज दिया गया।

मटेरा थाने के समोखन निवासी मोहम्मद कलाम पुत्र वारिस अली की गांव के ही कुछ लोगों से भूमि विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार की शाम छह बजे गांव के ही शमसुद्दीन व कलाम में कहासुनी हो गई। इसी दौरान लाठी डंडों से लैस आधा दर्जन हमलावरों ने कलाम पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। उसे बचाने आया भाई सलमान को पीटना शुरू कर दिया। घायल सलमान जोर से चिल्लाया जोर जोर से आवाज आई मौके पर पहुंचे तो सिर पर काफी चोट लगने से घायल होकर बेहोश हो गया। एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई। हमलावरों से पीड़ितों को बचाने के बजाय दहशतजदा लोगों में भगदड़ मच गई।

हिन्दुस्तान

# प्रतिबंधित मवेशी का मांस बरामद

रुपईडीहा। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के जिला बांके की नरैनापुर गांव सभा वार्ड नं 2 बेचुवा ग्रामवासी निबरी शेख के घर से 30 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। निबरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के जवानों ने गुप्त सूचना पर शेख के घर में छापा मारकर एक बोरे में 30 किलो प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशी का मांस बरामद कर लैब टेस्टिंग के लिए नेपालगंज के पशु चिकित्सालय लाया गया है। कुछ मांस टेस्टिंग के लिए रोककर शेष नष्ट कर दिया गया।

हिन्दुस्त

# हादसों पर अंकुश को नेपाली ट्रैफिक की अनोखी पहल

रुपईडीहा, संवाददाता। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के जिला बांके की पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने रात में चौपायों के घायल होने व वाहन दुर्घटना रोकने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। छुट्टा घूम रहे इन चौपायों की वजह से सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी को लेकर नेपालगंज की पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पोस्ट फुलटेकरा के संयुक्त अभियान के तहत छुट्टा घूम रहे चौपायों के गले में रिफ्लेक्टिव स्टिकर बांधे जा रहे हैं।

ट्रैफिक पुलिस कर्मी रविवार की रात नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 6 फुलटेकरा से लेकर वार्ड नं 4 सल्यानी बाग तक छुट्टा चौपायों के गले रिफ्लेक्टिव स्टिकर बांधते देखे गए। रात में सवारियों की लाइट में ये रिफ्लेक्टिव स्टिकर चमक उठते हैं। जिससे जानवरों की स्थिति का पता लग जाता है। पहली बार ऐसा प्रयोग नेपालगंज में 25 चौपायों पर किया गया। बांके जिले के एसपी तुल बहादुर कार्की ने बताया कि यह प्रयोग आगे भी जारी रहेगा। यदि भारतीय क्षेत्रों में भी इसे शुरू किया जाए, तो हादसों में चौपायों व जनहानि में कमी आ सकती है।



गोवंश को स्टिकर बांधता नेपाली ट्रैफिक पुलिस कर्मी।

हिन्दुस्तान

# पुरानी रंजिश में हमलावरों ने हमला कर की मारपीट

- तैनात आशा, उसके बेटे व बेटी और भाई घायल
- मोतीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया

बहराइच, संवाददाता। शराब पीकर गांव में तैनात आशा के मकान के बाहर खड़े होकर गाली गलौज कर हंगामा काट रहे लोगों से कहासुनी होने पर हमलावरों ने लाठी, डंडे, फावड़े के डंडों से हमला कर दिया। जिससे हमले में महिला, उसके बेटे, मायके आई बेटी व भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को थाने ले जाने पर चिकित्सकों ने आशा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मोतीपुर थाने के सर्रा मुंदरी के मजरे लालापुरवा गांव की सुमन त्रिवेदी (39) पत्नी रोहित कुमार दीक्षित की गांव के ही धन्नी राम से पुरानी रंजिश चली आ रही है। सुमन की बेटी लखीमपुर थाने के रेऊसा थाने महेश पुर की प्रीति पत्नी सुभाष मायके आई हुई है। रविवार रात प्रीति, उसका भाई सूरज, मामा गुड्डू भोजन कर रहे थे। इसी दौरान धन्नी आदि आधा दर्जन लोग नशे की हालत में सुमन के दरवाजे के पास खड़े होकर गाली गलौज कर रहे थे। गुड्डू ने बाहर निकल कर एतराज पर अचानक हमलावरों ने उस पर फावड़े के वेट, लाठी डंडे से हमला कर दिया।

हिन्दु

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

बहराइच। अवैध शराब रखने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत हुजूरपुर पुलिस ने इसी थाने के भटपुरवा पातूपुर भटपुरवा से राजन सिंह पुत्र अर्जुन सिंह व राजेश सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी थाना हुजूरपुर को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसमें राजन के पास से 20 पाऊच व राजेश के पास से अट्ठारह पाऊच झूम शराब बरामद हुई। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गयाहै। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया युवकों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान

### अब तक सबसे बड़ा तेंदुआ आया सामने, सात साल का नर तेंदुआ बताया जा रहा

# बाघ सरीखा तेंदुआ देखकर गांव वालों संग डीएफओ भी रह गए दंग

**हड़कंप**

**बहराइच, संवाददाता।** ककरहा रेंज से लगे मैकूपुरवा गांव के किसान को शिकार बनाने वाला तेंदुआ बाघ सरीखा निकला। पिंजड़े में कैद तेंदुए को देखकर डीएफओ भी दंग रह गए हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा तेंदुआ सामने आया है। भले ही तेंदुए के हमले बताए जा रहे थे, लेकिन मृतक किसान के गले पर बने दांतों के घाव को लेकर विभागीय अधिकारी भी बाघ का हमला ही मानकर जांच कर रहे थे, लेकिन तेंदुए के पकड़ में आने के बाद भ्रम दूर हो गया है।

मैकूपुरवा के किसान 40 वर्षीय कन्धई उर्फ कन्हैया लाल पर रविवार को दोपहर तेंदुए ने हमलाकर दिया था। इस हमले में उनकी मौत हो गई थी। शरीर व गले में जबड़े के निशान से यह लग रहा था कि बाघ ने ही शिकार किया है। वन्यजीव विशेषज्ञ भी इस पर संशय में रहे। सोमवार की भोर करीब तीन बजे पिंजड़े में कैद हुए तेंदुए को देखकर लोग दंग रह गए हैं। सात वर्ष आयु वर्ग का तेंदुआ देखने में बिल्कुल बाघ सरीखा लग रहा है। डीएफओ ने बताया कि घटना को लेकर वह भी तेंदुआ व बाघ के फेर में फंसे थे, लेकिन तेंदुए को देखकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। चिकित्सकीय परीक्षण में तेंदुआ स्वस्थ पाया गया है। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद छोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।



पिंजरे में कैद तेंदुआ।

## दस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी

डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि तेंदुए के हमले में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई है। जल्द ही अन्य औपचारिकताएं पूरी कर पांच लाख रुपये की अहेतुक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में कर्तनियाघाट के डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि तेंदुआ बहुत बड़ा है। हमले को इसी ने अंजाम दिया है। चिकित्सकीय परीक्षण में स्वस्थ पाया गया है। उच्चाधिकारियों के ओदश के बाद इसे छोड़ने का फैसला किया जाएगा।

## ट्रांस गेरुआ छोड़ा गया हमलावर तेंदुआ

बहराइच। हमलाकर किसान का शिकार करने वाले पिंजड़े में कैद तेंदुए को दो चिकित्सकों की टीम ने ककरहा रेंज में स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण में स्वस्थ पाए जाने के बाद पूरे प्रोटोकाल का पालन करते हुए उसे ट्रांस गेरुआ में छोड़ दिया गया है। डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि फील्ड डायरेक्टर के निर्देश पर यह फैसला किया गया है। ग्रामीणों को भी जंगल से लगे खेतों में अकेले न जाने का सुझाव दिया जा रहा है।

## तालाब किनारे डेरा जमाए मगरमच्छ

**बहराइच, संवाददाता।** चहलवा गांव के निकट स्थित तालाब में एक मगरमच्छ तीन महीने से डेरा जमाए हुए है। इससे गांव के लोग दहशत में हैं। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए लगातार ग्रामीण वन विभाग से मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कतर्नियाघाट सेंचुरी से लगे गांवों में जलीय जीवों का भी खतरा बना हुआ है। चहलवा गांव में पिछले तीन महीनों से एक मगरमच्छ ने तालाब में अपना ठिकाना बना रखा है। अक्सर तालाब के पास आने वाले मवेशियों को मगरमच्छ निवाला बना लेता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मगरमच्छ अक्सर सन्नाटे में घरों के पास और रास्तों पर भी आ जाता है। जिससे कई लोग उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे हैं। गांव में दर्जनों मुर्गी और बतखों का शिकार भी किया है। बावजूद इसके रेस्क्यू को लेकर वन विभाग की ओर से अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।



तालाब के किनारे बैठा मगरमच्छ

# त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने को प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

## शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटने की चेतावनी

जासं ● बहराइच : श्रीदुर्गापूजा मूर्ति विसर्जन एवं दशहरा को शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। पर्व पर शांति व सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटने की चेतावनी दी गई।

जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने आयोजकों से अपेक्षा की है कि पूजा स्थलों एवं पंडालों में आस्था के साथ-साथ सुरक्षा के मानकों का कड़ाई के साथ अनुपालन किया जाए। पूजा स्थलों को सीसी कैमरे के साथ अग्निशमन उपकरणों से भी सुसज्जित रखा जाए।

जिला प्रशासन के लिए सुरक्षा व्यवस्था शीर्ष प्राथमिकता का विषय है, किसी भी दशा में जनहानि नहीं होने दी जाएगी। डीएम व एसपी ने कहा कि सभी आयोजक मां दुर्गा की प्रतिमाओं की ऊंचाई एवं जुलूसों में डीजे की हाइट एवं ध्वनि के स्तर को मानक के अनुसार रखा जाए। आपत्तिजनक गानों को न बजाया जाए। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे नशे की हालत में जुलूस में शामिल न हों। विसर्जन घाटों पर नावों के साथ गोताखोरों की व्यवस्था रखी जाए। विसर्जन मार्गों का निरीक्षण कर ढीले व जर्जर तारों तथा खस्ताहाल बिजली के खंभे को दुरुस्त करा दिया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने आयोजकों को सुझाव दिया कि यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए वालेंटियर्स को तैनात कर दें। समाजसेवी मनोज गुप्त, निशा शर्मा, जफर उल्ला खां बंटी, सुदामा प्रसाद मिश्र, दीपक सोनी, धर्मेंद्र गुप्त, पिंटू गुप्त, राजीव निगम आदि ने बिजली, पानी, सफाई, विसर्जन मार्गों, विसर्जन स्थलों, घाट की आवश्यक मरम्मत के साथ-साथ सभी प्रबंध कराए जाने के सुझाव दिए। संचालन अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम आलोक प्रसाद, दिनेश कुमार, राकेश कुमार मौर्या, अखिलेश कुमार सिंह, अश्विनी पांडेय, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों संग बैठक करतीं डीएम मोनिका रानी ● जागरण

### आपसी सौहार्द से मनाएं दुर्गापूजा व दशहरा का पर्व

जागरण टीम ● बहराइच : शांति समिति की बैठकों में लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। अराजकता फैलाने पर कार्रवाई की हिदायत दी गई। कहा गया कि नई परंपरा की शुरुआत नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही नशेड़ियों को पूजा पंडाल में प्रवेश न देने का आह्वान किया गया।

कैसरगंज : थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आलोक प्रसाद ने की। संचालन प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने किया। एसडीएम ने कहा कि विषम परिस्थितियों में पुलिस एवं प्रशासन सहयोग करें। विसर्जन जुलूस में टैक्टर का उपयोग न करें, जिससे दुर्घटना पर रोक लगाई जा सके। इस मौके पर प्रभात सिंह, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, बुद्धिसागर मौजूद रहे।

# मैकूपुरवा गांव में खूंखार तेंदुआ पिंजरे में कैद

## रविवार को एक व्यक्ति को मार डाला था ग्रामीणों की नाराजगी पर लगाया गया था पिंजरा

संसू, जागरण • मिहींपुरवा(बहराइच) : ककरहा रेंज में किसान पर हमला करने वाला तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रेंज कार्यालय लाया गया है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के ग्राम पंचायत धर्मापुर बेझा के मजरा मैकूपुरवा निवासी कंधई पर रविवार को तेंदुआ ने हमला कर मार डाला था। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी थी। गांव के लोग तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने की मांग कर रहे थे। गांव के लोगों की नाराजगी को देखते हुए वन विभाग ने रात में पिंजरा लगा दिया था।

इसके बाद उसमें बकरी को शिकार के लिए बांध दिया। बकरी के शिकार करने के चक्कर में सोमवार की भोर तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। उसे वन विभाग की टीम रेंज कार्यालय लेकर आई।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ बी. शिवशंकर ने बताया कि तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर अधिकारियों के आदेश पर जंगल या चिड़ियाघर भेजा जाएगा। इस दौरान सीओ हीरालाल कनौजिया, कोतवाल अमितेंद्र कुमार सिंह, रेंजर डीपी कनौजिया, वन दारोगा अशोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। प्रधान रामचंद्र यादव, अमिरका प्रसाद ने बताया कि इससे पहले कई घटनाएं हो चुकी हैं।

**तेंदुए ने नीलगाय का किया शिकार** : तेंदुए के पिंजरे में कैद होने के कुछ देर बाद बगल में ही देवनपुरवा में किसी वन्यजीव ने नीलगाय को मार डाला।



वन विभाग के पिंजरे में कैद तेंदुआ • जागरण

# प्रधान प्रतिनिधि के भाई पर हमला

खुटेहना : ग्राम परसिया आलम के प्रधान प्रतिनिधि शब्बीर अहमद ने बताया कि क्रिकेट खेलते समय बच्चों के विवाद हो गया। इसको लेकर दबंगों ने उनके भाई नासिर की पिटाई कर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। (संसू)

# 37 साल बाद मिली गैर इरादतन हत्या में पांच वर्ष की सजा

जागरण संवाददाता • बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार ने गैर इरादतन हत्या के आरोपित को दोष सिद्ध ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामला 13 जुलाई 1987 समय तीन बजे दिन का है। थाना फखरपुर के अकबरपुर बुजुर्ग गांव में नरसिंह उर्फ बैदा सिंह व आरोपित गयाबख्श सिंह, हनुमान सिंह, सुमिरन, श्रीराम, लल्लन सिंह, रज्जाक, गुल्ले के बीच मारपीट शुरू हो गई। इतने में नरसिंह के भाई रामसिंह आ गए।

उन्होंने आरोपितों का सामना किया। सभी ने एकजुट होकर कांता और लाठी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सभी

## अदालत से

• सुनवाई के दौरान छह आरोपितों की हो चुकी है मौत

सातों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

फखरपुर के पैरोकार अमरेंद्र यादव ने गवाह, चिकित्सक, एक्स-रे टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट व हेड कांस्टेबल को सम्मन तामील करार बयान दर्ज करवाया। मामला करीब 37 साल चला। सुनवाई के दौरान आरोपित गयाबख्श सिंह, सुमिरन, श्रीराम, लल्लन सिंह, रज्जाक व गुल्ले की मौत हो गई। इस कारण से इनका मुकदमा समाप्त कर दिया गया। आरोपित हनुमान सिंह को गैर इरादतन हत्या में दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।



# शराब बरामद

हुजूरपुर : थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र ने बताया राजन सिंह व राजेश सिंह निवासी भटपुरवा पातूपुर को चेकिंग के दौरान भटपुरवा से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।(संसू)

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

चित्तौरा: हेमारिया निवासी चंद्रिका प्रसाद भैंस चराकर घर वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने इनको जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। (संसू)

## अभियुक्तों की जमानत याचिका निरस्त

**अदालत से**

**बहराइच।** थाना कोतवाली नानपारा के ग्राम बुधवा निवासी असलम कुरैशी व सलमान कुरैशी के खिलाफ थाने की पुलिस बालिका के साथ छेड़छाड़ व जानलेवा हमला करने के आरोप में जुलाई 2024 में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को अभियुक्तों के अधिवक्ता की ओर से विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कविता निगम की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। कोर्ट पर जमानत याचिका का अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने अपना विरोध जताया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।(संवाद)

# छह बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

शिवपुर(बहराइच)। नानपारा नगर क्षेत्र में श्रमपरिवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में नाबालिग बच्चों से दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कार्य कराने वालों की दुकानों पर छापामारा। इस दौरान टीम ने लकी इलेक्ट्रानिक्स से शमीम, फैशन हाउस की दुकान से नबी अहमद को, बाइक की दुकान से नसीम को, कादिर ऑटो सर्विस की दुकान से हसीब अली, शमशेर ऑटो सर्विस से सफीकुर्रहमान व सुहेल को मुक्त कराया गया। श्रम परिवर्तन अधिकारी ने बताया कि मुक्त कराए बाल श्रमिकों को जिला चिकित्सालय ले जाकर सभी का मेडिकल परीक्षण कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज राजाबाजार रामसुधार यादव, बूथ स्टाफ पुष्पा सोनी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**बहराइच।** जिले में तैनात उपनिरीक्षक उत्तम, मूलचंद्र, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार व शकील अहमद सोमवार को सेवानिवृत्त हुए। जिस पर एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने सभी को अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक व ट्रॉली बैग देकर सम्मानित किया। (संवाद)

## 38 पाउच अवैध शराब के साथ दो धरे गए

**हुजूरपुर।** थाना प्रभारी अनिल मिश्रा ने बताया कि भटपुरवा पातूपुर निवासी राजन सिंह व राजेश सिंह को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। राजन के पास से बीस पाउच व राजेश के पास से 18 पाउच शराब बरामद हुई है। (संवाद)

## 90 शीशी नेपाली शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बहराइच।** थाना प्रभारी शीला यादव ने बताया कि गुलहरिया गंगापुर निवासी संजय कुमार, अड़बड़वा निवासी त्रिभुवन व मजगवां निवासी जोगी के पास से 90 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद हुई है। तीनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच।** दरगाह थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना पर बक्शीपुरा क्षेत्र से कोदही निवासी शिवम पाठक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# 30 लाख की चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला तस्कर

रूपईडीहा(बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा पर जांच के दौरान रविवार की रात एसएसबी व पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। संयुक्त दल ने कमर में चरस बांधकर ला रही एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक किलोग्राम चरस बरामद की। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगासिंह उदावत ने बताया कि रविवार की रात एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम रूपईडीहा चेक पोस्ट पर जांच कर रही थी। इस दौरान नेपाल से आ रही एक संदिग्ध महिला को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कमर में चार पैकेटों में बंधा एक किलोग्राम चरस बरामद हुआ। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। महिला की पहचान नेपाल के बागलुङ जिले के निसि गांव निवासी जिवन कुमारी घर्ती के रूप में हुई। (संवाद)

है है। ■ जी मिचलाना, उल्टी व दस्त होना भी जांची गईं। (संवाद) तहरीर दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। में

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

## शांति समिति की बैठक में व्यवस्था को दुरुस्त कराने पर हुआ मंथन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। आगामी होने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण व भाईचारा के माहौल में मनाने का आह्वान किया गया।

डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ला ने आयोजकों से कहा कि पूजा स्थल व पंडाल में आस्था के साथ सुरक्षा के मानकों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराएं। उन्होंने कहा कि पूजा स्थलों को सीसीटीवी कैमरों व अग्निशमन उपकरणों से तैयार रखें। डीएम व एसपी ने आयोजकों से कहा कि माता दुर्गा जी की प्रतिमा की ऊंचाई जुलूस में डीजे की हाइट व ध्वनि का स्तर उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही रखें।

जुलूस व पूजा स्थलों पर आपत्तिजनक गाना कतई न बजाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वह नशे की हालत में जुलूस में न शामिल हो। डीएम व एसपी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विसर्जन मार्ग का भ्रमण कर ढीले व लटक रहे विद्युत तारों,डैमेज खंबों को दुरुस्त कराएं।

बैठक में मनोज गुप्ता, निशा शर्मा, जफरउल्ला खां बंटी, सुदामा प्रसाद मिश्रा, दीपक सोनी दाऊजी, धर्मेंद्र गुप्ता, पिंटू गुप्ता, राजीव निगम ने त्योहारों के दौरान बिजली, पानी, साफ-सफाई, विसर्जन मार्ग आदि व्यवस्थाओं दुरुस्त कराने का सुझाव दिया। बैठक का संचालन एडीएम गौरवरंजन श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीआरओ देवेंद्र पाल, सभी तहसीलों एसडीएम, सीओ, थानों को एसओ, शांति समिति के सदस्य समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पर्व पर न शुरु करें कोई नई परंपरा

**रुपईडीहा(बहराइच)।** दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को लेकर रविवार की शाम रुपईडीहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह बताया कि नगर सहित आसपास के 172 स्थानों पर पूजन पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी। सभी पूजन समितियां इस बात का ध्यान रखें कि शराब पीकर पहुंचने वाले को पंडाल में घुसने न दें। साथ ही किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न करें। आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। अराजक तत्वों पर कार्रवाई के लिए पुलिस लगातार गस्त करेगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य, गुड्डू मदेशिया, मनोज प्रजापति, देशराज वर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# शिकायतों के निस्तारण में लगा दी फर्जी रिपोर्ट

पयागपुर(बहराइच)। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को लेकर जिम्मेदार कितने गंभीर हैं, इसका उदाहरण पयागपुर तहसील क्षेत्र में देखने को मिला। जहां बिजली विभाग ने बिना किसी जांच के शिकायतों पर निस्तारण की रिपोर्ट लगा दी। जानकारी होने पर एसडीएम ने एक्सईएन को पत्र लिखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

एसडीएम दिनेश कुमार ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को भेजे गए पत्र में बताया कि विभाग की ओर से बिना जांच व बिना मौके पर गए ही शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इससे तहसील और जिले की रैंकिंग खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत संख्या 30105224001323, 30105224001327, 30105224001328 का निस्तारण कर दिया गया है, लेकिन जब फोन पर इसका फीडबैक लिया गया तो शिकायत कर्ताओं ने मौके पर किसी भी अधिकारी के जांच करने की बात बताई। जबकि शासन की ओर से जांच आख्याओं में स्पॉट मेमो, जियो टैगिंग फोटो और दो गवाहों का हस्ताक्षर, मोबाइल नंबर और पता लिखने का निर्देश है। इस संबंध में अधिशापी अभियंता विद्युत सत्य नारायण ने बताया कि जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# किसान की जान लेने वाला खूंखार तेंदुआ कैद

## ककरहा रेंज के धरमपुर में किसान को बनाया था शिकार, ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने गांव से सटे खेत में लगाया था पिंजरा

संवाद न्यूज एजेंसी

मिहींपुरवा(बहराइच)। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के धरमपुर गांव में रविवार को कंधईलाल को निवाला बनाने वाला खूंखार तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए को को रेस्क्यू कर रेंज कार्यालय पहुंचाया। जहां स्वास्थ्य परीक्षण के बाद देर रात तेंदुए को ट्रांस गेरुआ के जंगल में छोड़ दिया गया।

कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम पंचायत धरमपुर कंधईलाल(35) रविवार को सुबह मवेशियों का चारा दे रहे थे। इस दौरान उन पर तेंदुए ने हमला कर दिया था और जंगल में ले जाकर उन्हें निवाला बनाया था। कंधईलाल को बचाते समय उनके पिता जगजीवन भी घायल हो गए थे। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश था और ग्रामीण डीएफओ को मौके पर बुलाने को लेकर अड़े थे। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में पांच पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी।

ग्रामीणों के आक्रोश पर वन विभाग की ओर से गांव के बाहर एक पिंजरा लगाया गया था। जहां देर रात बकरी को खाने के लिए पहुंचा तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के कैद होने की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी तेंदुए के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उसे लेकर रेंज कार्यालय चले गए। वहीं ग्रामीणों का दावा है कि अभी भी कई तेंदुए मौजूद हैं और गांव के आसपास घूम रहे हैं। डीएफओ ने बताया कि क्षेत्र में एक और तेंदुआ के मौजूद होने की सूचना मिली है। इसके बाद क्षेत्र में वन विभाग के टीमों की गश्त बढ़ा दी गई है। डीएफओ ने बताया कि जंगल में बारिश का पानी भरा होने के कारण तेंदुए जंगल से बाहर निकल रहे हैं।



कतर्नियाघाट के ककरहा रेंज में वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद तेंदुआ। -संवाद

क्यूआर स्कैन कर देखें संबंधित वीडियो



### पूरी तरह स्वस्थ है 50 किलो का नर तेंदुआ

डीएफओ कतर्नियाघाट बी. शिवशंकर ने बताया कि पिंजरे में कैद तेंदुआ नर है। तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ है और उसका वजन लगभग 50 किलोग्राम है। तेंदुए की उम्र लगभग आठ वर्ष है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तेंदुए को जंगल में छोड़ा जाएगा।

### 21 हमलों में पांच की मौत 19 हुए घायल

मौतें-

- 19 जनवरी को सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा में आयशा 11 वर्ष की मौत
- 1 मई को धर्मापुर रेंज के जलिहा में निवासी शमा उम्र 8 वर्ष की मौत
- 13 जून को धर्मापुर रेंज के धर्मापुर निवासी शहिद उम्र 6 वर्ष की मौत
- 12 जुलाई को मोतीपुर रेंज के मनोहरपुरवा निवासी अरविंद कुमार 13 की मौत
- 29 सितंबर ककरहा रेंज के धरमपुर निवासी कंधई लाल 35 की मौत

घायल-

- 6 फरवरी को मुर्तिहा रेंज के गिरधरपुरवा निवासी सगे भाई बहन अंजलि(08) व अर्जुन(07)
- 14 फरवरी को सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा निवासी अयान(04)
- 15 फरवरी धर्मापुर रेंज के जलिहा में सलमान(03)
- 6 मार्च को सुजौली रेंज के बनकटी निवासी रंजना(10)
- 7 मार्च को कतर्नियाघाट रेंज के सिरसियनपुरवा निवासी संकटा(55)
- 2 मई को कतर्नियाघाट रेंज के घोसियाना निवासी किसान अजीज व वारिस
- 3 मई को मुर्तिहा रेंज के सेमरी घटही निवासी दयाशंकर(38)
- 12 मई को धर्मापुर रेंज के जलिहा में दो सगी बहनों सना (03) व समा(05)
- 9 जून को कतर्नियाघाट रेंज के सिरसियनपुरवा निवासी माधुरी(30)
- 11 जून को निशानगाड़ा रेंज के हजारीपुरवा निवासी मिश्रीलाल(54)
- 15 जून को निशानगाडा रेंज के रमपुरवा कुटिया निवासी सुखराज(11)
- 16 जून को निशानगाड़ा रेंज आजमगढ़पुरवा निवासी बेचू (52)
- 2 जुलाई को मोतीपुर रेंज के चंदनपुर निवासी धुरे(54)
- 3 जुलाई को सुजौली रेंज के रमपुरवा बनकटी निवासी जस करण सिंह(05)
- 25 सितंबर को धर्मापुर रेंज के हरखापुर में मधसुदन
- 25 सितंबर को सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा में सायबा(11)

### तेंदुए ने वनरोज को बनाया निवाला

मिहींपुरवा(बहराइच)। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के बेझा गांव में तेंदुए ने एक वनरोज को अपना निवाला बनाया। बेझागांव धरमपुर गांव में बस कुछ ही दूरी पर है, जहां रविवार को दिन में तेंदुए ने किसान कंधई की जान ले ली थी। वहीं रविवार रात एक तेंदुआ पिंजरे में कैद भी हुआ था। वनरोज पर हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है।

**धरमपुर के पास में ही है बेझा गांव, जहां एक तेंदुआ पकड़ा गया**

बेझा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए ने गांव निवासी नरेश के घर के पीछे लगे गन्ने के खेत में वनरोज को अपना निवाला बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि वह सभी लगातार एक से अधिक तेंदुए होने की बात कह रहे थे, लेकिन जिम्मेदार उनकी बात नहीं सुन रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि एक तेंदुए के पकड़े जाने की सारी खुशी गम में बदल गई है और गांव में दहशत का माहौल है।

डीएफओ बी. शिवशंकर ने बताया कि ग्राम बेझा में तेंदुआ द्वारा वनरोज को निवाला बनाने की सूचना मिली है। मौके पर गश्त बढ़ा दी गई है। तेंदुए को जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र पिंजरा लगाया जाएगा। (संवाद)

# बैठक में पढ़ाया नियमों का पाठ

जरवलरोड। थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने दुर्गा पूजा कमेटियों के पदाधिकारियों से उनकी सम्स्याएं जानी। साथ ही उन्हें शासन व प्रशासन की गाइडलाइन से अवगत कराया। (संवाद)

# महिला ने परिवार समेत किया प्रदर्शन

बहराइच। कोतवाली नानपारा के बंजरिया मोतीसिंह पुरवा निवासी सुमित्रा ने सोमवार को परिवार समेत धरना प्रदर्शन किया। सुमित्रा का आरोप है कि अहिरनपुरवा निवासी कुछ दबंगो ने उसके फूस के छप्पर को उजाड़ दिया और उसकी बेटियों के साथ मारपीट की। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बाद भी दबंगो पर कार्रवाई नहीं हुई। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। महिला ने बताया कि न्याय मिलने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-10-2024

# इकौना के भुतहा गांव में तेजी से कटान कर रही राप्ती



भुतहा गांव में कटान के कारण घर तोड़ते लोग

**इकौना, संवाददाता।** राप्ती नदी की कटान से भुतहा गांव उजड़ रहा है। लोग खुद अपना आशियाना तोड़ रहे हैं। अब तक 50 बीघा खेत काट कर राप्ती गांव के घरों को काट रही है।

विकास खंड इकौना ग्राम मलौना खासियरी का मौजा भुतहा राप्ती नदी की करार पर पहुंच गया है। जहां पर नौनिहालों को शिक्षण के लिए बनाए गए प्राथमिक विद्यालय भुतहा कटान के मुहाने पर पहुंच गया है । इसी विद्यालय के बगल दर्जनों लोगों के पक्के मकान कट रहे हैं। इससे ग्रामीण तोड़कर ईंट ,दरवाजा ,खिडकी तथा घरेलू सामान निकाल कर ट्रैक्टर से दूसरे गांव में शरण ले रहे हैं। विद्युत पोल गिर जाने से गांव की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। ग्रामीण अपनी मोबाइल चार्ज करने के लिए दूसरे गांव में जा रहे हैं। बाढ़ का पानी घटने के बाद कटान तेज हो गई है। ग्राम भुतहा के लगभग 50 बीघा जमीन नदी में समा चुकी है और इसके साथ ही बदलू राम यादव आठ बीघा भूमि, ननकू यादव 15 बीघा, अजय यादव व उनके परिवार की 15 बीघा खड़ी लगी फसल धान की नदी की कटान में समाहित हो चुकी है । ग्रामीणों ने बताया कि रामनिवास, सरबजीत, मिठाई लाल, परमजीत, नीवर, रघुनंदन, इंद्रजीत, विजय, अजय, कोयले वर्मा, जिलेदार, गोमती प्रसाद, बनवारी लाल हवलदार, मतने विश्वकर्मा के पक्के मकान राप्ती नदी के कटान के मुहाने पर पहुंच चुके हैं। इस गांव का प्राथमिक विद्यालय भुतहा भी कटान के मुहाने पर है।

# कल बंद रहेंगी शराब की दुकानें

श्रावस्ती। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि महात्मा गांधी के जयंती पर दो अक्टूबर को सभी शराब व मादक पदार्थ की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि बन्दी अवधि के दौरान यदि जिले में कोई भी देशी, विदेशी शराब की दुकान अथवा भांग की दुकान व बियर खुले पाए गए तो सम्बन्धित दुकानों को सीज कर उनका लाइसेन्स निरस्त किया जाएगा। वहीं डीएम ने बंदी के इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है। वहीं पुलिस अधीक्षक से भी अपेक्षा की है कि इस अवधि में आबकारी दुकानों की बंदी का अनुपालन कराएं जाने के लिए अपने स्तर से भी समस्त थानाध्यक्षों को भी निर्देशित करें।

# घायल वृद्ध की अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत

रतनापुर, संवाददाता। घर से मोबाइल चार्ज करने के लिए निकले एक वृद्ध को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा पाया गया। परिजन वृद्ध को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

- लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई
- सोनवा थाने के ग्राम चौगोई का रहने वाला है वृद्ध

सोनवा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत चौगोई के मजरा कुम्हारन पुरवा निवासी राम जियावन (65) पुत्र राम उदित रविवार शाम को घर से चौगोई चौराहे पर मोबाइल चार्ज करने गए थे। देर शाम को वह गांव के बाहर घायल अवस्था में पड़े थे। लोगों ने देखा तो परिजनों को सूचित किया। मौके पर परिजनों की ओर से घायल को जिला अस्पताल भिनगा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय घायल वृद्ध की रास्ते में मौत हो गई। सोनवा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के लड़के राम दुलारे की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सुरक्षा पर जोर देने का संकल्प दोहराया गया

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को सभी थानों में महिला आरक्षियों की बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षियों को बीट सिस्टम में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी देना व प्रशिक्षित करना रहा।

बैठक के दौरान सभी महिला आरक्षियों को उनके संबंधित बीट आवंटन की जानकारी दी गई और उन्हें जिम्मेदारी दी गई कि वे अपनी बीट में नियमित पेट्रोलिंग करें और क्षेत्र की समस्याओं को समय पर नोट करें। इसके अलावा बीट क्षेत्र की प्रत्येक घटना, समस्या, और समाधान का विवरण तैयार करें। साथ ही महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर देने का संकल्प दोहराया गया।

महिला आरक्षियों को बताया गया कि नियमित रूप से अपने बीट में जाकर स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं से संवाद करें। उनके मुद्दों को समझें और तत्काल सहायता प्रदान करें। मिशन शक्ति के तहत किए जा रहे इस प्रयास का उद्देश्य महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी लाना और उनके प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना है।

# दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिलौला प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय सोमवार को पुलिस टीम के साथ वारंटियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने एक वारंटी छांगुर प्रसाद पुत्र पदारथ निवासी बलगर सिंह पुरवा को गिरफ्तार किया। इसी तरह गिलौला पुलिस ने वारंटी बदलूराम पुत्र दयाराम निवासी बेड़सरी थाना सोनवा को गिरफ्तार किया। दोनों वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सोमवार को सिरसिया थाने की पुलिस अवैध शराब कारोबारियों की तलाश में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने पांच लीटर कच्ची शराब के साथ ही जरवलिया निवासी अन्नू पुत्र चिनकू को व साढ़े पांच लीटर कच्ची शराब के साथ भरथाकला निवासी मुरलीधर पुत्र केशवराम को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जन समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुन कर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिया। इस दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें 03 भूमि विवाद,04 पारिवारिक विवाद व 10 अन्य से संबंधित थे। शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

# साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से बैंकों, एटीएम व ग्राहक सेवा केंद्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंकों के अन्दर तथा बाहर खड़े लोगों से पूछताछ तथा संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों की तलाशी करते हुए बैंक के आस पास खड़े हुए वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने बैंकों आदि में लगे सीसीटीवी तथा सायरन को भी चेक किया। इसके साथ ही पुलिस ने ग्राहकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी।

# कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : सिरसिया पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जरवलिया निवासी अन्नू पांच लीटर व भरथाकला के केशवराम को साढे पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। (वि.)

## दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**श्रावस्ती।** गिलौला व सोनवा पुलिस ने सोमवार क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम बलगर सिंह पुरवा निवासी छांगुर प्रसाद व सोनवा थाना क्षेत्र के बेड़सरी निवासी बदलूराम के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। (संवाद)

# भिनगा नगर में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन ने लगाई रोक

## बिना वैध अभिलेखों के प्लाटिंग न करने की दी चेतावनी

जांस, जागरण • श्रावस्ती : भिनगा नगर में हो रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने शनिवार को पुराने जिला जज आवास के पास अवैध रूप से हो रहे प्लाटिंग का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान पाया गया कि यह प्लाटिंग अवैध लोगों की ओर से अनाधिकृति रूप से बेचा जा रहा है। डीएम ने एसडीएम व ईओ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम व ईओ ने टीम के साथ पहुंच कर बुलडोजर से अवैध प्लाटिंग को तोड़वा दिया।

एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल व ईओ नगर पालिका परिषद भिनगा डा. अनीता शुक्ला ने राजस्व व नगर पालिका की संयुक्त टीम के साथ भिनगा के गौतमबुद्ध नगर वार्ड में पुराने जिला जज आवास के पास, मिठाई लाल गुप्ता भट्ठा के पास व भिनगा-बहराइच फोरलेन पर जिला अस्पताल के आगे समेत विभिन्न स्थानों पर पहुंचे। यहां प्लाटिंग करने वाले व्यक्ति व प्लाटर राजस्व विभाग से भूमि की श्रेणी का बिना परिवर्तन कराए जमीन की खरीद-फरोख्त करते हैं। यह प्लाटर नगर पालिका से वैध मानचित्र और प्लान प्रमाण-पत्र भी नहीं लेते हैं। प्लाटिंग का कार्य अनाधिकृत रूप से करते मिले स्थलों पर प्लाटिंग को टीम की ओर से रोकवा दिया गया। जेसीबी से कार्रवाई भी की गई। एसडीएम ने बताया कि अवैध प्लाटिंग से विक्रय हुए स्थलों पर स्टांप कमी के भी मामलों में वृद्धि होती है। शहरी नियोजन व नागरिक सुविधाओं में समस्या का सामना करना पड़ता है। सभी को बिना वैध अभिलेखों के प्लाटिंग न करने की चेतावनी दी गई है।



भिनगा नगर में बुलडोजर से जोड़ते अवैध रूप से की गई प्लाटिंग • जागरण

• डीएम के निर्देश पर एसडीएम व ईओ ने जांच कर की कार्रवाई

# कल बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**श्रावस्ती।** गांधी जयंती पर दो अक्तूबर बुधवार को जिले में मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बंदी के दौरान यदि जिले में कोई भी देशी, विदेशी शराब, बियर की दुकान या भांग की दुकान खुली मिली तो उसे तत्काल प्रभाव से सीज कर उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। बंदी के दौरान अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल हीं दिया जाएगा। आदेश का कड़ाई से पालन कराने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है। साथ ही एसपी से आबकारी दुकानों की बंदी का अनुपालन कराने के लिए अपने स्तर से सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करने को कहा गया है। (संवाद)

# दो अक्तूबर से मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

श्रावस्ती। वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए दो से 16 अक्तूबर तक जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए एआरटीओ विनीत कुमार मिश्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाना है। (संवाद)

## ■ 10.5 लीटर कच्ची शराब के साथ दो को पकड़ा

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान जरवलिया निवासी अन्नू व भरथा कला निवासी मुरलीधर को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने 10.5 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# शांतिभंग में हुई 14 के खिलाफ कार्रवाई

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से रविवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से 14 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 82 वाहनों का ई चालान कर 10,9500 रुपये का जुर्माना किया। (संवाद)

# सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को दी गई विदाई

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में सोमवार उपनिरीक्षक आरमोरर राम जी चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी घनश्याम चौरसिया ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मी के सेवाकाल के बारे में बताया। साथ ही उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा किया। इस मौके पर एसपी ने उन्हें छाता व स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, आरआई अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (संवाद)